ख़बरों के 67 साल, ख़बरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 24 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 316 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.


- हिन्दू या मुसलमान
- हिंदी के घर हिंदी दिवस — 04
- कनाडा ने कुछ सप्ताह पहले भारत को दी थी...
- जयशंकर ने बताई महिला आरक्षण की... — 09
- दलहन फसलों की बुवाई सुधरी
- व्यापारिक संगठनों, उद्योग निकायों और ... — 11
- भारत बना क्रिकेट की...
- आईसीसी टूर्नामेंट से... — 10


## सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों पर लिया संज्ञान, पूछा-

# आपदा में शवों को कैसे संभालते हैं

-केंद्र सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा

-मॉर्चुरी व श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने पर ली जानकारी

**नई दिल्ली, 23 सितम्बर (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप आपदा की स्थिति में शवों को कैसे संभालते हैं। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कई रिपोर्ट्स में अस्पतालों की मॉर्चुरी और श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने की बात सामने आई थी। तब कोर्ट ने मामले पर खुद से संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी।

कोर्ट ने मामले को द प्रॉपर ट्रीटमेंट ऑफ कोविड-19 पेशेंट्स एंड डिग्नीफाइड हैंडलिंग ऑफ डेड बॉडीज इन हॉस्पिटल्स (कोविड मरीजों का उचित इलाज और अस्पतालों में शवों का सही रखरखाव) नाम दिया था। मामले की सुनवाई शुरू होने के कुछ दिन बाद एक शख्स ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। उसने दावा किया कोरोना के दौरान ना तो मैंने अपनी मां का चेहरा देखा और ना ही उनका अंतिम संस्कार किया। जबकि सच ये है कि उनकी मौत कोविड-19 से नहीं हुई थी। कोर्ट ने उसकी याचिका को भी इसी मामले में शामिल कर लिया।

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए केंद्र से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। बेंच ने कहा कि सरकार हमें हलफनामा दायर कर बताए कि आपदा और गैर-आपदा काल में शवों को संभालने की प्रक्रिया क्या है। इस मुद्दे पर अब नवंबर में सुनवाई होगी। वकील ने कहा कि मेरी प्रार्थना कोविड और गैर-कोविड समय के लिए शव प्रबंधन प्रोटोकॉल के लिए है। कुछ ऐसा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

# समाज में बदलाव लाने के लिए निरंतर काम कर रही सरकार : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिये संकल्पबद्ध है। प्रदेश को परिवार मानकर चिंता करते हैं। मुख्यमंत्री सीहोर के भैरून्दा के ग्राम मण्डी में विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन तथा लोकार्पण के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 312 करोड़ रूपए के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की सौगात दी।

मुख्यमंत्री ने गत दिवस की गई 21 से 23 वर्ष की अविवाहित बहनों को भी लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित करने की बात को दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना से बहनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना से बहनों को घर परिवार के साथ ही समाज में भी सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि मैंने बहनों को पैसे ही नहीं, सम्मान भी दिलवाया है। लाड़ली बहना योजना के तहत मिलने वाली राशि से अब बहने अपनी आवश्यक जरूरतों को पूरा कर रही है। लाड़ली बहना योजना के तहत एक हजार रूपए प्रति महीने मिलने वाली राशि को अब 1250 रूपए कर दिया गया है। हर लाड़ली बहना को 250 रूपए के मान से बढ़ाते हुए 3000 रूपए

>>शेष पृष्ठ 2 पर

## सार संक्षेप

### नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे-उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं।

### नागपुर के कई हिस्सों में बाढ़ की स्थिति

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में कुछ घंटों की भारी बारिश से पूरा क्षेत्र जलमग्न हो गया है। आलम ये है कि पूरे क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। पानी भरने के कारण एक स्कूल में 70 छात्र फंस गए थे,जिन्हे सकुशल बचा लिया गया। मामले पर बोलते हुए महाराष्ट्र उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा, 70 छात्र समेत 400 से अधिक लोगों को बाढ़ की स्थिति में रेस्क्यू किया गया। हालांकि भारी बारिश के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। क्षेत्र में देर रात दो बजे से सुबह चार तक तकरीबन 90 मिमी बारिश हुई। जिसके कारण आस-पास मौजूद घरों और रिहायशी इलाकों में पानी घुस गया। सड़कें और नालों ने रौद्र रुप ले लिया।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-** सुनती हो-दिल्ली पुलिस ने कहा है कि महिला पहलवानों के साथ गलत हुआ है।

**चुहिया-** हां प्रिये- अगर पुलिस कह रही है कि गलत हुआ है तो कार्यवाही में देरी कैसे।

# इंडिया का नाम भारत करना चाहती थी सरकार : राहुल

राजस्थान कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर बोला हमला



**जयपुर, (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने वादा किया कि यदि केंद्र में सरकार आती है तो महिला आरक्षण तत्काल दिया जाएगा। सम्मेलन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा 10 साल बाद इसे लागू करना चाहती है। मोदी ओबीसी वर्ग को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं।

## नारी अभिनंदन कार्यक्रम में बोले मोदी

# कुछ लोगों को 'वंदन' शब्द से दिक्कत



महिलाओं से कांप रही हैं राजनीतिक पार्टियां। -मोदी

**लखनऊ/वाराणसी, देशबन्धु।** लोकसभा व राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने के बाद शनिवार को वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। मोदी ने कार्यक्रम के दौरान विपक्ष को इस बात के लिए आड़े हाथ लिया कि तीन दशक तक इस बिल को लटकाकर रखा गया। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों की एकजुटता और

>>शेष पृष्ठ 2 पर

# महिला पहलवानों के साथ हुआ गलत : दिल्ली पुलिस

## बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर सुनवाई हुई पूरी



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में शनिवार को सुनवाई पूरी हुई।

सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यह दलील दी कि जो साक्ष्य और सबूत मिले हैं वह बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को जब भी मौका मिलता था वह महिला पहलवान की लज्जा भंग करने की कोशिश करते थे। अपनी दलील में दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को पता था वो क्या कर रहे थे।

दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि सवाल यह नहीं है कि पीड़ित लड़की ने कोई प्रतिक्रिया दी है या नहीं, सवाल यह है कि उनके साथ गलत किया गया। दिल्ली पुलिस ने मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं के साथ दिल्ली में डब्ल्यूएफआई के दफ्तर में हुई घटना का जिक्र किया और कहा इन शिकायतों का क्षेत्राधिकार दिल्ली में ही बनता है।

>>शेष पृष्ठ 2 पर

# राजनीतिक दलों से ली जाएगी 'एक देश एक चुनाव' पर राय



- रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक
- सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा।

दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितम्बर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर जल्द से जल्द विचार करने और सिफारिशें देने के लिए दो सितम्बर को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति को अधिसूचित किया था। बैठक को परिचयात्मक बताते हुए इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि इसे रोडमैप पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था कि समिति को दिए गए जनादेश को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

### विपक्ष ने फैसले पर उठाए थे सवाल

विपक्षी गठबंधन ने इस फैसले को देश के संघीय ढांचे के लिए खतरा करार दिया था। समिति में लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य हैं। समिति संविधान, जनप्रतिनिधित्व कानून और किसी भी अन्य कानून और नियमों में विशिष्ट संशोधनों की जांच और सिफारिश करेगी, जिसमें एक साथ चुनाव कराने के उद्देश्य से संशोधन की आवश्यकता होगी।






## मिशन

### ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी में जुटे नासा के वैज्ञानिक

# क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौटेगा ओसिरिस-आरएक्स



**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसियां।** नासा के वैज्ञानिकों की एक टीम ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी कर रही है जो 24 सितम्बर को क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौट आएगा। ओसिरिस- आरएक्स (ओरिजिन्स, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, और सिक्योरिटी - रेगोलिथ एक्सप्लोरर) किसी क्षुद्रग्रह से नमूना एकत्र करने वाला पहला अमेरिकी मिशन क्षुद्रग्रह बेन्नु से सामग्री के साथ वापस आएगा। यह 2020 में क्षुद्रग्रह बेन्नू की सतह से एकत्र की गई अनुमानित 8.8 औंस (लगभग 250 ग्राम) चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, क्षुद्रग्रह नमूना कैप्सूल भारतीय समय के अनुसार रविवार रात 8.25 बजे अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में उतरने वाला है। अंतरिक्ष में सात साल बिताने के बाद मिशन को अब सबसे कठिन चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ रहा है, यानि नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिक्ष यान स्वयं ग्रह के वायुमंडल में प्रवेश नहीं करेगा। यह एक पैकेट गिराएगा।

उसका वक्र पथ इस प्रकार होगा कि वह यूटा रेगिस्तान में उतरेगा। यह नमूना एक कैप्सूल में बंद होगा जो उसे उतरते समय गर्मी, कंपन और संदूषण से बचाएगा। ओसिरिस-आरएक्स मिशन द्वारा लिए गए ये नमूने महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बेन्नू जैसे क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के शुरुआती इतिहास के लिए टाइम कैप्सूल के रूप में कार्य कर सकते हैं। क्षुद्रग्रह का नमूना शोधकर्ताओं को यह जानने में मदद करेगा कि हमारे ग्रह और सौर मंडल का निर्माण कैसे हुआ, साथ ही उन जीवों की उत्पत्ति कैसे हुई जिनके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ। नमूने को ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में रखा जायेगा जहां उसका विश्लेषण होगा। बाद में दुनिया भर के वैज्ञानिकों को विश्लेषण के लिए वितरित किया जाएगा।

# देश-विदेश

## आईएएस अधिकारी दिपांकर का निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी दिपांकर श्री ज्ञान का शनिवार को सुबह यहां निधन हो गया। वह हृदय रोग से पीड़ित थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती थे। श्री ज्ञान इस समय झारखंड भवन में नियुक्त थे। इससे पहले वह केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के तहत आने वाले गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के निदेशक थे। वह केन्द्र और झारखंड सरकार में विभिन्न पदों पर कार्यरत थे। गांधी स्मृति के एक सूत्र ने बताया कि श्री ज्ञान के परिवार में पत्नी और दो बच्चे है।

# डूसू चुनाव में अभाविप ने मारी बाजी

## तीन पदों पर एबीवीपी की जीत, एक पर एनएसयूआई का कब्जा

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं। तीन पदों पर एबीवीपी और एक पद पर एनएसयूआई ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई हितेश गुलिया को 20,345 वोट मिले हैं। तो वहीं एबीवीपी के तुषार डेढ़ा को 23 हजार 460 मत मिले हैं। उपाध्य पद पर एनएसयूआई के अभि दहिया को 22331 वोट और एबीवीपी सुशांत धनखड़ को 20502 वोट मिले हैं। सचिव पद पर एबीवीपी की अर्पिता को 24534 वोट और वहीं एनएसयूआई की यक्षणा शर्मा को 11597 वोट मिले हैं। सह सचिव पद पर एबीवीपी के सचिन बैंसला को 24955 वोट और एनएसयूआई के शुभम कुमार को 14960 वोट मिले हैं।

**चार सेंट्रल पोस्ट के लिए 24 उम्मीदवार**-इस बार यूनिवर्सिटी की चार सेंट्रल पोस्ट के लिए 24 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कांग्रेस से जुड़े नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया, माकपा समर्थित स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और सीपीआई-एमएल (लिबरेशन) से संबद्ध ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने चारों पदों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वाइस प्रेसिडेंट पद पर अभि दहिया जीत गए हैं। इस पोस्ट के लिए सुशांत धनखड़, अनुष्का चौधरी और अंकित भी मैदान में थे। सेक्रेटरी पद पर अपराजिता विजयी रही हैं। यक्षना शर्मा, आदित्य प्रताप सिंह और अदिति त्यागी भी चुनाव मैदान में उतरे थे। जॉइंट सेक्रेटरी पोस्ट पर सचिन बैसला की जीत हुई है। शुभम कुमार चौधरी, अंजलि कुमारी और निष्ठा सिंह ने भी इस पोस्ट के लिए किस्मत आजमाई थी। दिल्ली यूनिवर्सिटी में छात्र संघ के चुनाव 4 साल बाद हुए हैं। आखिरी बार चुनाव 2019 में हुए थे। तब एबीवीपी ने चार में से तीन सीटों पर कब्जा जमाया था।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग दमोह**
E-mailID-eedmohb@mp.gov.in
Phone No.- 07812-223809

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मंडल कॉलोनी मिशन कंपाउंड दमोह स्थित भवन क्रमांक एम.आई.जी. सीनियर-01 श्री हरिगोविन्द पटैल पिता श्री शिवराम पटैल कुर्मी को आवंटित है। श्री हरिगोविंद पटैल पिता श्री शिवराम पटैल कुर्मी के द्वारा मण्डल से विक्रय विलेख उपपंजीयक कार्यालय दमोह से दिनांक 31.03.2003 को करा लिया। श्री हरिगोविंद पटैल पिता श्री शिवराम पटैल कुर्मी ने उक्ति संपत्ति श्रीमती कविता पटैल पति श्री नंदकिशोर पटैल कुर्मी को दिनांक 15.06.2021 को दान पत्र के माध्यम से दान कर दी। इस संबंध में से श्रीमती कविता पटैल पति श्री नंदकिशोर पटैल कुर्मी ने हस्तांतरण हेतु ऑनलाईन आवेदन शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र परिचय पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति इत्यादि इस कार्यालय में प्रस्तुत किया है, यदि किसी व्यक्ति/संस्था या हित रखने वाले वैध उत्तराधिकारी को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी व्यक्ति/संस्था का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

(एम.के. खरे)
संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एव अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग दमोह



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./0747/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वर्षा आनन्दन एवं अन्य/सी.बी. आनन्दन, नि.-म.नं. 756 मढ़ाताल विनीत काम्पलेक्स के पास ने नजूल ब्लॉक नं... प्लाट नं 166/1 निर्मित रकवा/ रकवा 951 व.फु./अवि.हिस्सा.... ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. 29 खसरा नं. 82 रकवा 951 व.फु. विक्रय पत्र दिनांक 29.06.1999 मृत्यु दिनांक... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं.... प्लाट नं.... 166/1 निर्मित रकवा 951 व.फु./ अवि. हिस्सा ... ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. 29 खसरा नं. 82 रकवा 951 व.फु. हनुमानदास गुप्ता/ स्व. हीरालाल गुप्ता के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 26.9.2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 11.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 11.09.2023
पेशी दिनांक 26.09.2023

तहसीलदार
र.नं. 1259 रांझी, जबलपुर



**In The Court of XXI Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur**
**Presiding Officer:**
फरहान मसूद कुरैशी
आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु
(RCS A/0000871/2023)
श्रीमती शाहनी सजी जार्ज.....वादी
Vs
आम जनता.....प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दि.:-28/10/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - आम जनता

यह कि प्रार्थी श्रीमती शाइनी सजी जॉर्ज ने आपके विरुद्ध सिविल सूट ए स्वर्गीय सजी जार्ज के विधिक वारसान घोषित किए जाने बावद दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 5000 रुपये जिस पर उचित निर्धारित न्यायाशुल्क चस्पा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी एंसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठीसीन अधिकारी को अवगत करावें। आज तारीख 20 सितंबर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी - प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ स्वर्गीय सजी जार्ज के विधिक वारसान घोषित किए जाने बावद दावा वास्ते घोषणा हेतु मूल्यांकन 5000 रुपये जिस पर उचित निर्धारित न्यायशुल्क चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(फरहान एम. कुरैशी)
21वें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड जबलपुर (म.प्र.)
र.नं. 1258



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री नारायण प्रसाद तिवारी पिता श्री जगदीश प्रसाद तिवारी उम्र 56 वर्ष एवं श्रीमति राधा तिवारी पति श्री नारायण प्रसाद तिवारी उम्र 54 वर्ष, निवासी म.नं. 157 राजीव गांधी वार्ड विजयनगर जबलपुर म.प्र. से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा अपने पुत्र निखिल तिवारी का विवाह श्री सुरेश मिश्रा जी की सुपुत्री कृति मिश्रा से निवासी भदभदा रोड नीलबड़ डी.पी.एस. स्कूल के पीछे भोपाल म.प्र. से दिनांक 12/02/2023 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ संपन्न कर दिया गया है। यह कि मेरे पक्षकारगणों के पुत्र/ निखिल एवं पुत्रवधू/ कृति के बीच वैचारिक मतभेद होने से मधुर संबंध नहीं है और आये दिन दोनों के बीच लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद की स्थिति बनी रहती है। यह कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा काफी समझाने के बावजूद भी उनके व्यवहार/आचरण में कोई सुधार संभव नहीं है। ऐसी विषम परिस्थिति में निखिल व उसकी पत्नी कृति के असामाजिक आचरण से मेरे पक्षकारगण निरंतर सदमें व चिन्ता में रहते हैं कि कहीं कोई अप्रिय घटना घटित न हो जाये अर्थात मेरे पक्षकारगण अपने पुत्र व पुत्रवधू के चलते अपने ही घर में दासता का जीवन जी रहे हैं और घर परिवार में अशांति का वातावरण व्याप्त है। इस कारण मेरे पक्षकारगण आज दिनांक से अपने पुत्र व पुत्रवधू द्वारा कारित किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इस आशय की आम-सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि निखिल तिवारी व उसकी पत्नी कृति तिवारी द्वारा कारित किसी भी प्रकार की कार्यवाही के लिए मेरे पक्षकारगण (नारायण प्रसाद तिवारी व श्रीमति राधा तिवारी) प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं होंगे, बल्कि उनके द्वारा किये गये सभी कृत्यों हेतु वे स्वयं ही जिम्मेदार होंगे

जबलपुर, दिनांक-23/09/2023

एस.के. मन्नासे अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
कार्यालय/निवास- म.नं. 475 नरसिंह वार्ड होटल गेलेक्सी के पीछे मदनमहल जबलपुर
मोबा. 9926349977 8871449677
र.नं. 1263


## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात


**पश्चिम मध्य रेल्वे**
**इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम.डब्लू-जे.बी.पी-204-2023 दिनांक: 21.09.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर और मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर खंड के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीकरण कार्यों के संबंध में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 52 किग्रा/60 किग्रा/90 यूटीएस/ आर-260 रेल इन-सीटू की वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये:** 2,26,55,310/-, **बयाना राशि रुपये :** 2,63,300/-, **समापन अवधि :** 10 माह, **निविदा सूचना क्रमांक :** डी.आर.एम.डब्लू-जे.बी.पी-205-2023 दिनांक: 21.09.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** जैतवार में टीआरडी डिपो बिल्डिंग की व्यवस्था सभी सुविधाओं सहित (जैसे पानी का बोरवेल, पार्किंग, महिला शौचालय आदि)। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपये:** 1,17,71,968/-, **बयाना राशि रुपये :** 2,08,900/-, **समापन अवधि :** 10 माह, **निविदा सूचना क्रमांक 204 से 205 निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय (15.00 बजे तक) :** 13.10.2023, **निविदा सूचना क्रमांक 204 से 205 निविदा खुलने का समय 15.15 बजे तिथि):** 13.10.2023, उपरोक्त ई-निविदा सपूर्ण जानकारी वेबसाईट https:// ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार AU स्माल फाइनेंस बैंक महानद्दा, जबलपुर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि श्री सुनील कुमार पिता श्री गुलाबचंद जैन निवासी जबलपुर द्वारा अपने हक व कब्जे की अचल संपत्ति जो कि मौजा-मझौली, प.ह.नं. 21 (हल्का-मझौली) स्थित खसरा नं. 362/6 रकवा 1056 वर्ग फीट, तहसील- मझौली, जिला- जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है। श्री सुनील कुमार पिता श्री गुलाबचंद जैन द्वारा उक्त संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों को मेरे पक्षकार AU स्माल फाइनेंस बैंक महानद्दा जबलपुर में बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति बैंक, संस्था आदि को कोई आक्षेप या आपत्ति है तो वह मेरे समक्ष या मेरे पक्षकार AU स्माल फायनेंस बैंक महानद्दा, जबलपुर के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण पेश कर अपना आक्षेप या आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी भी व्यक्ति या संस्था को उपरोक्त संपत्ति के बंधक रखने पर कोई आक्षेप या आपत्ति नहीं है एवं उक्त समयावधि बीत जाने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
स्थान: जबलपुर
दिनांक : 24.09.2023

सौहार्द कुलश्रेष्ठ (अधिवक्ता)
म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर
निवास/कार्या: जैन मंदिर के पास कचनार सिटी के पीछे विजय नगर जबलपुर (म.प्र.)
मो.नं. 94253-85895 8827388855
र.नं. 1257


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई....

पीठ ने कहा कि भारत संघ आपदा और गैर-आपदा स्थितियों में शवों के प्रबंधन के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में हस्तक्षेपकर्ता की याचिका के जवाब में तीन सप्ताह की अवधि के भीतर एक हलफनामा दायर करेगा। इसने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। मई में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि महामारी और गैर-महामारी के समय में शवों के गरिमापूर्ण प्रबंधन के लिए एक समान राष्ट्रीय प्रोटोकॉल की आवश्यकता है। **भारत में 27 जनवरी 2020 को मिला था पहला कोरोना केस**-कोविड से दुनिया में करीब 70 लाख लोग मारे गए। 30 जनवरी 2020 को इसे ग्लोबल इमरजेंसी डिक्लेयर किया गया था। कोविड से सबसे ज्यादा लोग अमेरिका में मारे गए थे। भारत में इसका पहला केस केरल में 27 जनवरी 2020 को मिला था। शीर्ष अदालत एक स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे महामारी के दौरान स्थापित किया गया था, जब अस्पताल के मुर्दाघरों और कब्रिस्तानों और श्मशान घाटों में पड़े शवों के अनुचित प्रबंधन पर कई रिपोर्टें सामने आई थीं। मामले का शीर्षक 'कोविड-19 मरीजों का उचित उपचार और अस्पतालों में शवों का सम्मानजनक प्रबंधन आदि' है। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि हस्तक्षेपकर्ता की मां के शव की अदला-बदली कर दी गई और अस्पताल ने किसी और का शव उसे सौंप दिया। **अस्पताल पर महिला का शव बदलने का आरोप**-सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि मेरे मुवक्किल की मां बदल दी गईं और अस्पताल ने उन्हें किसी और की बॉडी दे दी। बेंच ने हस्तक्षेपकर्ता के वकील से कहा कि आपने जो मुद्दा उठाया है, उसका दो-तीन पेज में शॉर्ट नोट बनाकर पेश करें, जिससे हम उसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भेज सकें। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एक पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एकसंक्षिप्त नोट तैयार करने को कहा ताकि अदालत इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष रख सके।

### समाज में बदलाव लाने....

की राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान भाइयों को प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत केन्द्र सरकार द्वारा 6000 रूपए दिए जाते है, अब प्रदेश सरकार की ओर से भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 6000 रूपए की राशि प्रदान की जा रही है। किसानों को सालाना 12000 रूपए की राशि मिल रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन लोगो को आवास नही मिल पाए है, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबो को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है।

### कुछ लोगों को वंदन शब्द.....

उनकी ताकत के कारण आज राजनीतिक पार्टियां कांप रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े नौ साल में माताओं और बहनों को केंद्र में रखकर सरकार ने काम किया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिला समूहों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने कहा कि हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिमा दिखाने का मौका मिला है। महिलाएं आज देश की तरक्की में भगीदारी निभा रही हैं। वे अपने हुनर से अपने इलाके में पहचान बना रही है। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि काशी माता कुष्मांडा, माता श्रृंगार गौरी, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा की पावन नगरी है। यहां के कण कण में मातृ शक्ति की महिमा जुड़ी है। विंध्यवासिनी देवी भी बनारस से दूर नहीं हैं। काशी नगरी देवी अहिल्याबाई होल्कर के पुण्य कार्यों और प्रबंध कौशल की साक्षी रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवारात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। इस कानून से देश में महिला विकास के रास्ते खुलेंगे।

### महिला पहलवानों..

**कमरे में बुलाया व उसको जबरदस्ती गले लगाया**-दिल्ली पुलिस ने एक महिला पहलवान की शिकायत का जिक्र करते हुए कहा कि तजाकिस्तान में एक इवेंट के दौरान बृजभूषण ने शिकायतकर्ता को कमरे में बुलाया और उसको जबरदस्ती गले लगाया। जब शिकायतकर्ता ने उसका विरोध किया तो बृजभूषण ने कहा कि पिता की तरह व्यवहार किया था, इससे साफ पता चलता है कि बृजभूषण को पता था वह क्या कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस के वकील ने एक दूसरी शिकायतकर्ता की शिकायत का जिक्र करते हुए कहा कि तजाकिस्तान में एशियन चैंपियनशिप के दौरान बिना इजाजत के मेरी शर्ट को ऊपर करके मेरे पेट पर हाथ फेरा और अनुचित तरीके से मुझको छुआ था।


**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स डी.ए. माइंस एण्ड मिनिरल्स, पार्टनर विवेक दुबे डोलोमाईट माइन, खसरा नं. 293,294 एण्ड 295 ग्राम माल्हन, तहसील बडवारा, जिला कटनी, लीज क्षेत्रफल 3.42 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता डोलोमाइट 51,488 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) जिला पंचायत कटनी (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम माल्हन तहसील बडवारा जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एच.आई.जी.-4 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विश्राम बाबा कटनी में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाईट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजिना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 27.10.2023 दिन शुक्रवार को प्रात: 11:30 बजे मेसर्स डी.ए. माइंस एण्ड मिनिरल्स, पार्टनर विवेक दुबे डोलोमाईट माइन, ग्राम माल्हन, तहसील बडवारा, जिला कटनी के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमें भी सुझाव विचार टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी



**बेदखलीनामा (आम सूचना)**

सर्वसाधारण आम जनता को आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गोविंद प्रसाद रजक, उम्र लगभग 59 वर्ष, पिता स्व. श्री घासीराम रजक व उनकी पत्नि श्रीमती संध्या पति श्री गोविंद प्रसाद रजक, उम्र लगभग 57 वर्ष, निवासी- 539/10, उपरैनगंज वार्ड, नजदीक सोहनालाल एंड ब्रदर्स नुनहाई, सराफा बाजार, जबलपुर (म.प्र.) 482002 के निर्देशानुसार अधोलिखित बेदखलीनामा प्रेषित है कि मेरे पक्षकार श्री गोविंद प्रसाद रजक एवं संध्या (पत्नि) संयुक्त रूप से घोषित करते हैं कि मेरे व मेरी पत्नि से कुल तीन बच्चे हैं जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री है जिसमें मेरा बड़ा पुत्र जिसका नाम अमित रजक, उम्र लगभग 33 वर्ष, जिसका विवाह हो चुका है, वह मुझसे अलग रहकर दिल्ली में रहता है और दूसरा बेटा राहुल रजक उम्र लगभग 32 वर्ष, जो राजस्व विभाग जबलपुर में नौकरी करता है, शादी हो चुकी है। मेरे पक्षकार से अलग रहता है, पुत्री कु. प्रीति रजक उम्र लगभग 30 वर्ष अविवाहित है जो कि मेरे पक्षकार से अलग रहती है।

मेरे पक्षकार के बताये अनुसार दोनों पुत्र अमित रजक व राहुल रजक का आचरण व्यवहार मेरे पक्षकार के साथ ठीक नहीं है, वह उन लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार करते हैं, झगड़ते मारपीट करते हैं तथा किसी भी प्रकार का सहयोग नहीं करते हैं। मेरे पक्षकारा दोनों पति-पत्नि इन दोनों पुत्र से त्रस्त हो गये हैं व मेरे पक्षकार ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया है कि अपनी चल व अचल संपत्ति जो कुछ उनके नाम से है उससे अमित रजक व राहुल रजक को बेदखल करते हैं।

मेरे पक्षकार की अन्य जो भी चल-अचल संपत्ति जो भी है उससे भी बेदखल करते हैं। यदि कोई भी व्यक्ति इन लोगों से कोई भी व्यवहार व लेन-देन करता है तो उसके लिए मेरे पक्षकार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी। यह लेख बेदखलनामा मेरे पक्षकार के बताये अनुसार लिखा गया है। यह बेदखलनामा मेरे पक्षकार ने पूर्ण होशों हवास व स्वस्थ मस्तिष्क से, बिना किसी दबाव के संयुक्त रूप से लिख दिया है और गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर कर दिया, जो सनद रहे और वक्त पर काम आवे।

जबलपुर
दिनांक-23/09/2023
अधिवक्ता वास्ते गोविंद प्रसाद रजक एवं श्रीमती संध्या

हर्षवर्धन शुक्ला (अधिवक्ता)
निवास/कार्या.- 190 संजीवनी नगर, जबलपुर (म.प्र.)
मोबा. 9826274922
र.नं. 1262



**कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)**

क्रमांक/2113/लो.नि.वि./ निर्माण/ 2023 | कटनी, दिनांक- 19.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पद देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत रुपये में | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये में एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_309747_1 | कावसजी वार्ड में स्थित डॉ. भीमराव चौक में रंगमंच निर्माण कार्य | 60 days 2,54,235/- | 2,000/- 2,542 | 05/10/2023 |
| 2. | 2023_UAD_309747_2 | गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड क्रं. 7 में झुडले धर्मशाला के साइड में सी.सी. नाली निर्माण | 30 days 95457/- | 2,000/- 1900 | 05/10/2023 |
| 3. | 2023_UAD_309747_3 | गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड क्रं. 7 में सी.सी रोड निर्माण कार्य | 30 days 113152/- | 2,000/- 2,263 | 05/10/2023 |
| 4. | 2023_UAD_309747_4 | इंदिरागांधी वार्ड में स्थित बस स्टेण्ड में आटो शेड निर्माण कार्य | 30 days 387104/- | 2,000/- 3871 | 05/10/2023 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:/mptenders.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते- आयुक्त
नगरपालिक निगम कटनी



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालाघाट**
**ई-टेंडरिंग निविदा आमंत्रण**

बालाघाट जिले के विकासखंडों के ग्रामों में 350/150 एम.एम. डाया के ग्रेव्हल पैक्ड नलकूप खनन कार्य की मुहरबंदर निविदा प्रपत्र ''अ 2.10'' (प्रतिशत दर) में एम.पी. टेण्डर्स पद्धति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो कि एम.पी. टेण्डर्स सिस्टम पोर्टल के http://mptenders.gov.in द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार निविदा प्रक्रिया की जावेंगी।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| ई टेंडरिंग पद्धति क्रमांक | निविदा क्रमांक/ आमंत्रित दिनांक | कार्य की अनुमानित लागत (राशि रु. लाख में) | धरोहर राशि (अर्नेस्टमनी) रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा प्रपत्र क्रय करने की एवं दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | ऑन लाईन खुलने की तिथि | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 2023_PHED_309685_1 | 100/20.09.2023 | 139.38 | 139380/- | 12500/- | 2 माह | 04.10.2023 | 06.10.2023 | लोक निर्माण विभाग में नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन |

निविदा आमंत्रण सूचना, विस्तृत विवरण एवं Key dates की जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
नोट 1. सभी इच्छुक ठेकेदार ई-टेंडरिंग पोर्टल (http://mptenders.gov.in) में पंजीयन करायें। 2. 'निविदा में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। यह संशोधन केवल http://mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किये जायेंगे' निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क क्रेडिट कार्ड, ए.टी.एम.कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेबसाइट पर भुगतान कर केवल ऑन लाईन पर ही क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

जी- 20091/23
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बालाघाट (म.प्र.) (07632-241131)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**
**संक्षिप्त निविदा**
दूरभाष नं. कार्या. 07792-233502 ईमेल-res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक 666/वलेलि/ग्रायांसे/2023 | नरसिंहपुर, दिनांक 18.09.2023

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 03/2023-24**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | सिस्टम टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | विकास खंड | निविदा लागत (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (राशि रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
| 1. | 2023_RES_309052 | सीसी ड्रेनेज कार्य प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोहानी | बोहानी | चॉवरपाठा | 14.65 | 29300 | 2000 | 6 माह | प्रथम |
| 2. | 2023_RES_309053 | तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण माध्यमिक शाला भैसा जनपद पंचायत नरसिंहपुर | भैसा | नरसिंहपुर | 11.38 | 22757 | 2000 | 6 माह | चतुर्थ |
| 3. | 2023_RES_309054 | अतिरिक्त कक्ष निर्माण शासकीय नवीन माध्यमिक शाला टिकटोली | टिकटोली | चीचली | 3.76 | 7520 | 2000 | 4 माह | षष्टम |
| | | महायोग- | | | 29.79 | | | | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स), वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक 23/09/2023 समय सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 29.09.2023 समय 05.30 बजे शाम तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' (कवर-1) एवं कवर- 'स' (कवर-3) ऑनलाइन ही जमा/अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए (पंजीयन की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर की छायाप्रति, परिशिष्ट H) एवं अन्य लिफाफे ONLINE ही स्वीकार किए जावेंगे। निविदाएं दिनांक 02.10.2023 को खोली जावेगी।

निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। सरल क्रमांक 01अंकित कार्य की निविदा क्रमांक 11.04.2022 को जारी राज्य दर अनुसूची अनुसार एवं सरल क्रमांक 2 एवं 3 पर अंकित कार्यों की निविदा 04.01.2019 को जारी राज्य दर अनुसूची के अनुसार आमंत्रित किये जा रहे हैं।

जी- 20066/23
दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग नरसिंहपुर



**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD
आंचलिक कार्यालय: द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक सतना (म.प्र.)- 485001 फोन: 07672-222336

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)**
(Under Rule-8(1) of S[illegible]rity Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस [illegible] ोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम- 8 और 9 [illegible] धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) क प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधार[illegible] जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम- 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन-देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई-इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदारका नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुड़वारा | **ऋणी/बंधककर्ता- (1) श्री महेन्द्र पाल गडारी पिता श्री रूपलाल गडारी,** आवासीय पता- वार्ड नं. 45, रवीन्द्रनाथ टैगोर मार्ग, अमीरगंज, मुड़वारा, कटनी- 483501 **सह- ऋणी- (2) श्रीमति रेनूका पत्नि श्री महेन्द्र पाल गडारी,** वार्ड नं. 45, रवीन्द्रनाथ टैगोर मार्ग, अमीरगंज, मुड़वारा, कटनी- 483501 | सम्पत्ति के सभी भू- भाग भूमि एवं बिल्डिंग सम्पत्ति स्वामी- श्री महेन्द्र पाल गडारी पिता श्री रूपलाल गडारी, स्थित डायवर्टेड खसरा नं. 501/3, एरिया 2000 वर्गफुट स्थित मौजा- इमलिया, एन.बी.- 36, प.ह.नं- 34, आर.आई. सर्किल- पहाडी, तहसील एवं जिला- कटनी (रजिस्टर्ड सेल MP208052021a1026999 डीड नं. दिनांक 08/01/2021)। चतुर्सीमा: उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- प्रस्तावित कच्चा रास्ता, पूर्व- खसरा नं. 501/1 की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि। | 18/03/2023 | 20/09/2023 | रू. 21,64,550/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

दिनांक: 24/09/2023
स्थान- सतना

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# देश-प्रदेश

उ वा च

## अडाणी से भी डरते हैं मोदी



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा वाले अदाणी से डरते हैं। अगर, अदाणी के खिलाफ कोई बोलता है तो माइक बंद हो जाता है, कैमरे हिलने लगते है और अब तो टीवी भी बंद हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के लिए कास्ट सेंसस जरूरी है। इससे पता चलेगा कि देश में कितनी महिलाएं है, कितने ओबीसी हैं सब पता चल जाएगा। मैं पीएम मोदी से मांग करता हूं कि कास्ट सेंसस (जाति जनगणना) कराएं। राहुल ने कहा कि भाजपा वाले बाहना बना रहे हैं। अगर, ये चाहें तो 33 फीसदी सीटों पर आज ही महिला आरक्षण लागू हो सकता है। लेकिन, ये चाहते हैं कि इसे लागू होने में 9-10 साल लग जाएं।

### मुख्यमंत्री ने महापंचायत में की कई घोषणाएं

# पथ विक्रेताओं को 1 लाख तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा

▪ पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड बनेगा ▪ तहबाजारी से मिलेगी मुक्ति ▪ परिचय पत्र बनेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** पथ विक्रेताओं को स्ट्रीट वेंडर योजना 50 हजार रुपए का बैंक ऋण वापस करने के बाद एक लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने कार्य का निंरतर विस्तार कर सकें। उनसे प्रदेश भर में सड़क पर सामान बेचने वाले पथ विक्रेताओं के पहचान पत्र बनाए जाएंगे, उपयुक्त स्थानों पर स्थान चिन्हित कर हाकर्स कार्नर विकसित करेंगे। उनसे कहीं भी तहबाजारी की वसूली नहीं की जाएगी। ये घोषणा आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाल परेड मैदान पर पथ विक्रेताओं की महापंचायत में कही। उन्होंने कहा है कि पथ विक्रेताओं की समस्याओं के समाधान और उनके कल्याण के लिए प्रदेश में पथ विक्रेता कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पथ विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ही प्रधानमंत्री स्वनिधि और मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना लागू की गई है। पथ विक्रेता सम्मानपूर्वक आय अर्जित कर आत्म निर्भर बन सकें, उन्हें ऋण मिलने में परेशानी न हो, इस उद्देश्य से ही यह योजनाएं लागू की गई हैं। योजनाओं का लाभ उठाकर पथ विक्रेता अपनी



गतिविधियों का विस्तार करें, यही राज्य सरकार का उद्देश्य है। योजना के कई हितग्राहियों की आय अपेक्षा से अधिक बढ़ी है। श्री चौहान ने हर गरीब परिवार को आवास उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं क्रियांवित की गई हैं। जो परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना में छूट गए हैं उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना में स्वयं का आवास उपलब्ध कराया जाएगा। बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने, परिवारों के बढ़े बिजली के बिल भरवाने की व्यवस्था भी राज्य सरकार द्वारा की गई है। विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास मलय श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन एवं आवास नीरज मंडलोई तथा अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हितग्राहियों से की चर्चा, व्यंजनों का चखा स्वाद



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महापंचायत में प्रदर्शनी स्थल पर पथ विक्रेता बहन-भाइयों के स्टॉलों पर जाकर उनसे बातचीत की और व्यंजनों का स्वाद चखा और उनसे बातचीत भी की। पर्वत सिंह राजपूत ग्यारह नं. मार्केट के पास यशस्वी टी स्टॉल चलाते हैं, मुख्यमंत्री ने उनके स्टॉल पर जाकर चाय पी, उसका डिजिटल भुगतान कराया और चाय के स्वाद की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जेके रोड पर श्रीराम साबूदाना खिचड़ी सेंटर चलाने वाली सुश्री प्रीति पटेल के स्टाल पर साबूदाना खिचड़ी और नेहरू नगर में ऋषिका मंगोड़ी सेंटर चलाने वाले रवि बगवानिया के स्टाल पर मंगोड़ी का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जहांगीराबाद के विनायक स्व-सहायता समूह, ग्राम सेमरी खुर्द बेरसिया के माँ अम्बे स्व-सहायता समूह, जीरापुर (राजगढ़) की स्ट्रीट वेंडर सुश्री कविता राठोर और रंगई विदिशा के श्री साईं स्व-सहायता समूह के उत्पाद व उनकी मार्केटिंग के संबंध में बातचीत की। हितग्राही श्रीमती प्रियंका जोशी और पिंटू विश्वकर्मा ने अपना अनुभव साझा किया।

### केंद्र और राज्य सरकारों के कामों से मिला आशीर्वाद, पार्टी नेताओं ने कहा-

# भाजपा को मिलेगी अप्रत्याशित सफलता, फिर बनेगी सरकार




**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न अंचलों से निकाली गई 5 जन आशीर्वाद यात्राओं को जनता का भरपूर समर्थन मिला है। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों ने जो काम किए हैं, उनके चलते जनता ने इन यात्राओं को अपना भारी आशीर्वाद दिया है। यात्राओं को मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन से यह साफ हो गया है कि पार्टी को विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित सफलता मिलेगी और प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्रसिंह तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पत्रकारवार्ता में कही। पार्टी नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 सितंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यकर्ता महाकुंभ में इन जन आशीर्वाद यात्राओं का औपचारिक रूप से समापन करेंगे।

#### मुख्यमंत्री ने राहुल, कमलनाथ व दिग्विजय पर साधा निशाना, बोले-

### प्रदेश में कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश

मुख्यमंत्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी, कमलनाथ व दिग्विजय पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी यात्राएं निकाल रही है। हम भी यात्राएं निकालते हैं, एकात्म यात्रा, स्नेह यात्रा, आशीर्वाद यात्रा। कांग्रेस ने तो इन यात्राओं का नाम भी ऐसा रखा है कि जिसे सुनकर मन विचलित हो जाए। कांग्रेस जन आक्रोश यात्राएं निकाल रही है। ये यात्राएं ऐसी हैं, जिनमें कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता एक-दूसरे के प्रति आक्रोश दिखा रहे हैं। कहीं धक्का-मुक्का हो रहा है तो कहीं गोलियां भी चल रही हैं। कमलनाथ इस बात को जानते हैं, इसलिए वो इन यात्राओं से ही गायब हैं। वहीं, दिग्विजय सिंह का तो फोटो भी इन यात्राओं के पोस्टर में नहीं लगाया गया है। श्री चौहान ने राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कोई भी यह अनुमान लगा सकता है कि ऐसी पार्टी जिसका नेता पहियों वाले सूटकेस को सिर पर रखकर चलता हो, उसका भविष्य क्या होगा? श्री चौहान ने कहा कि वास्तव में आक्रोश प्रदेश की जनता में है, कांग्रेस के खिलाफ। 2003 के पहले मि. बंटाढार की सरकार ने प्रदेश की जो दुर्गति की थी, उसको लेकर जनता में आक्रोश है और मि. बंटाढार भी इस बात को मानते हैं। वो कहते हैं कि मेरे जाने से कांग्रेस के वोट कट जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश इसलिए है क्योंकि कमलनाथ की सरकार ने जनहित की योजनाएं बंद कर दी थीं।

### सनातन की आलोचना पर मौनी और वोट के लिए ढोंगी बाबा बन जाते हैं कमलनाथ

श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के इंडी गठबंधन में ऐसे-ऐसे नेताओं और दलों को शामिल किया गया है, जो सनातन की आलोचना करते हैं। गालियां देते हैं, डेंगू, मलेरिया और वायरस कह कर अपमानित करते हैं। लेकिन कमलनाथ ने इन नेताओं के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। वे सनातन की आलोचना पर मौनी बाबा बन जाते हैं और जब वोट लेना हो, तो ढोंगी बाबा बन जाते हैं।

### मप्र को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका : तोमर

चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि 2003 तीन के बाद मध्यप्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया है। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं, जनहित के कामों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। केंद्र और प्रदेश सरकारें मिलकर मध्यप्रदेश में आमूलचूल परिवर्तन करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की सरकार लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए जो प्रयास कर रही है, उनमें रंग भरने का काम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार कर रही है। श्री तोमर ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि डंबल इंजन की सरकार और भारतीय जनता पार्टी मिलकर प्रदेश में फिर से एक बार सरकार बनाने में सफल होंगी।

### गरीब कल्याण के कामों पर जनता ने लगाई मोहर : शर्मा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्राओं में पार्टी को जनता का जो भरपूर आशीर्वाद प्राप्त हुआ है, उसके माध्यम से जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान की सरकारों द्वारा किए जा रहे गरीब कल्याण के कार्यों पर मोहर लगा दी है। गरीब कल्याण के इन्हीं प्रयासों का रिपोर्ट कॉर्ड लेकर पार्टी कार्यकर्ता 65523 बूथों और लगभग 11 हजार शक्ति केंद्रों तक पहुंचे थे और इन्हीं को लेकर हम यात्राओं के माध्यम से जनता के बीच गए थे, जिसे जनता का भरपूर समर्थन मिला है।

उन्होंने बताया कहा कि जन आशीर्वाद यात्राओं का 2500 से अधिक स्थानों पर स्वागत किया गया तथा पार्टी नेताओं ने 750 स्थानों पर रथसभाएं एवं 250 स्थानों पर बड़ी मंच सभाओं को संबोधित किया, जिनमें 1 करोड के लगभग लोगों की सहभागिता रही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के गरीब कल्याण रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से फिर इस बार-भाजपा सरकार के स्टीकर घर-घर में लगाकर इस अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसके माध्यम से हम लगभग 1 करोड़ लोगों तक पहुंचे।

### महापंचायत में युवाओं से बोले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ

# मैं ईमानदारी से नौकरियों में भर्ती का वचन देता हूं



**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** भविष्य अंधेरे में रहेगा, तो वह मध्य प्रदेश के भविष्य का निर्माण कैसे करेंगे? आज में आपको ईमानदारी से नौकरियों में भर्ती का वचन देता हूं। मैं तो कहता हूं जिस सरकार की प्राथमिकता में नौजवान न हो उसे बेदखल कर सत्ता से बाहर कर देना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने इंदौर में आयोजित बेरोजगार महापंचायत को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज भाजपा राज में सुनियोजित सिस्टम से पंचायत से लेकर मंत्रालय तक भ्रष्टाचार की एक व्यवस्था बन चुकी है। प्रदेश में हो रही भर्ती परीक्षाओं में किस तरह से धांधली हो रही है, भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रश्न यह है कि क्या भ्रष्टाचार के सिस्टम से प्रदेश चल सकता है? यह जो भी घोटाले हुए हैं पटवारी घोटाला या कोई और घोटाले हम सभी की जांच करेंगे और शासकीय कर्मचारी से जांच नहीं करवाएंगे, आप युवाओं से जांच करवाएंगे।

श्री कमलनाथ ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के सामने कितनी बड़ी चुनौती थी, फिर भी उन्होंने ऐसा संविधान बनाया, जिसमें सभी का हित और सभी की रक्षा के प्रावधान है। कई देशों ने संविधान की नकल की। मगर यह संविधान गलत हाथों में चला जाए तो क्या होगा? इसलिए मैं कहता हूं कि आप युवा साथी संविधान के भी रक्षक हैं और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखने के लिए आपको इसकी रक्षा भी करना है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मैंने उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश में निवेश करने को कहा तो उन्होंने मुझसे कहा कि मध्यप्रदेश में तो केवल भ्रष्टाचार है। पहले दलाली से ही भ्रष्टाचार शुरू हो जाता है हम 3 साल से जमीन मांग रहे हैं, हमको सरकार ज़मीन ही उपलब्ध नहीं कराती है तो हम कैसे उद्योग लगाए?

### लोग पूछते थे कि छिंदवाड़ा कहां है ?

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इंदौर में लोग पूछते थे कि छिंदवाड़ा कहां है, यह तब की बात है जब कोई छिंदवाड़ा को अच्छे से जानता नहीं था। मैं पहली बार चुनाव लड़ा था और सांसद बना था तब हमने धीमे-धीमे छिंदवाड़ा की पहचान प्रदेश में बनाई। यह मेरा लक्ष्य था, जिसे एक सोच के साथ हमने पूरा किया। आज सबको पता है कि छिंदवाड़ा कहां है।

#### कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियों को भाजपा नेताओं ने लिया जायजा

### केन्द्रीय मंत्रियों और पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं के साथ लगाए झंडे



**भोपाल, देशबन्धु।** पं. दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर 25 सितंबर को होने वाले कार्यकर्ता महाकुंभ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जीपीएस राठौर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ रोशनपुरा चौराहा पर पार्टी के झंडे लगाकर चौराहे की सजावट की, इसके साथ ही आयोजन की तैयारियों का निरीक्षण भी किया।

पार्टी नेताओं ने व्यवस्था में लगे प्रमुख कार्यकर्ताओं और नेताओं से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदीप त्रिपाठी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, सुरेन्द्रनाथ सिंह, मिलन भार्गव सहित जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पात्र बहनों के नामों की सूची सार्वजनिक करे सरकार : मिश्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश की लाड़ली बहनाओं को 450 रू. के गैस सिलेण्डर दिये जाने को लेकर कांग्रेस ने शिवराज सरकार पर छल करने का आरोप लगाया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में इस योजना को आंकड़ों की बाजीगरी बताया।

श्री मिश्रा ने दावा किया कि हमारी जानकारी में अभी तक ऐसी एक भी लाड़ली बहना सामने नहीं है, जिसे 450 या 250 रुपए की रसीद के आधार पर किसी भी गैस एजेंसी ने सिलेण्डर दिया हो। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में की गई इस आधी-अधूरी घोषणा के कारण लाड़ली बहनें परेशान है। क्योंकि 70 फीसदी गैस के कनेक्शन लाड़ली बहनों के नाम पर है ही नहीं। कुछेक स्थानों के आंकड़े तो चौकाने वाले हैं, मुरैना में लाड़ली बहनों की संख्या 3.41 लाख है, जबकि 450 रुपए का सिलेण्डर लेने के लिए आवेदन सिर्फ 957 ही आए हैं। क्योंकि ज्यादातर गैस कनेक्शन उनके पति के नाम पर है। उन्होंने कहा कि भिण्ड जिले में 2.69 लाख से अधिक लाड़ली बहना हैं, जबकि पंजीयन सिर्फ 3 सौ बहनें ही करा पाई हैं। इसी प्रकार छतरपुर जिले में भी 3.36 लाख लाड़ली बहने हैं, जबकि 1.22 लाख के नाम गैस का कनेक्शन ही नहीं है। यह तो सिर्फ बानगी है। ऐसी स्थिति में सरकार झूठे आंकड़े परोसकर सिर्फ चुनावी लाभ लेने की कोशिश में है। श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसी विसंगतियां सामने आ रही है, जैसे लाड़लियों की सास के नाम पर कनेक्शन है तो ऐसे में लाड़ली बहना को 450 रुपए में गैस सिलेण्डर कैसे मिलेगा? इतना ही नहीं 1 सितम्बर 2023 के बाद जो बहनें नया कनेक्शन ले रही है, उन्हें इस योजना से वंचित क्यों किया गया? क्या यह चुनावी स्टंट नहीं है?

# इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे में कोई दिक्कत नहीं



**पटना, एजेंसी।** राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, सारी चीजें 'स्मूथली' चल रही हैं। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि दिक्कतें तो उधर हैं, जहां एक परिवार दो पार्टियों में बंट गया है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग में कोई परेशानी नहीं है। बिहार में तो और कोई झंझट नहीं है। हम लोगों की सीट शेयरिंग अच्छे से हो जाएगी। उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा कि परेशानी तो उधर है। जो लोग उधर गए हैं यानी एनडीए में उनसे ना पूछिए एक परिवार में दो भाग कर दिया गया है, दो पार्टियां बन गई।

तेजस्वी यादव ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान पर भी निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है, इन लोगों का काम ही वैसा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमें पता है कि इन लोगों पर कोई कार्रवाई होने वाली नहीं है। भाजपा में जाइए, जो बोलना है बोलिए, कोई देखने वाला नहीं है।

उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी 2-3 दिन पहले ही कहा था कि आपका आचरण ही आपके बारे में बताता है और देख लीजिये इसके बाद ही उनके सांसद ने किस तरीके से संसद की मर्यादा को तार-तार कर दिया।

## मथुरा के बरसाना में भगदड़, 2 श्रद्धालुओं की मौत, राधाष्टमी पर उमड़ी लाखों की भीड़

**मथुरा।** राधा अष्टमी के मौके पर मथुरा के बरसाना में बड़ा हादसा हो गया। यहां भगदड़ मचने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बता दें, शनिवार को राधाष्टमी के मौके पर बरसाना में लाखों श्रद्धालु उमड़े हैं। इस दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दम घुटने से मौत हुई है। कुछ लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। लोगों का कहना है कि पहले से लाखों लोगों के जुटने की उम्मीद थी। इसके बावजूद प्रशासन अलर्ट नहीं हुआ। मृतक कहां के हैं, इसकी जानकारी फिलहाल नहीं लग सकी है, पुलिस पतासाजी कर रही है।

### हमसफर एक्सप्रेस में लगी आग

**वलसाड, एजेंसी।** गुजरात के वलसाड में बड़ी घटना सामने आई है। यहां के छीपवाड में हमसफर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के जनरेटर कोच में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग पड़ोस की दूसरी बोगी में फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन रोककर सभी यात्रियों को नीचे उतारा गया। जानकारी के मुताबिक, घटना में अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।


**नाम सुधार सूचना**

मैं, आर्मी नं. JC-731355Y सूबेदार भास्कर राव सम्पदाराव पिता-स्व. मल्लेसु, सेना आयुध कोर मे सेवारत हूं एवम वर्तमान में एम.सी.एम.ऐम. जबलपुर में कार्य करता हूं। यह घोषणा करता हूँ कि मेरा नाम BHASKARA RAO SAMPADARAO मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज है जबकि इनके स्कूली दस्तावेज एवं आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम का नाम SAMPADARAO BHASKARA RAO है। अत: मेरा निवेदन है कि मेरे सर्विस रिकार्ड में इसका सुधार किया जाय।

Aff. No. - BL 769762

पुराना नाम
BHASKARA RAO SAMPADARAO
नया नाम
SAMPADARAO BHASKARA RAO

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY N0 13777418P, NK-PRABESH LIMBU, UNIT- 52 RR निवासी VILLAGE- DANGIA BUSTY, POST- RELLING, TEH-DRAJEELING, DISTT- DRA-JEELING, STATE- (WB) PIN-734201 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम KARNA LIMBU मेरी माताजी का नाम TIKA LIMBU दर्ज है जो कि गलत है। मेरे पिताजी का सही नाम KARNA BAHADUR SUBBA एवं मेरी माताजी का सही नाम TIKA SUBBA है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है मेरे पिताजी एवं माताजी के इस नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। vide affidavit on 77AA087305, 77AA087207

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY N0 15711174Y, NK-NAME-RABARI VISHNUBHAI VAS-TARAM, UNIT- 4TTR(HQ 1STC) निवासी VILLAGE- MOTIDAU, POST-MOTIDAU, TEH- MEHSANA, DISTT-MEHSANA, STATE-GUJARAT, PIN-384121 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम RITU दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम RABARI RITU VISHNUBHAI है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पुत्री के इस नाम RABARI RITU VISHNUBHAI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- RITU
सही नाम- RABARI RITU VISHNUBHAI

(विक्रय पत्र)

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र/....../अ-6/2023-2024
जबलपुर, दिनांक 20/09/2023

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. लक्ष्मण प्रसाद पटैल वगै. पिता स्व. चूरामन पटैल निवासी 164 कछियाना लार्डगंज थाने के पीछे जवाहरगंज वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा ...../ ब्लाक नं. 51 प्लाट नंबर 9/2 स्थित भूमि खसरा नंबर ...में से रकवा 1754 वर्गफुट भूमि जो आवेदक द्वारा विक्रेता आम जनता, म.प्र. शासन (फौती नामांतरण)से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक ...... से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6.10.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-20/09/2023
पेशी दिनांक-06/10/2023

तहसीलदार
अधारताल जबलपुर

र.नं. 1261

# साहित्य

■ धर्मवीर भारती

# हिन्दू या मुसलमान

कहानी



सरकारी अस्पताल के बरामदे में 30 लाशें एक कतार में रक्खी हुई थीं। लाशें, नहीं उन्हें लाशें कहना गलत होगा, मगर उन्हें जिन्दा भी नहीं कहा जा सकता था। वे सूखी हड्डियों के मुरदार ढाँचे जिन पर जर्द, झुर्रीदार चमड़ा मढ़ा हुआ था । कलकत्ते की विभिन्न सड़कों से मुरदे उठाकर लाये गये थे इलाज के लिये । उन्हें भूख की बीमारी हो गयी थी और इसीलिये वे चलते-चलते सड़क पर गिर पड़ते थे और धीरे-धीरे दम तोड़ देते थे । हिन्दोस्तान जैसे खराब आबोहवा के देश में जहाँ आये दिन एक बीमारी चल पड़ती है, यह भी एक नयी बीमारी चल निकली थी। झुण्ड के झुण्ड लोग गाँवों से चल पड़ते और चलते-चलते बिना दायीं और बायीं पटरी का ख्याल किये गिर पड़ते और फिर उठने का नाम न लेते। शासकों ने समझा यह सत्याग्रह का कोई नया तरीका है मरने दो; मेडिकल विभाग ने समझा यह मलेरिया की कोई नयी किस्म है जो बंगाल के लिए साधारण बात है। लेकिन बीमारी बढ़ती गयी। जब सड़कों पर पड़ी हुई लाशों की वजह से, मारवाड़ियों की मोटरें, दफ्तर की बसें और फौज की लारियों के आने-जाने में रुकावट होने लगी तो हमारी मेहरबान सरकार को फिक्र हुई, और इसीलिए वे 30 भुखमरे, सरकारी अस्पताल में जाँच के लिए लाये गये और सावधानी से बरामदों में नरम और सीले हुए पक्के फर्शों पर लिटा दिये गये ।

डाक्टर परेशान थे, नर्सें परेशान थीं। यह भी क्या बीमारी है ? और एकदम से तीस नये मरीज ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई। उसने करवट बदली। नर्स आगे बढ़ी और जब उसके पास से गुजरने लगी तो उसने बेबस निगाहें उठाकर नर्स की ओर देखा और बहुत प्रयत्न कर बोला- 'पानी।'

नर्स पल भर को ठिठकी ।

'उहँ, कहाँ तक कोई काम करे सुबह से पोशाक भी तो नहीं सम्हाल पायी हूँ।' वह आगे बढ़ गयी ।

मरीज की प्यासी पसलियों से फिर दर्दनाक कराह उठी- 'पानी ।'

'मरने दो !' नर्स ने कहा। और बगल के कमरे में एक शीशे के सामने खड़े होकर गले में बँधे रूमाल की गाँठ खोलने लगी ।

'पानी ', घुटती हुई आवाज़ बोली। वह अभागा मरीज भी अपनी जिन्दगी और मौत की गाँठ खोलने में व्यस्त था ।

नर्स परेशान थी । गाँठ खुल ही नहीं रही थी। वह आदमी चुप हो गया। नर्स ने अपनी पोशाक ठीक की और चली गयी।

मरीज की कराह बन्द न हुई । बगल की लाश में कुछ हरकत हुई और कम्बल उठाकर एक बुढ़िया ने सर बाहर निकाला। उसके बाद वह उठी और कंकालों की तरह लड़खड़ाते हुए एक टीन के डब्बे में पानी लायी और मरीज के मुँह से लगा दिया। पहला घूँट गले से उतरा मगर दूसरा घूँट हिचकी के कारण नीचे गिर गया। बुढ़िया ने क्षण भर मायूसी से मरीज की ओर देखा और उसके बाद चुपचाप कम्बल के नीचे लुढ़क गयी ।

इतने में नर्स डाक्टर को साथ लेकर लौटी और प्यासे मरीज की ओर इशारा किया। डाक्टर ने स्टेथेस्कोप लगाकर देखा। उस कम्बख्त की प्यास हमेशा के लिए बुझ गयी थी । डाक्टर ने स्टेथेस्कोप हटाया और अजीब आवाज में कहा - 'खतम।'...

फिर जेब से नोटबुक निकाली। घड़ी देखकर टाइम दर्ज किया और नर्स से पूछा - 'यह भुखमरा कहाँ से लाया गया था।'

'सप्लाई आफिस के सामने से ! नर्स ने जवाब दिया।

'हिन्दू था, या मुसलमान ।'

'मालूम नहीं।'

'मालूम नहीं ? अच्छा इसके बगलवाले मरीज से पूछो ?'

नर्स ने बगल वाले मरीज को उठाया। वह नहीं उठा।

डाक्टर ने जूते से कम्बल उलट दिया और डाँटकर कहा- 'उठो ?'

बुढ़िया काँपकर उठ बैठी ।

बरामदे में शान्ति थी । एक सुनसान कब्रगाह की तरह डरावनी खामोशी । मुरदे खामोश थे। एकाएक खटखट की आवाज हुई और एक नर्स बरामदे की सीढ़ियों पर चढ़ती हुई दीख पड़ी। चढ़ने में उसका मोजा नीचे खिसक गया और वह रुक कर उसे ठीक करने लगी। उसके जूतों की खटखट शायद किसी भुखमरे के बेहया दिल से जा टकराई।

'यह आदमी कौन था ?' डाक्टर ने पूछा ।

'हुजूर यह आदमी भूखा था ।'

'भूखा था ? यह कौन पूछता है-ठीक से जवाब दो।' डाक्टर ने डाँटा ।

'देखो ! यह सरकारी काम है ! नर्स ने आहिस्ते से समझाया- 'सरकार यह नहीं पूछती कि यह आदमी भूखा था या प्यासा । सरकार यह पूछती है कि यह आदमी हिन्दू था या मुसलमान ? बोलो अस्पताल के रजिस्टर में दर्ज करना है।'

'मालूम नहीं हुजूर !' बुढ़िया बोली ।

'उहँ जाने दो। अच्छा उधर वाले मरीज से पूछो ?'

उधर वाला मरीज बोला ही नहीं। नर्स ने डाँटकर पूछा तब भी उसने जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह मर चुका था और मुरदों को मजहब की पहचान नहीं होती क्योंकि वे ईश्वर के समीप पहुँच जाते हैं।

डाक्टर एक और नया मुरदा देखकर चिन्तित हुआ। उसने स्टेथेस्कोप लेकर जाँच करनी शुरू की। लगभग इक्कीस भुखमरे मर चुके थे ।

डाक्टर ने अपने सहकारी को बुलाया और कहा ङ्क 'देखो इन बचे हुए भुखमरों को एक-एक तेज इंजेक्शन देकर निकाल दो। वरना ये भी मर जायँगे ।'

'यदि यहाँ नहीं तो बाहर मर जायँगे ! सहकारी ने उत्तर दिया। 'बाहर मरने की परवाह नहीं । यहाँ मरेंगे तो सरकार की बदनामी होगी। और देखो - अखबार को रिपोर्ट दो कि कुल 7 की मौत हुई। बाकी यहाँ लाने के पहले ही मर चुके थे। समझे।' और थोड़ी देर बाद बाकी भुखमरे निकाल दिये गये ।

बुढ़िया बेहद कमजोर थी। वह पाँच कदम चली और बैठ गयी। पेट में जब भूख आँतों को मरोड़ने लगी तब वह फिर उठी और किसी तरह घसीटती हुई आगे बढ़ी।

बगल में एक साबुन की कम्पनी थी जिसके दरवाजे पर एक मोटा दरबान बैठा था । बुढ़िया उसके सामने गयी और हाथ फैला दिये। लेकिन कुछ बोल न पायी। गले में आत्मसम्मान आकर रुँध गया। दरबान ने देखा और एक क्रूर हँसी हँसकर बोला- 'चल ! चल ! आगे बढ़, अगर तू जवान होती तो इज्जत बेचने पर शायद 8-10 पैसे मिल भी जाते- अब किस बिरते पर भीख माँगने आयी है। ढ्ढ चल हट ?'

बुढ़िया की झुर्रीदार पलकों में दो बेहया आँसू झलक गये ।

वह चलने को मुड़ी कि दरबान बोला- 'तुझे खैरात चाहिए । यहाँ खैरात की कमी नहीं। हिन्दुस्तानी तो अपने बाप के मरने पर खैरात करते हैं, फिर जिन्दा लाशों के लिए क्यों न खैरात करेंगे। उधर जा, वहाँ सेठों ने ढाबा खोल रक्खा है।'

बुढ़िया उधर की ओर चली। भोजनालय के द्वार पर बेहद भीड़ थी । हड्डियों के अनगिनत कंकाल प्रेतों की भाँति सूखे हाथ फैलाकर बैठे थे। उबले हुए ज्वार की महक हवा में फैल रही थी। बुढ़िया ने एक गहरी साँस ली जैसे साँसों के सहारे पेट भरने की कोशिश कर रही हो ।

कार्यकर्ताओं ने जुआर की खिचड़ी से भरी हुई एक देग लाकर सामने रक्खी और करछुल से निकालकर जुआर बाँटने लगे। एक हंगामा-सा मच गया। बुढ़िया उठी और कुत्ते को भगाकर देग खिसकाने का व्यर्थ प्रयास करने लगी ।

इतने में एक कार्यकर्त्ता चीखा- 'देखो ! देखो उसने देग छू ली।' 'देग छू ली ! हिन्दू है या मुसलमान ?'

'मुसलमान मालूम होती है।'

'निकाल दो कमबख्त को ?'

बुढ़िया लाञ्छना से पीड़ित होकर उठ गयी। उसका कसूर क्या था ?

वह उठी और सर झुकाकर चल दी।

सामने ही एक दूसरा ढाबा था। उसकी हिम्मत न हुई वहाँ जाने की, लेकिन उस पर चाँद-तारे का एक हरा झण्डा लगा हुआ था । उसको कुछ सान्त्वना हुई और वह वहाँ चली गयी। सामने एक वालन्टियर था । उसने रोका - 'यहाँ सिर्फ मुसलमानों को खाना मिलता है ।

'मैं भी मुस्लिम हूँ' बुढ़िया ने जवाब दिया । 'सामने के ढाबे से खाकर आयी है, काफिर है; साफ काफिर, शक्ल से नहीं देखते।' दूसरा वालन्टियर बोला-

'भाग ! भाग ! यहाँ काफिरों की गुजर नहीं चल हट ?'

बुढ़िया का चेहरा तमतमा गया और चीखकर बोली-

'खुदा के बन्दो ! अल्लाह ने अनाज के दानों पर मजहब की छाप लगाकर नहीं भेजा है। तुम्हारी ओछी बात सुनकर मुझे अपने मुसलमान होने में शरम आती है । '

'पागल है ?' एक बोला-

'भूख से दिमाग खराब हो गया है।'

'अल्लाह काफिरों को ऐसी ही सजा देता है।'

बुढ़िया कहती ही गयी - 'तुम काफिरों को खाना नहीं देते, मत दो। मत दो कमबख्तो ! वह धरती अभी कहीं नहीं गयी जिसने हम सब को बिना मजहब के ख्याल के पैदा किया है। तुम्हारा अनाज लेने के बजाय उसी धरती पर मर जाना मैं ज्यादा पसन्द करूँगी। खुदा तुम्हारा भला करे ।'

और वह हाँफती हुई एक ओर चली गयी।

दूसरे दिन कलकत्ते के एक प्रमुख दैनिक में छपा था- 'बंगाल के इस अकाल में समस्त भारत, प्रान्त और धर्म का भेद-भाव भुलाकर सहायता कर रहा है। मारवाड़ियों और इस्फहानियों, दोनों ने सार्वजनिक भोजनालय खोले हैं। इस सम्बन्ध में हम सरकारी अस्पतालों की मूल्यवान सहायता भी नहीं भुला सकते। हम इन सबके हृदय से कृतज्ञ हैं।'

इसके नीचे एक छोटी-सी नगण्य और महत्त्वहीन खबर छपी थी ।

'यद्यपि सरकारी अस्पतालों के कार्य से भुखमरों की संख्या में भारी कमी है, फिर भी अभी मौतें बराबर हो रही हैं। मुस्लिम ढाबे के नजदीक एक बुढ़िया की लाश पायी गयी है जो ठीक वक्त से अस्पताल न पहुँच पाने के कारण मर गयी।

यह नहीं समझ में आता कि लाश जलायी जाय या दफनाई जाय, क्योंकि यह पहचान नहीं पायी है कि बुढ़िया हिन्दू थी या मुसलमान... ।'

कुछ कही, कुछ अनकही....

## ज़िन्दगी! मिलो ज़रा, फुर्सत से

हैलो ज़िन्दगी। कैसी हो? काफ़ी दिन से दिखी नहीं। फुर्सत से अरसा हो गया, मिली ही नहीं। तबकि मिली हो कायदे से ज़ब कंधे पर बस्ते टाँगे, स्कूल जाते थे हम । यारों के संग। तालाब में गाँव के घंटो नहाते हुए दोस्तों के साथ, ज़ब,सब करते थे ये बात - मैं, सिपाही बनूंगा, मैं, मास्टर बनूंगा, मैं, डॉन बनूंगा। कभी, भूख लगने पर बेझिझक दोस्त के टिफिन का खाना खा लेते थे हम। स्कूल, कॉलेज तक साथ रही जिंदगी, यूनिवर्सिटी में आते ही दोस्तों सी अलग हो गयी। इसके बाद राह चलते कभी दिखी भी तो हड़बड़ी में ही। कुछ कहने की सोचा भी पर,सही वक्त लगा नहीं। सो, कहा नहीं । यूं भी, जल्दबाजी में इश्क़ और तफ़सरा -ए - जिंदगी कहाँ मुमकिन है? कभी आओ न, फुर्सत से ज़ब अकेले किसी भीड़ भाड़ वाली सड़क के किनारे मैं,खड़ा रहूँ। तुम्हारे ही इंतज़ार में। चाय पी के अपनी तन्हाइयों को सिगरेट के छल्ले में गोल -गोल उड़ाते हुए।भीड़ के बीचों बीच,अकेले, भीड़ से दूर। वैसे ही जैसे ट्रैन में मुसाफिरों के बीच मुसाफिर। अपने -अपने स्टेशन के इंतज़ार में। कोई बात नहीं, तुम मिलोगी। जरूर मिलोगी। सबको मिलती हो। मुझे भी मिलोगी। पर, तुम ज़ब चाहोगी। यक़ीनन, ये उतना ही सच है जितना सूरज का रोज़ सुबह उगना। चाँद का रात में चमकना। मुझे,तुम्हारा शिद्दत से इसलिए भी इंतज़ार है क्यूंकि मेरे पास इस वक़्त काफ़ी वक़्त है। तुम्हारे लिए तो ख़ास कर। बेरोजगार हूं। थोड़ा आलसी भी हूं लिहाज़ा इससे अच्छा वक़्त आना अब मुश्किल है। इन दिनों दुनिया ने अपने बेहतरीन अक़्स दिखाए है। हर रिश्ते ने अपने मतलब बताये है। आदमी की हैसियत बतायी है। बयां किया है जरूरतों से बड़ी कोई जरुरत नहीं। सो, इसका ख्याल ऱखने का हुनर सीखा है। पर, अभी भी सलीका नहीं जान पाया हूं। उसे भी तुमसे सीखना है। कुछ ख़ास तरीके का कमीनापन। जिसके दिखाते ही लोग बोल उठें -वाह! क्या अंदाजे बयां है?


- **संजय दुबे**

## समय का उपयोग

रिश्ता जताया नहीं जाता
निभाया जाता है
भले ही दूर हो या पास
प्यार किया नहीं जाता
हो जाता है, हूर हो परी
संबंध बनाये जाते है
तोड़े नहीं जाते
नहीं तो अकेले रह जाते हैं
परिवार को तोड़ा नहीं जाता
जोड़ा जाता है जो
टूट जाता है वो बिखर जाता है
समय को गंवाया नहीं जाता
समय का उपयोग किया जाता
है
गंवा दिया तो पिछड़ जाता है
भाग्य के साथ कर्म भी
किया जाता है बिना
कर्म के भाग्य नहीं सवारा
जाता

- मोहन सुरजन

# बाबू मोशाय जिंदगी बड़ी होनी चाहिए, लंबी नहीं



विगत दिवस हमारे इर्द-गिर्द घटी सुखद घटनाओं ने मेरा यह विश्वास प्रबल कर दिया कि मानव जीवन का सम्मान करने वाले लोग वर्तमान में सचमुच में अल्पमत में नहीं है। विभिन्न राष्ट्रों पर शोध करने वाले राजनीतिशास्त्री , दार्शनिक एवं इतिहासकार इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि अधिकांश लोग ना तो किसी का अहित करते हैं एवं न हीं किसी के अहित करने वाले का समर्थन करते हैं , किंतु ऐसे अधिकांश लोगों में से अधिकांश तटस्थ रहते हैं । तटस्थ लोगों का यह आचरण यदा-कदा खलता भी है कि वे अहितकर्ताओं का पुरजोर विरोध क्यों नहीं करते ? जिसका कोई मत ना हो अथवा जिसकी कोई प्रतिक्रिया ना हो या जो कभी असहमत न हो उसकी सहमती अथवा उसकी किसी भी क्रियाशीलता का कोई औचित्य नहीं होता ।

भारत के चलचित्र जगत के प्रथम सुपरस्टार राजेश खन्ना की फिल्म आनंद (1971) के सुपरहिट डायलॉग जिन्दगी बड़ी होनी चाहिए लंबी नहीं इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं है कि मनुष्य को लंबी जिंदगी नहीं जीना चाहिए अपितु एक लंबी जिंदगी को बड़ा एवं महान रूप प्रदान करने हेतु प्रत्येक मनुष्य को सदैव तत्पर एवम् प्रयासरत रहना चाहिए ।

यह भी तथ्य स्वीकार्य है कि मनुष्य में यह गुण नैसर्गिक अथवा अनुवांशिक होता है किंतु इसे आत्म इच्छाशक्ति से उत्पन्न व विस्तारित भी किया जा सकता है । हाल ही में संपन्न हुए क्रिकेट के एशिया कप फाइनल मैच में जिसमें भारत की टीम ने एशिया कप जीतकर स्वयं को एशिया का चैंपियन प्रमाणित किया है। इस चैंपियन टीम के चैंपियनों के चैंपियन तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका की टीम पर कहर ढा दिया।

एक ओवर में चार विकेट लेकर अपने 07 ओवर में मात्र 21 रन देकर 06 विकेट झटक लिए जिसके कारण उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया । इस पुरस्कार में मिली लगभग चार लाख रुपए की राशि को भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने उन ग्राउंड्स मेन को भेंट कर दिया, जिनके अथक प्रयासों से निरंतर बारिश के चलते बाधित होते मैचों के उपरान्त भी यह टूर्नामेंट सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। इसी अनुक्रम में एक अत्यन्त प्रशंसनीय घटना चक्र का जन्म हमारी नॉर्थ सिविल लाइन स्थित , व्यवहार बाग के समक्ष की समदरिया रेजिडेंसी मे भी हुआ। हमारे परिसर की निवासी श्रीमती शैल अग्निहोत्री जिन्हें हम सभी प्रेम एवं श्रद्धा से शैल दीदी कहते हैं , वे 75 वर्षीय मध्यम परिवार की गृहणी है। उनके पति स्वर्गीय अमोद अग्निहोत्री (1946- 2019 ) भारतीय वायु सेवा में कार्यरत थे । जिनकी दीर्घ कालीय रुग्णता के चलते उनकी सेवा में अपना तन-मन-धन लगाकर शैल दीदी ने अनुकरणीय उदाहरण स्थापित किया है। विगत लगभग दो माह पूर्व शैल दीदी ने मेरी अर्धभागीनी श्रीमती मंजू शर्मा से अपनी भावना प्रकट करते हुए प्रश्न-अंकित मूक एवं बधिर विशिष्ट ( दिव्यांग) बालकों के परीक्षण एवं उपचार हेतु अपनी संचित पूंजी का सदुपयोग करने की इच्छा प्रकट की । अतएव इन दोनों के द्वारा डॉ.सुप्रिया शर्मा के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज की डीन-डॉ.( प्रोफेसर ) गीता गोइन, ई.एन.टी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.कविता सचदेवा एवं डॉ. पिंकी सिंह से संपर्क स्थापित किया एवं निरंतर प्रयास कर उक्त तीनों कुशल चिकित्सकों के परामर्श अनुसार नोएडा,दिल्ली व मुंबई से आवश्यक उपकरण मंगवाने हेतु सम्बंधित इकाईयों से सम्पर्क किया व शैल दीदी द्वारा उन उपकरणों के क्रय हेतु वित्तीय माध्यम से वांछित भुगतान किया। कम्पनियों के विशेषज्ञों द्वारा मेडिकल कालेज जबलपुर के नाक-कान-गला विभाग मे उपस्थित होकर मशीनें फिट की गई एवम् तदोपरान्त श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर दिनांक 19-09-2023 को मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जबलपुर के उक्त ई.एन.टी. ( नाक कान गला ) विभाग में स्व श्री अमोद अग्निहोत्री जी की पुण्य स्मृति में हियरिंग एंड टेस्टिंग बूथ व ईयर मॉडल लैब यूनिट को गरिमामय समारोह मे स्थापित किया गया। शीघ्र ही यह यूनिट पूर्ण रूपेण प्रारम्भ होकर जरुरत मंदो को उचित उपचार उपलब्ध कराकर लाभान्वित करेगी। डीन डॉ.गीता गोइन, ई.एन.टी. विभागाध्यक्ष डॉ.कविता सचदेवा एवं स्पीच थेरेपिस्ट डॉ.पिन्की सिंह द्वारा श्रीमती शैल अग्निहोत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की तथा उनका व श्रीमती मन्जू शर्मा का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सभी ने डॉ सुप्रिया शर्मा के प्रशंसनीय सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

ऐसे परोपकारी उदाहरण इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं कि वेद-उपनिषद देने वाले महान भारत देश में उदारता की गरीबी कभी हो ही नहीं सकती । भारतीय संस्कृति अंततः उदारता की बहुमूल्य संस्कृति है । इस संस्कृति में ही पूज्य आदि शंकराचार्य जी कहते हैं- अग्नि का स्पर्श शीतलता प्रदान करता है। मैं स्वयम भी इस पुनीत कार्य में आवागमनीय सहयोग प्रदान कर व समय समय पर यथा स्थान उपस्थित होकर कार्य सहभागी व साक्षी बनकर धन्य हो गया। शैल दीदी को इस पुनीत कार्य हेतु सादर साधुवाद।

धन रहै ना जोवन रहै, रहे ना गांव न ठांव।
कबीर जग में जस रहे, करिदे किसी का काम।।

**पं. नरेश शर्मा**
राज्य पुलिस सेवा
नगर पुलिस अधीक्षक (से.नि)

# हिंदी के घर हिंदी दिवस

हिंदी दिवस के अवसर पर शहर के प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम स्कूल के कुछ सोशल मीडिया कवि टाइप हिंदी प्रेमी शिक्षक, हिंदी के घर पहुंचे जैसे वृद्ध दिवस पर बेटे-बहू और शिक्षक दिवस पर भूतपूर्व छात्र क्रमशः वृद्धाश्रम और विद्यालय पहुंचते हैं पहुंचाना भी चाहिए क्योंकि जो दिवस जिसके लिए आरक्षित है,कम से कम उस दिन तो उसे याद करना बनता ही है। वरना दिवस बनाने और मानने का औचित्य ही क्या रह जायेगा ! मालूम हो कि हिंदी कभी इस स्कूल की प्रधान हुआ करती थी लेकिन जब से विद्यालय स्कूल बना और अंग्रेजी प्रिंसिपल हुई हिंदी अवशेषी अंग बनकर रह गई और फिर शनै-शनै अनियमित होते-होते एक दिन शाला त्यागी हो गई जैसे घरों में डेढ़ सयानी बहूओं के आने के बाद सासों के साथ होता है।

सुना हैं कि अंग्रेजी पढ़ने-पढ़ाने वाले लोग सभ्य होते हैं, अंग्रेजी ओढ़ते हैं, अंग्रेजी बिछाते हैं, अंग्रेजी खाते हैं, अंग्रेजी पीते हैं, सभ्यता तो वैसे ही आ जाती है, कदाचित इसीलिए यहां के कुछ सुधि शिक्षक हर साल अपने स्कूल की संस्थापक भाषा हिंदी को याद कर लिया करते हैं. जैसे पार्टियों में मार्गदर्शक बनकर बैठे वरिष्ठ नेताओं को गाहे-बगाहे याद कर लिया जाता है. बहरहालहिंदी डे मनाने हेतु वे शॉल,श्रीफल,फूलमाला और प्रशस्ति पत्र लेकर पहुंचे। अपनी मातृभाषा के लिए इतना वार्षिक खर्चा तो बनता है. आजकल सम्मान पर होने वाले खर्च राशि,देने वाले हाथ और स्थान से सम्मान का वज़न तौला जाता है.

हिंदी प्रेमियों ने देखा एक पुराने से कमरे में घर की दादी माँ संस्कृत खाट पर पड़े कराह रही है. दूसरे कमरे में मां हिंदी उदास लेटी है, अपनों की उपेक्षा से संस्कृत की सांस रुद्ध हो रही थी तो हिंदी की हालत हिंग्लिश हो गई थी. सिरहाने और पैताने बोलियां खड़ी हैं. इस चिंता में कि किसी दिन दादी और मां को कुछ हो गया तो हमें घर में कौन पूछेगा ! मां तब तक मायका अब जबकि हिंदी की ही एक बेटी निमाड़ी का उन्नीस सितंबर को जन्मदिन आने वाला है ,लेकिन...! मां खुश नहीं तो कुछ नहीं ओ मां, ओ मां...के बाद भी हिंदी द्वारा हुंकारा तक न दिए जाने से इन हिंदी प्रेमियों को आवत ही हरषै नहीं,नैनन नहीं सनेहवाली फीलिंग हुई, कुछ और बोलते इससे पहले ही एक बोली बतियाने लगी कि मां को साल भर बोलने के बदले एक दिन उन पर बोल कर सब पानी बोल डाल जाते हैं, मां जब विद्यालय जाती थी बहुत खुश थी, कहती अंग्रेजों के जमाने में बहुत दुख झेले। मैं ही नहीं मेरी बेटियां भी दुनिया पर राज करेगी।

अफ़सोस अंग्रेज चले गए मगर अंग्रेजी छोड़ गए. जैसे-जैसे विद्यालय छूटा ,उम्मीद की डोर छूटती गई। वह आप से बात नहीं करना चाहती।

हिंदी के सम्मान की प्रतीक्षा में खड़े हिंदी प्रेमियों ने कहा कि हम हिंदी का दुख समझते हैं,हमें पता है कि वे स्वाभिमानी है। वे नहीं आएंगी तभी तो हम खुद चलकर आ गए। प्लीज उन्हें समझाइये। कुछ देर की तो बात है. यकीन मानिए सालभर डिस्टर्ब नहीं करेंगे। इस बीच हिंदी खुद आ गई। बोली मैं सम्मान के लिए तैयार हूं लेकिन घर बैठे नहीं !मुझे विद्यालय में सम्मानित कीजिये। मुझे मेरे पद पर प्रतिष्ठित कीजिये। हिंग्लिश बन चुकी हिंदी के फिर से स्कूल लौटने की बात पर हिंदी प्रेमियों के होश उड़ गए, कहां तो वे फॉरमैलिटी निभाने आये थे और कहां हिंदी फिर फॉर्म में लौट आई. उन्हें अपने बच्चों और पेरेंट्स के हिंदी-हिंदी हो जाने का भय सताने लगा, वे सम्मान सामग्री वहीं छोड़ उल्टे पांव लौट गए।

■ मुकेश राठौर

# करोड़ों की मूंग में मिला मिट्टी और कंकड़, मचा हड़कंप !

## 6 वेयर हाउसों से मूंग की जांच के लिये सैंपल इकट्ठे, जांच शुरू

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में केंद्र सरकार के प्रधानमंत्री अन्नदाता योजना के तहत 2021-22 एवं 22 23 में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी गई थी। लेकिन इस मूंग में मिट्टी और कंकर मिलने की बात उठ रही है। वहीं खरीददारों ने इसको लेकर शिकायत भी की है। जिसके बाद हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई है, वहीं इससे संबंधित अधिकारी इसकी जांच में जुट गये हैं।

इस संबंध में डीएमओ रोहित बघेल ने बताया कि अभी तक करीब 6 वेयर हाऊसों में जहां करीब 50-55 हजार क्विंटल मूंग रखी है, उसके नमूने जांच के लिये इकट्ठे किये गये हैं। वहीं 4 वेयर हाऊसों में रखी मूंग की जांच भी होना शेष है। उन्होंने बताया कि मूंग उठाव जारी है और मूंग में कंकड़ और मिट्टी की मिलावट का पता जांच पूरी होने के बाद ही लग सकेगा। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत



जबलपुर में एमएसपी पर रबी सीजन 2021-22 एवं विपणन वर्ष 2022-23 में ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी गई, जो की विपणन संघ के गोदाम में भंडारित है। मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति के मार्गदर्शन में मूंग की ई-नीलामी की गई थी।

इसमें पिपरिया के मेसर्स महेश ट्रेडर्स द्वारा कटनी, जबलपुर, रायसेन एवं नर्मदापुरम जिले में भंडार मूंग की मात्रा खरीदी गई। एजेंसी ने वेयरहाउस में रखी मूंग को जब उठना शुरू किया तो पाया कि इस गुणवत्ता बहुत ही खराब है। मूंग में मिट्टी और कंकड़ बड़ी मात्रा में मिले हुए हैं।

मूंग खरीदार ने मूंग की क्वालिटी को लेकर मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ को पत्र लिखकर बताया कि वेयरहाउस में जो मूंग भंडारित की गई है, उसमें मिट्टी और कंकड़ की मात्रा अधिक है, ऐसे में गुणवत्ता विहीन मूंग को हम नहीं ले सकते। बताया जा रहा है कि करीब 77 करोड रुपए की मूंग में कंकड़ व मिट्टी होने की शिकायत की गई है। जिसके लिए अब सरकार ने जांच के आदेश भी दिए हैं। मध्य प्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ के प्रबंध संचालक भंडारित मूंग की गुणवत्ता चेक करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन करने के आदेश दिए हैं।



# भाजपा ने तत्काल खेद प्रकट किया

## नई संसद में सांसद रमेश के बिगड़े बोल पर सांसद राकेश सिंह ने कहा

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकसभा में गुरुवार 21 सितंबर को चंद्रयान पर चर्चा के दौरान दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा से बहुजन समाज पार्टी के सांसद कुंवर दानिश अली को गालियां दीं और अभद्र व्यवहार करने पर सांसद राकेश सिंह ने कहा है कि बीजेपी ने तत्काल खेद प्रकट किया।

उन्होंने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों गिनाने के लिए आयोजित पत्रवार्ता में सांसद रमेश बिधूड़ी की अभद्र भाषा पर सांसद राकेश सिंह ने कहा कि लोकसभा की कार्यवाही के दौरान लोगों ने बहुत सुना नहीं लेकिन इस तरह से कुछ टिप्पणी हुई है, कहा है। मैंने स्वंय खड़े होकर ये कहा था अगर कोई ऐसी टिप्पणी आई हो तो उसे रिकॉर्ड में से हटा दें। आमतौर पर जब कभी ऐसा होता है तो ये स्वाभाविक प्रक्रिया और परम्परा है जब ये कहा जाता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खड़े होकर कहा था कि अगर कोई ऐसी टिप्पणी है अगर है, तो मैं उसके प्रति खेद व्यक्त करता हूं। उसको लेकर तत्काल खेद प्रकट कर कार्यवाही से हटाने की बात हुई भी थी। उन्होंने बताया कि उसके अलावा भी भाजपा ने उसको अपने संज्ञान में लिया और अपने स्तर पर उसमें जो उचित है वो कर रही है। आरक्षण बिल को लेकर सांसद राकेश सिंह ने कहा कि ये महिला सम्मान हमारी संस्कृति में है।

इसके पहले उन्होंने विस्तार से केंद्र और प्रदेश सरकार की तारीफ करते हुए बताया कि जनआशीर्वाद यात्रा में लोगों के समर्थन को देखते हुये कह सकते हैं इस बार विधानसभा चुनाव में 150 सीटें जीतने वाले हैं। जिस तरह फ्लाई ओव्हर, रिग रोड का काम किया जा रहा है। इसी तरह रेलवे स्टेशन को विकसित करने 300 करोड़ खर्च किये जाने वाले हैं। साइंस सेंटर, टूल सेंटर, जियो पार्क का कार्य भी मंजूर है,आईटी पार्क के दो फेस पूरे हो गये हैं। सौ करोड़ की लागत से मदन महल में रानी दुर्गावती का किला संवारा जायेगा।

### फ्लाई ओव्हर के एक हिस्सा का लोकार्पण जल्द

इस मौके पर सांसद ने बताया कि मदन महल गुलाटी पेट्रोल पंप की तरफ फ्लाई ओव्हर बन गया है, जिसका लोकार्पण जल्द किया जायेगा, इसके लिये केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी से आने का समय लिया जा रहा है, स्वीकृती मिलते ही कार्यक्रम के दौरान इसे जनता को समर्पित कर दिया जायेगा, इसी तरह दमोहनाका की तरफ भी तेजी से फ्लाई ओव्हर बनाने का काम युद्ध स्तर पर हो रहा है। जिसका लाभ जनता को मिलने वाला है, करीब एक हजार करोड़ की लागत से प्रदेश का सबसे बड़ा करीब आठ किलोमीटर का फ्लाई ओव्हर जबलपुर के खाते में आया है। जिसके लिये केंद्र सरकार बधाई की पात्र है। इस मौके पर विधायक अशोक रोहाणी, आशीष गोटिया, अंचल सोनकर,प्रभात साहू, अभिलाष पांडे शशिकांत शुक्ला, रिंकू विज आदि शामिल थे।

# जन आक्रोश यात्रा को लेकर कांग्रेस की तैयारियां तेज




**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कमेटी के द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में अलग-अलग संभागों में लगभग 7 जन आक्रोश यात्राएं प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामी उजागर करने निकल जा रही है उसी क्रम में रीवा जबलपुर संभाग की यात्रा पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री अजय सिंह राहुल भैया के नेतृत्व में रीवा से प्रारंभ हो चुकी है ,जो 15 दिन में लगभग 31 विधानसभा क्षेत्र व 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी ।

जन आक्रोश यात्रा जबलपुर जिले में दिनांक 27 सितंबर को प्रवेश कर 30 सितंबर तक जबलपुर की शहरी व ग्रामीण आठो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेगी । जबलपुर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा शहरी क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा आगमन की तैयारी रूपरेखा बैठक आज राइट टाउन स्थित सभागार में सायं 4:00 बजे आयोजित की गई ,जिसमें शहर के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक संगठन मंत्री विंग, विभाग ,प्रकोष्ठ व बाल कांग्रेस के अध्यक्षों के साथ आयोजित की गई।

जिसमें जन आक्रोश यात्रा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण रणनीति पर विचार के साथ प्रत्येक कांग्रेस जन की भागीदारी सुनिश्चित करने विचार मंथन किया गया ।इस अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री जगत बहादुर सिंह अन्नु ने अपने उद्बोधन में कहा जन आक्रोश यात्रा का संदेश हर मतदाता तक पहुंचायेगे। शिवराज और भाजपा की लूट की कहानी को जनमानस को समझाएंगे आगामी विधानसभा चुनाव में घोटालेबाजों से प्रदेश को मुक्त करायेगे। बैठक में जगत बहादुर सिंह अन्नु सतीश उपाध्याय सौरभ शर्मा कमलेश यादव सचिन रजक बलवंत गुर्जर शिव अग्रवाल शिव नारायण चौबे डिक्की जान रविंद्र कुशवाहा आजम अली सुसीम घर मोहम्मद आजाद आरिफ बेग पीयूष सिंह सुशील पटारिया रज्जू सराफ प्रशांत जैन दुर्गेश पाठक लखन ठाकुर आशु बत्स ईश्वर दास सेन राजू तोमर देवनारायण तिवारी प्रकाश खरे राहुल तिवारी राहुल कुछबंदिया राकेश श्रीवास्तव अंकित पटेल सिद्धार्थ वर्मा रितेश गुप्ता विवेक भोंसले आशीष शुक्ला सुशीला कनौजिया सुमित्रा गोटिया शोभा उपाध्यक्ष गोपाल लोधी कमलजीत सिंह प्रिंस सलूजा सुशांत सिंह ठाकुर अंश गुजराल अभिनव मिश्रा आदि उपस्थित रहे बैठक का संचालन व आभार प्रदर्शन जिला संगठन मंत्री मनोज सेठ ने किया।

# आर्मी ने रोकी पानी निकासी, कटंगा में मंडराया जलप्लावन का खतरा





**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगा की रहवासी बस्तियों की मेन सीवर लाइन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, कटंगा क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनी,जेडीए कॉलोनी सहित करीब 20 रहवासी क्षेत्रों का सीवर का पानी आर्मी सेंटर जीआरसी में जाता है। पिछले दिनों आर्मी ने उक्त नाले को बंद कर दिया था। आर्मी अधिकारियों का कहना था कि सीवर के पानी से आर्मी सेंटर में गंदगी फैल रही है। वहीं उक्त पानी उनके तालाब को भी प्रदुषित कर रहा है। लेकिन नाला बंद होते ही रहवासी क्षेत्रों में जल प्लावन की स्थिति निर्मित होने लगी।

इस समस्या को लेकर 23 सितंबर को पूर्व केंट बोर्ड मेंबर अमित अग्रवाल ने जीआरसी सेंटर में जाकर ब्रिगेडियर ललित शर्मा से मुलाकात की। जिसके बाद क्वार्टर मास्टर कर्नल हेंमत शर्मा के साथ स्थल निरीक्षण कर वस्तु स्थिति को समझा। सैन्य अधिकारियों को बताया गया कि बीते 50 वर्षो से उक्त नाले से पानी की निकासी हो रही है। अचानक उसे बंद कर दिए जाने से परेशानी हो रही है। लिहाजा वैकल्पिक व्यवस्था बन जाने तक नाले को खोल दिया जाए। पूर्व केंट बोर्ड मेंबर अमित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में सांसद राकेश सिंह ने सैन्य अधिकारियों से चर्चा की है। जिसके बाद सैन्य अधिकारियों ने केंट बोर्ड को निर्देश दिए कि वे सॉलिड बेस्ट का प्रबंधन करें। नाले में चेंबर बनाकर सॉलिड बेस्ट को अलग किया जाए। वहीं वैकल्पिक इंतजाम होने तक नाले को खुलवा दिया। सांसद राकेश सिंह ने चार लाख रुपए भी स्वीकृत किए हैं।

# अति पिछड़ा वर्ग की बैठक सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय सेन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें बिहार की तर्ज पर कर्पूरी ठाकुर फार्मूला एवं रोहाणी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में अति पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिये जाने तथा सेन, प्रजापति रजक को एससी में तथा धनगर व माझी समाज को एस.टी. में लिये जाने की बहुप्रतिक्षित मांग शीघ्र पूरा करने पर चर्चा की गई। साथ ही बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कर्पूरी ठाकुर का जनशताब्दी वर्ष विशाल जन समूह के साथ मनाये जाने की योजना पर चर्चा हुई। आगामी बैठक 2 अक्टूबर 2023 को आयोजित होगी। पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति की उक्त बैठक में प्रजापति समाज से दुर्गा बाबू प्रजापति, राजू, चक्रवर्ती धनगर समाज से अनिल धनगर, डॉ. बालमुकुन्द धनगर, नामदेव समाज से राजेन्द्र नामदेव सेन समाज से नारायण श्रीवास, कल्चुरी समाज से मनोहर चौकसे बारी समाज से नरेश बारी, चौरसिया समाज से एड. प्रशांत चौरसिया, रैकवार समाज से भूमा रैकवार, नम्रता रैकवार सहित श्याम प्रजापति, जयप्रकाश सेन, शिवशंकर, कमलेश सेन, जे.पी. सेन, चन्द्रशेखर नायकर, एड. प्रवेन्द्र सेन, सहित अनेक लोग उपस्थित थे। संचालक एड. रामकिशोर शिवहरे न किया।

# निगमायुक्त ने किया श्रमदान एवं स्वच्छता

**जबलपुर,देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत् सफाई मित्रों हेतु सफाई मित्र सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्य शाला में सफाई मित्रों को सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सुरक्षित सफाई एवं आवश्यक उपकरणों की जानकारी प्रदान की गयी साथ ही भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।




इसी प्रकार संभाग क्रमांक 8 अनुमानताल वार्ड में नगर निगम द्वारा आई.ई.सी. टीम एवं एन.सी.सी. बटालियन द्वारा श्रमदान एवं स्वच्छता रैली का कार्यक्रम कराया गया, जिसमें एन.सी.सी. केडेट के साथ-साथ क्षेत्रिय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सीनियर मेजर सुनिल कुमार सिंह, बसंत कुमार सिंह, ए.एच.ओ. सुनिल गुजराती, सी.एस.आई. हिटलर अरखेल जी, एस.आई. अप्पा राव आदि उपस्थित रहे। सभी एन.सी.सी. के छात्रों एवं उपस्थित नागरिकों को समझाइश दी गई कि अपने आस पास ज्यादा से ज्यादा साफ सफाई का ध्यान रखें और लोगों को स्वच्छता के बारे में प्रेरित करें।

# अरूण पवार बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव



**जबलपुर, देशबन्ध।** कांग्रेस नेता अरूण पवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलाथ ने प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को लेकर कहा जा रहा है इससे संगठन को और मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। चुनावी साल में इस तरह जमीन से जुड़े नेता को महत्वपूर्ण जवाबदारी मिलना अच्छा संकेत माना जा रहा है। श्री पवार पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के भरोसेमंद कार्यकर्ता हैं। शुभचिंतकों ने पवार को बधाई दी है।

# डॉ.चन्द्रेश जैन अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद् के अध्यक्ष नियुक्त



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रेश जैन, राष्ट्रीय महासचिव अनिल जैन की सहमति से प्रदेश ब्रांच के अध्यक्ष सुनील जैन पूर्व विधायक, प्रदेश महामंत्री कमलेश जैन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन जैन (नेता) के द्वारा डॉ. चन्द्रेश जैन को अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद् में जबलपुर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर राज कुमार जैन, संजू जैन अमित पड़ारिया, आलोक जैन, अमित जैन युवा, अनिल नायक, इंद्रेश जैन, अधिवक्ता संदेश जैन, ब्राम्हचारी संजय भैया, डॉ. राजकुमार जैन, आजाद मोदी, समीर जैन, प्रभात जैन, प्रशांत जैन, नरेश जैन, संजय जैन, विवेक जैन, सोनू जैन, अनुराज जैन, एस. के. जैन, राहुल बड़कुल, आशीष कुमार जैन आदि ने बधाईयां एवं शुभकामनायें दी है।


आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com


# रेलवे स्वच्छता पखवाड़ा का आठवां दिन


सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 104
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 114
छोटा ब्रॉयलर - रु. 124
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 128
मुर्गा मीडियम - रु. 118
मुर्गा बड़ा - रु. 108
मुर्गा जम्बो - रु. 108
मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
MORNING SHOW OFFER RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
JAWAN 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:15 PM 04:30 PM 05:30 PM 07:30 PM 09:45 PM 10:45 PM
DREAM GIRL-2 03:00 PM
THE NUN II IN HINDI 10:00 AM 04:30 PM
GADAR-2 06:30 PM
EXPEND4BLES IN HINDI 10:00 AM 02:30 PM 06:45 PM 08:45 PM
THE GREAT INDIAN FAMILY 10:15 AM 12:15 PM 08:35 PM 10:55 PM
SUKHEE 12:30 PM 10:45 PM


**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में शनिवार को पमरे मुख्यालय सहित जबलपुर एवं भोपाल मंडल में स्वच्छ परिसर दिवस तथा कोटा मंडल में स्वच्छ यार्ड दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाकर रेलवे कालोनियों (आवासीय परिसरों) में, कार्यालय परिसरों में तथा विभिन्न स्टेशन यार्डों में गहन साफ-सफाई सुनिश्चित की गयी।

इसके अंतर्गत शनिवार को पमरे मुख्यालय में भी प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओमप्रकाश ने संपूर्ण वाणिज्य विभाग में साफ सफाई करने के लिये निर्देशित किया। रवीन्द्र श्रीवास्तव मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में देवेश सोनी वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक, राजेश शर्मा उपमुख्य वाणिज्य प्रबंधक, सुबीर श्रीवास्तव, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एम.के. गुप्ता, उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, संजय शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के चेंबर्स की साफ-सफाई सुनिश्चित की गई। इसके अलावा नॉन फेयर रेवेन्यू, केटरिंग, गुड्स, कोचिंग, रिफंड आदि अनुभागों के कर्मचारियों के द्वारा अपने अपने टेबल, अलमारियों की साफ-सफाई की गयी। जिसमें रजिस्टर, डायरी, फाइलों एवं अन्य दस्तावेजों को व्यवस्थित करते हुए अनुपयोगी सामग्रियों को हटाया गया। जबलपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील के निर्देशन में स्वच्छ परिसर दिवस के अंतर्गत जबलपुर मंडल

### स्वच्छ परिसर एवं यार्ड दिवस के अंतर्गत कार्यालय एवं आवासीय परिसरों सहित यार्डों की हुई गहन सफाई

के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक कार्यालय, लोको तलैया कॉलोनी परिसर तथा अन्य कार्यालय एवं आवासीय परिसरों में, सतना में सैनीटेसन ड्राइव चलाकर विभिन्न आवासीय एवं कार्यालय परिसर, दमोह, कटनी, रीवा एवं अन्य मुख्य स्टेशनों के आवासीय एवं कार्यालय परिसरों में सभी विभागों द्वारा संयुक्त रूप से अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने साफ सफाई का अभियान चलाकर श्रमदान किया।

भोपाल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के निर्देशन में स्वच्छ परिसर दिवस के अवसर पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में मण्डल के रेलवे कॉलोनियों (आवासीय परिसरों) में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई सुनिश्चित की गई। इसके साथ ही मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर रिटायरिंग रूम, वेटिंग रूम, रेस्ट हाउस, अधीनस्थ रेस्ट हाउस, डोरमेट्री, रनिंग रूम तथा कोचिंग डिपो, रेलवे स्कूलों, मण्डल कार्यालय सहित सभी आवासीय परिसरों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई सुनिश्चित की गई। इसी प्रकार कोटा मंडल में स्वच्छ यार्ड दिवस के अवसर पर पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में मण्डल के सभी यार्डो में पिट लाइन, यार्ड परिसर, प्लेटफार्म के आस पास का क्षेत्र, यार्ड के शौचालय इत्यादि की कर्मचारियों द्वारा गहन सफाई अभियान चलाकर कू?ा-कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट वस्तुओं को एकत्रित कर उसे उचित स्थान पर डिस्पो? किया गया। 24 सितंबर को पखवाड़े के नौवें दिन जबलपुर तथा भोपाल मंडल में स्वच्छ आहार तथा कोटा मंडल में स्वच्छ डिपो दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

# गोद ग्राम की संवार रहे सूरत, सोशल वर्क में आगे एनएसएस वॉलेन्टियर्स





**जबलपुर, देशबन्धु।** एनएसएस युवाओं को सरोकार से जोड़ती है। यह युवाओं को एक ध्येय के साथ बढ़ना सिखाती है। साक्षरता संबंधी कार्य, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई, आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता और विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों स्वयंसेवकों की भूमिका अहम है। वहीं नई शिक्षा नीति में एनएसएस शामिल होने के बाद युवाओं का रुझान इस तरह अधिक दिख रहा है। एनएसएस की खूबियों को दर्शाने के लिए ही हर साल 24 नवम्बर को एनएसएस दिवस मनाया जाता है।

**सामाजिक कार्यों का निर्वहन-** एनएसएस से जुड़कर वॉलेन्टियर्स सामाजिक कार्यों के निर्वहन के साथ मतदान, नशा मुक्ति, बाल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे विषयों को लेकर समाज में जागरूकता फैला रहे हैं। इससे उनमें जिम्मेदारी का भाव बढ़ रहा है।

**- डॉ. देवांशु गौतम**
कार्यक्रम अधिकारी, रादुविवि

**गर्ल्स में अधिक उत्साह**

एनएसएस में गर्ल्स की संख्या अधिक है। वे सामाजिक कार्यों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर रहीं हैं। नई शिक्षा नीति के बाद युवा इससे अधिक जुड़ रहे हैं। इस साल आरडीसी में गर्ल्स वॉलेन्टियर्स का चयन ही होगा।

**- डॉ. आनंद सिंह राणा**
जिला संगठक, एनएसएस

**रादुविवि ने जीते कई पुरस्कार**

बीते साल में एनएसएस रादुविवि की इकाई द्वारा राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार, राज्य स्तर पुरस्कार, स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप में एमपी में प्रथम स्थान, यंग लीडर अवार्ड, जिला स्तरीय सम्मान की उपलब्धियां प्राप्त हो चुकी हैं।



## पुरस्कारों का मिल चुका है अंतरराष्ट्रीय गौरव

- अंतरराष्ट्रीय शिविर चीन में भारत देश का प्रतिनिधित्व

राष्ट्रीय स्तर उपलब्धि
- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय स्तर पुरस्कार
- नेशनल यंग लीडर अवार्ड
- गणतंत्र दिवस परेड शिविर नई दिल्ली स्वयंसेवक के रूप में चयन
- गणतंत्र दिवस परेड शिविर नई दिल्ली कार्यक्रम अधिकारी के रूप में चयन
- राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न शिवरों में सहभागिता

राज्य स्तर पुरस्कार
- राज्य स्तर सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक स्तर पुरस्कार
- राज्य स्तर सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार
- स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप राज्य स्तर प्रथम पुरस्कार

सिटी फैक्ट
- शहर में संचालित कुल यूनिट्स- 74 (वित्तीय पोषित प्राप्त और स्व वित्तीय ईकाई)
- शहर में कुल वॉलेन्टियर्स की संख्या- 8.5 हजार

### सिलेबस में शामिल होने से बढ़ी संख्या

नई शिक्षा नीति लागू होने बाद सिलेबस में अब एनएसएस भी शामिल हो चुका है। पाठ्यक्रम में शामिल होने बाद छात्रों के लिए अब एनएसएस को इलेक्टिव विषय के तौर पर चुन रहे हैं। एनएसएस में 100 नंबर असाइनमेंट के मिल जाते हैं। ऐसे में युवाओं की पसंद में यह शामिल है। इसमें खासतौर पर गर्ल्स का रेशो अधिक है।

**शहर में किए जा रहे काम**
- मतदाता जागरूकता
- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
- साक्षरता अभियान
- डिजिटल इंडिया
- टीकाकरण
- गोद लिए गए गांवों में विकास कार्य



## जैन महिला परिषद् ने रंगोली में दिखाया हुनर, जीते उपहार

**जबलपुर, देशबन्धु।** अलग-अलग रंगों का उपयोग कर प्रतिभागियों ने परिसर को सजीला बनाया। सतरंगी छटा बिखेर रही रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। जैन महिला परिषद के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। जजमेंट पद्मा लाडगे और गौरी पाण्डे ने किया। इस मौके पर अध्यक्ष विजय मोदी, संजय सिंघई, विपुल जैन, धर्मेन्द्र जैन, चंद्रलता मोदी, प्रियंका जैन, प्रीति जैन मौजूद रहीं।

## जम्मू एंड कश्मीर रेजिमेंटल सेंटर में सेना के हथियार चलाने का मिला प्रशिक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर में वनएमपी बटालियन एनसीसी का कैम्प लगाया गया। कैम्प में एनसीसी के 36 एमपी बटालियन खण्डवा, 15 एमपी बटालियन ग्वालियर से 106 कैडेट्स को प्रशिक्षित किया गया। शिविर में आर एंड बी एनसीसी बटालियन के 110 कैडेट्स को भी दो हफ्तों का प्रशिक्षण दिया गया। कैम्प में कैडेट्स को फिजिकल और आर्म्स का प्रशिक्षण दिया गया। जैकआरआरसी के गौरव ग्रंथालय की जानकारी कैडेट्स ने जुटाई।





## गवर्नमेंट साइंस कॉलेज परिसर में गुड़हल, भृंगराज पौधों का किया रोपण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पर्यावरण का संरक्षण सिर्फ हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह बात कॉलेज प्राचार्य डॉ. एएल महोबिया ने कही। उन्होंने कहा कि प्रकृति के विकास के लिए सभी का पौधे लगाना आवश्यक है। गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में तुलसी, मीठी नीम, गुड़हल, भृंगराज मोरपंखी जैसे औषधीय पौधे लगाए गए। इस मौके पर 2एमपी गर्ल्स बटालियन प्रभारी डॉ. सुमन प्रभाकर, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. पुष्पराज चौधरी, डॉ. शिखा सक्सेना, डॉ तनुजा चौधरी मौजूद रहीं।

## स्व. शिवलाल घनघोरिया की पुण्य स्मृति पर प्रवाहित हो रही रामरसगंगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में रामरस की गंगा प्रवाहित कर समाज के हर वर्ग में राम राज्य की स्थापना का आंशिक और स्तुत्य प्रयास नगर के धर्मप्रेमी परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। यह प्रयास न केवल सराहनीय है अपितु अनुकरणीय भी हैं। तदाशय के सारगर्भित उद्गार मानस मर्मज्ञ पं. रामकिंकर उपाध्याय की मानस तनया, मानस विदुषी डॉ.मंदाकिनी दीदी ने आज अपरांह सामुदायिक भवन बाई का बगीचा घमापुर में राम कथा का श्री गणेश करते हुए व्यक्त किए। यह पावन कथा धर्मनिष्ठ-समाजसेवी स्मृतिशेष स्व. श्री शिवलाल घनघोरिया जी की पुण्य तिथि पर उनके पुत्र लखन घनघोरिया द्वारा आयोजित किया गया हैं। रामकथा के प्रमुख वक्ता और



प्रख्यात सिने कलाकार, लेखक और चिंतक श्री आशुतोष राणा ने अपने अंदाज में कहा कि गुरुदेव पूज्य दद्दाजी की अनुपम कृपा से शिष्य आज गुरुतर दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। आरंभ में व्यासपीठ का पूजन और मानस विदुषी मंदाकिनी दीदी का श्रीमति कस्तूरी देवी, विधायक लखन घनघोरिया एवं श्रीमति कृष्णा घनघोरिया, जय घनघोरिया, श्री यश घनघोरिया, श्री राजेन्द्र कुकरेले, सर्वश्री लक्ष्मी. श्री गोपाल, श्री विजय ने पूजन अर्चन एवं स्वागत किया। इस अवसर पर श्री आशुतोष राणा का भी स्वागत सम्मान किया गया। रामकथा में विधायक अजय विश्नोई, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, दिनेश यादव, सुश्री मधु यादव, पार्षदगण आदि उपस्थित रहें।

## कांचघर चल समारोह की बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** महानगर की पुण्य धरा काँचघर घमापुर में होने वाले माँ भगवती की आराधना का पर्व पर काँचघर चल समारोह समिति-2023 की आवश्यक बैठक आज 24 सितम्बर को प्रेम प्रचारिणी सभा राम मंदिर प्रांगण जीसीएफ इस्टेट में रात्रि 9 बजे रखी गयी। बैठक में नये दशहरा चल समारोह को कैसे भव्यता एवं सफल बनाने में चर्चा तथा पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं दशहरा चल समारोह में कला, संस्कृति, धर्म, संस्कार, सामाजिक संस्थायें एवं सभी राजनैतिक दल के सदस्य, दुर्गा/काली समितियों के सदस्यों की उपस्थिति की अपील समिति के आयोजक सरमन रजक, संरक्षक डा.रमाकांत रावत, जी.एस.ठाकुर, एड. सुधीर शर्मा, अरूण श्रीवास्तव, मुरलीधर राव, कल्लन गुप्ता, संजू भोजक, योगेन्द्र सिंह राजपूत, मुन्ना ठाकुर, एड. राजेन्द्र गुप्ता, अतुल गुप्ता, रमन मिश्रा, नारायण रजक, भरत मंगलानी, नरेन्द्र वर्मा, कल्लू बाबा पूर्व पार्षद, प्रेमसुख चक्रवर्ती, राहुल श्रीवास, अर्जुन रजक, रमेश प्रजापति, टिल्लू नेचलानी, मनोहर झामनदास, उमेश लोधी, संजय साहू, एड. अनुराग ठाकुर, राकेश कनौजिया, संदीप शुक्ला, प्रीतम सोनकर, मदन प्रजापति, सोनी मास्टर, बब्लू रैकवार, राजू उपाध्याय, कम्मू रजक, दुलीचंद एवं दशहरा चल समारोह के पूर्व पदाधिकारी, वर्तमान पार्षदों से उपस्थिति की अपील की है।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 24 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दशमी, नक्षत्र-पू.षा.।**

**मेष**
आज आप सभी कार्य अच्छी तरह से पूरी कर सकेंगे, परंतु आपने जो दिशा पसंद की है, ऐसा भी हो सकता है कि वह गलत हो।

**वृषभ**
आप जो कार्य हाथ में लेंगे, वह समय से पूरा न होने पर निराशा का अनुभव करेंगे। काम सफल होने में थोड़ा समय लगेगा। आहार में ध्यान न देने के कारण तबीयत खराब हो सकती है।

**मिथुन**
आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आप मित्रों और मेहमानों के साथ भोजन या पिकनिक का आनंद उठाएंगे।

क.

**तुला**
नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अधिक भाग्यशाली बनेंगे और आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**वृश्चिक**
आज आपके कुटुंब में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सम्बंधियों और मित्रों से मिलेंगे, स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रम के पीछे खर्च हो सकता है।

**धनु**
आज आप निर्धारित कामों में सफलता तथा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप परिवार सहित शुभ अवसर में उपस्थित हो सकेंगे।

**कर्क**
आज आपकी चिंताएं दूर होगी। आप खुशी अनुभव कर सकेंगे। परिजनों के साथ समय व्यतीत करके आनंद प्राप्त कर सकेंगे।

**सिंह**
आज आप स्वयं को शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकेंगे। आपकी सृजनशीलता में अधिक निखार आएगा। लेखन और साहित्य में कुछ नई रचना कर सकेंगे।

**कन्या**
आपको थोड़ी कठिन परिस्थिति के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपका स्वास्थ्य थोड़ा खराब होगा और किसी बात का डर मन में लगा रहेगा।

**मकर**
आपका दिन धार्मिक कामों में व्यस्त होगा। किसी धार्मिक काम में आपके पैसे खर्च होंगे। परिजनों और सम्बंधियों के साथ बातचीत में ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ**
आज आप नए काम हाथ में लेंगे। भाग्य आपके साथ रहेगा। नौकरी- धंधे में आय के नए स्रोत खड़े होंगे। आपको अपने मित्रों से लाभ हो सकेगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा फलदायक रहेगा। आप कामकाज में सफलता प्राप्त करेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से मिलनेवाला प्रोत्साहन आपके उत्साह में वृद्धि करेगा।

मा.

## श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर मे पंचमी पर महा आरती हुई

**जबलपुर, देशबन्धु ।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर जबलपुर में गणेश महोत्सव के पंचम दिवस पर सभी भक्तों ने धार्मिक भाव से बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मनोकामना पूर्ण करने वाले श्री गणेश जी की प्रात: 9.00 बजे से पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण,अथर्वशीर्ष पाठ सभी गणेश भक्तों द्वारा सम्पन्न हुआ, सायं 7.15 बजे भगवान श्री गणेश जी की पूजन, महाआरती, स्तुति में नगर के गणमान्य एवं समिति के भक्तों द्वारा भक्ति भाव से आयोजित हुई ! लोगों ने भक्ति भाव से श्री गणेश जी का महापर्व मनाया, भंडारा प्रसादी राशि शैलेन्द्र पटेल,श्री अनिल राजपूत, मुन्ना द्विवेदी, विन्दनी रामेश्वर चौबे, ललिता मोहन अग्रवाल, राजकुमार शर्मा एवं विनय केशरवानी द्वारा प्रसाद आयोजित रहा, श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के समस्त भक्तों ने श्री गणेश जी के महापर्व को हर्ष, आनंद, भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों ने उपस्थित होकर हरे कृष्णा संकीर्तन के आनंददायक धार्मिक आयोजनों से प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का महोत्सव मनाया, आज दिनाँक 24 सितंबर रविवार को छठी महोत्सव पर प्रात: 9 बजे से श्री गणेश जी का अभिषेक, पूजन,माला, वस्त्र अर्पण, अथर्वशीर्ष पाठ,चित्रकला प्रतियोगिता प्रात: 11.00 बजे से 12.00 बजे तक आयोजित है। छठी महोत्सव सायं 6.00 बजे से,सायं 7.15 बजे महाआरती नर्मदा आरती मण्डल द्वारा,रात्रि 8.00 बजे से परम पूज्य ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद जी महाराज के आशीर्वचन, रात्रि 9.00 बजे रासलीला मेकलसुता आर्ट ग्रुप द्वारा आयोजित सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भगवान श्री गणेश जी के महोत्सव में उपस्थिति हेतु आग्रह है ।





## हजरत बादल बाबा बड़े साहब का 27 वा सालाना उर्स मनाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** हजरत बादल बाबा बड़े साहब का 27 वा सालाना उर्स मंडी मदार टेकरी जबलपुर में धूमधाम गाजे बाजे के साथ चादर संदल और महफिल ए समा का आयोजन हुआ। सरकार के उर्स मुबारक में सज्जादानसीन चौरई शरीफ,जिला छिंदवाड़ा से सूफी नसीरुद्दीन जहांगीर हसन शाह खलीफा भेसोड़ी शरीफ अपने सैकड़ों मुरीदों के साथ शामिल हुए जिनमे जबलपुर से भाजपा नेता जीशान अंसारी, नरसिंहपुर से विकास शुक्ला, सीतेश नामदेव दीपक सोनी, शाहरुख, अभिषेक चौरसिया,अरशद ,रजत जैन, इमाम, हुसैन, पप्पू , राजा मनु त्रिपाठी जतारा, बसीम टीकमगढ़, जितेंद्र यादव सेवक आदि चाहने वाले उर्स मुबारक में शामिल हुए। हजरत बादल बाबा बड़े साहब का उर्स एक हिंदू मुस्लिम कौमी एकता की मिसाल है पूरे महाकौशल

## पुलिस लाइन मस्जिद के इमाम साहब हाफिज अब्दुल हफीज परिवार सहित उमरा के लिए रवाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** नया मोहल्ला निवासी पुलिस लाइन मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल हफीज साहब अपनी शरीके हयात मुमताज बेगम, बड़े बेटे मोहम्मद राशिद के साथ सऊदी अरब स्थित मक्का, मदीना शरीफ की जियारत के लिए रवाना हुए। इस मौके पर अब्दुला उस्ताद अखाड़ा कमेटी ने रेलवे स्टेशन पहुंच कर फूलमालाओं एवं मिष्ठान खिलाकर उनका इस्तकबाल किया।



## डबलूसीआरईसीसीएस रेलकर्मियों को देगी 11 प्रतिशत डिविडेंड

कोटा। पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा में शनिवार 23 सितम्बर 2023 को वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्लाईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड (डबलूसीआरईसीसीएस), कोटा की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई. इस साधारण सभा में कोटा के अलावा जबलपुर व भोपाल मंडल के भी संचालक व अंशधारी रेल कर्मचारी उपस्थित थे. इस जनरल मीटिंग में अंशधारक रेल कर्मचारियों के लिए कई बड़े और महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये, जिसमें 11 प्रतिशत डिविडेंड देने के साथ-साथ जमा राशि पर 7.50 प्रतिशत ब्याज दिये जाने का निर्णय हुआ. वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्लाईज को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड, कोटा के संरक्षक व डबलूसीआरईयू के महामंत्री का. मुकेश गालव ने अपने संबोधन में कहा कि 31.03.2023 तक के शेयर धारकों को इस वर्ष 11 प्रतिशत डिविडेंड दिया जायेगा, जो सीटीडी खाते में जमा किया जाएगा, जिस पर 7.50 प्रतिशत ब्याज दिया जाएगा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री अनिल घुरेले-** गुड़हाई रोड मिलौनीगंज निवासी श्री अनिल घुरेले (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हिम्मत कौर-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री मिखा सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती हिम्मत कौर (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेश मौर्य-** शांति नगर सिंधी धर्मशाला के पास निवासी श्री महेश मौर्य (97) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीमा बाई कोष्टा-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री बाबू लाल कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती नीमा बाई कोष्टा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मनोज मगरोलिया-** त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री मनोज मगरोलिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हल्कू रजक-** इंद्रा बस्ती गुराव तालाब के पास मदनमहल निवासी श्री हल्कू रजक (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर-** कृष्णा नगर माढ़ोताल निवासी श्री नरेंद्र सिंह ठाकुर (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल सोनी-** ब्यौहार बाड़ा साठिया कुआं निवासी श्री मुन्ना लाल सोनी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निर्मला विश्वकर्मा-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री अशोक विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला विश्वकर्मा (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश खेड़ा-** गोल्डन होम्स नेपियर टाउन निवासी श्री जगदीश खेड़ा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती गंगोत्री शर्मा-** फूलवाड़ी गढ़ा निवासी श्री श्रीकृष्ण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती गंगोत्री शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुंदर बाई बेन-** राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री किशन लाल बेन की धर्मपत्नी श्रीमती सुंदर बाई बेन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई-** टेलीग्राफ गेट नं. 1 धोबीघाट रानीताल निवासी श्री दीपचंद की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. शिल्पा बारी-** कंजड़ मोहल्ला बिहारी महाराज का बाड़ा निवासी श्री भीम सिंह बारी की पुत्री कु. शिल्पा बारी (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेश कुमार कुशवाहा-** तुलसी नगर रांझी निवासी श्री महेश कुमार कुशवाहा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# गौर इलाके में टीएफआरआई के पास महिला का बैग छीनकर भागे लुटेरे



**जबलपुर, देशबन्धु।** गौर चौकी क्षेत्र में भाई से मिलकर अपने घर वापस जा रही एक्टिवा सवार महिला से बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे बैग छीनकर भाग गए। लुटेरों को पकड़ने के लिए महिला ने आवाज लगाई, लेकिन लुटेरे चंद मिनिट में नीमखेड़ा के रास्ते से होते हुए भाग निकले। सूनसान इलाके में हुई लूट के बाद महिला पुलिस चौकी पहुंची। महिला ने बताया कि पर्स में 3 हजार रुपए नगद, एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल, एटीएम सहित कुछ ज़रूरी कागज़ात रखे थे। पुलिस ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बिलहरी क्षेत्रमें रहने वाली महिला अपनी सफेद रंग की मोपेट क्र मांक एमपी 20 एसई 2656 से रात करीब 8 बज़े अपने भाई के घर सिलुआ स्थित स्टार ड्रीम सिटी गई थी। भाई से मिलने के बाद महिला कुछ सामान लेकर वापस अपने घर लौट रही थी, वह जैसे ही कॉलोनी के पास पहुंची तभी पीछे से मोटरसाइकिल सवार 2 लुटेरे पास आए और गाड़ी के सामने रखा बैग उठाकर फरार हो गए। सुनसान जगह में हुई वारदात के बाद महिला डर गई और अपने बचाव के लिए चिल्लाने लगी। महिला की आवाज़ सुनकर पहुंचे लोगों ने लुटेरों का पीछा किया,लेकिन अंधेरा होने की वजह से आरोपी नहीं मिले।

### काले कपड़े-बिना नंबर की बाइक

महिला ने पुलिस को बताया कि उसके साथ लूट करने वाले आरोपी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर सवार थे। लुटेरों ने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। गाड़ी के पीछे बैठा युवक चेहरे में कपड़ा भी बांधे हुए था।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

रात में टीएफआरआई कॉलोनी में हुई लूट के बाद पूरे इलाके में पुलिस ने सघन चैकिंग शुरू की। पुलिस ने कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज निकाले हैं, जिसकी जांच चल रही है। गौरतलब है कि 10 दिन पहले गढा एवं सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मार्निंग वॉक पर निकलीं महिलाओं के गले से सोने की चैन लूटने वाले लुटेरों का अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।



# पुल पार करते समय हिरन नदी में गिरकर बहे दादा-पोते की लाश मिली

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा स्थित ग्राम ककरेहटा में पुल पार करते समय मोटर सायकिल सहित हिरन नदी में गिरे दादा-पोते की लाश शनिवार दोपहर पानी में उतराते मिली। लाश मिलने की खबर पाते ही परिजनों सहित गांव के अन्य लोग पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार सिहोरा के ककरेहटा गांव में रहने वाले जागेश्वर बर्मन उम्र 50 वर्ष अपने दो वर्ष के पोते को लेकर मोटर सायकिल से रिश्तेदारी में सिहोरा गए थे। जहां पर रात 11 बजे के लगभग घर जाने के लिए निकले। जब वे हिरन नदी पुल के पास पहुंचे तो पुल पर दो फीट ऊपर से पानी बह रहा था। इसके बाद भी जागेश्वर बर्मन ने पुल पार मोटर सायकिल से आगे बढ़ गए। कुछ दूर पहुंचे थे कि अनियंत्रित होकर मोटर सायकिल सहित नदी में गिरकर बह गए। इधर जागेश्वर व दो साल के पोते के घर न पहुंचने से परिजन चितिंत हो गए, जिन्होंने अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस को खबर दी। शनिवार दोपहर घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर हिरन नदी में दादा-पोते के शव उतराते मिले। घटना के बाद से गांव में मातम छाया रहा, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है।

# हाई कोर्ट के आदर्श सभागार में विराजे गणपति

## अधिवक्ताओं ने आरती कर गाया भजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय वर्मा अधिवक्ता एवं परितोष त्रिवेदी सचिव की सहमति से अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच एवं उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को उच्च न्यायालय सिल्वर जुबली हॉल आदर्श संभागार में



दोपहर 1.30 बजे भगवान गणेश की महाआरती का आयोजन किया गया। साथ ही महिला अधिवक्ता बहने, अधिवक्ता मित्रों द्वारा भजन कार्यक्रम भी किया। महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मार्गदर्शक मनीष तिवारी अधिवक्ता स्टेट बार, संजय वर्मा अधिवक्ता उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, परितोष त्रिवेदी अधिवक्ता सचिव उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, आर. के. सिंह सैनी अधिवक्ता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, राजेश तिवारी अधिवक्ता सचिव अधिवक्ता संघ, सुधीर नायक अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, मनीष मिश्रा अधिवक्ता पूर्व सचिव अधिवक्ता संघ, आभार व्यक्त किया। अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत के वेद प्रकाश नेमा अधिवक्ता राष्ट्रीय महासचिव, राजेश पंजवानी अधिवक्ता राष्ट्रीय महासचिव युवा प्रकोष्ठ, दीपक पंजवानी सहित सैकड़ों अधिवक्ता पदाधिकारी महाआरती में सम्मिलित हुए।

# जुए के फड़ों पर पुलिस का छापा, दर्जन भर जुआरी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में फिर से जुआफड़ संचालित हो रहे हैं। चोरी छिपे अभी भी फड़बाज बड़े व छोटे खिलाड़ियों को न्योता दे रहे हैं



और फड़बाजी की जा रही है। इसी कड़ी में लार्डगंज थाना अंतर्गत साहू मोहल्ला में कुछ जुआरियों को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा है। इस संबंध में लार्डगंज थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि बीती रात पुलिस को सूचना मिली कि साहू मोहल्ला शिव शक्ति गणेश उत्सव के पास कुछ जुआरी जुआ मन्ना खेल रहे हैं। जिस पर पुलिस ने तत्काल साहू मोहल्ला में दबिश दी, जहां गणेश उत्सव समिति के पंडाल के पास कुछ युवक जुआ खेलते दिखाई दिये। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।

पूछताछ में जुआरियों ने क्रमश: अपने नाम अभय उर्फ आशू साहू निवासी कछियाना, शिवम राय निवासी जगदीश मंदिर, पंकज अग्रवाल लाल स्कूल के पास, अमन चौरसिया, सचिन कुशवाहा निवासी भैरो मंदिर, राज केशरवानी निवासी लाल स्कूल के पास लार्डगंज बताये। पुलिस ने जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते एवं 2870 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की है। इसी प्रकार उजार पुरवा बावली के पास दबिश देते हुये अब्राहम उर्फ रसगुल्ला, लरज सेन, छिन्न कोरी, रहित सेन, लक्कू मराठा एवं किशन लाल चौधरी को जुआ खेलते हुये रंगे हाथ पकड़ा गया है।

# अपराधी तत्वों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 16 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 110 युवकों के विरूद्ध 107/116 के तहत, एवं 66 युवकों के विरूद्ध धारा 151 के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 5 गैरम्यादी, 13 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 10 युवकों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 20 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 25 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 5 युवकों के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 तलवार, 4 चाकू जप्त किये गये एवं 15 जुआरियों को जुआ खेलते हुये एवं 4 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है।

# घर में हुई चोरी घमापुर पुलिस नहीं सुन रही, पीड़िता पहुंची एसपी कार्यालय



**जबलपुर, देशबन्धु।** घमापुर थाना अतंर्गत भगवती डेरी के पीछे, गोपाल होटल में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चांदी के जेवर सहित गृहस्थी का सामान और कपड़े, साथ ही कीमती साड़ी नगद पैसा, चोरी कर ले गए, घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपाल होटल लालमाटी, भगवती डेरी के पीछे, मकान नंबर 2173 निवासी सुरेखा रैकवार मुंबई से काम करती है, और हर 6 महीनें में अपने घर जबलपुर शहर आती है, हर बार की तरह इस बार भी गत 16 सितंबर को शाम 6 बजे घर आई और थकान होने के कारण सो गई।

दूसरे दिन 17 सितंबर को उठी, और अलमारी खोली तो लॉकर टूटा मिला, जिसमें रखी 5 जोड़ी चांदी की बिछिया, गृहस्थी का सामान 2 सीलिंग फैन, लोहे का बट्टा, एलईडी लाईट, ड्रिल मशीन, कूलर की मोटर, ग्राइन्डर मशीन, सिलाई मशीन, ताले, चाबी के गुच्छे, मिक्सी ग्राइन्डर, गंजी के सेट, 7 बड़े गंज, लोहे की कढ़ाई, कूकर, मोबाइल के पेड, सैमसंग का टच मोबाइल, राशन का सामान 5 किलो बासमाती चावल, 1 लीटर तेल, शुद्ध घी, 1 किलो आचार, साड़ियां, ब्लाउज, पेटीकोट, चूड़ी के डिब्बे, महंगे कपड़े, फैंसी झुमकी, टॉवल, चादर, बेडसीट, कालीन दरी, कंबल, पर्दे सेट आदि सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए हैं, सुरेखा रैकवार ने इसकी शिकायत घमापुर थाने में की जहां पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की, जिससे परेशान पीड़िता महिला ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी से शिकायत कर, जल्द से जल्द न्याय मिल सके है।

# 41वीं राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैम्पियनशिप में प्रदेश ने जीते 4 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 2 कांस्य पदक



**जबलपुर, देशबन्धु।** सिक्किम में आयोजित 41वीं राष्ट्रीय पंजा कुश्ती चैम्पियनशिप 16-18 सितम्बर 2023 तक सम्पन्न हुई महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड, 2 सिल्वर एवं 2 कांस्य पदक के साथ डिसोबिल्ड वर्ग चैम्पियन ऑफ चैम्पियन की ट्राफी पर कब्जा किया इस प्रतियोगिता में भारत वर्ष के करीब 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विजयी खिलाड़ियों में महिला वर्ग-अंक्षिता जाट सिल्वर, आकृति जाट राइट हैंड में स्वर्ण, लेफ्ट में सिल्वर, शिखा जाट ने राईट हैंड में स्वर्ण पदक लैफ्ट में सिल्वर, पुरूष वर्ग में- अजय विश्वकर्मा कांस्य पदक, अल्ट्रा मास्टर में शीतल जाट स्वर्ण पदक, डिसेबिल्ड में विजेन्द्र जाट ने स्वर्ण पदक एवं चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब जीतकर मप्र का नाम पूरे देश में रोशन किया। भारतीय पंजा कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष सतीश यादव को राष्ट्रीय आजीवन खेल सेवा अवार्ड एवं शॉल श्रीफल एवं 5001/- रूप की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया, टीम की कोच सावित्री यादव रही आर्म रेसलिंग के प्रदेश सचिव मोहम्मद नईम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी है।

# बघोड़ा ग्राम के पास परियट नदी में दिखा मगरमच्छ, ग्रामीणों में दहशत

**जबलपुर, देशबन्धु।** बेलखाडू के समीप बघोड़ा ग्राम के पास से होकर गुजरने वाली परियट नदी में इन दिनों मगरमच्छ दिखाई देने से लोग दहशत में हैं। इस संबंध में एक वीडियो भी तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि बघोड़ा के पुल से करीब 1 किलोमीटर ऊपर की ओर पीरधार के पास स्थानीय लोगों ने मगरमच्छ देखा है। जानकारी के



अनुसार परियट नदी में बाढ़ का पानी कम होने के बाद पहली बार बुधवार सुबह 8:30 बजे के बीच इस मगरमच्छ को नदी किनारे बैठे देखा गया। कुछ स्थानीय युवाओं ने इसे देखा तो उन्हें लगा की यह किसी पेड़ की लकड़ी पड़ी हुई है। लेकिन पास में जाकर देखा तो करीब 8 से 10 फीट लंबा मगरमच्छ था। अचानक वह सरकने लगा और पानी में चला गया।

यह देखकर लड़के वहां से भागे और मगरमच्छ पानी में चला गया। इस खबर की पुष्टि होने के बाद अब ग्रामीणों को नदी के आसपास जाने में भी डर लग रहा है। मगरमच्छ के नदी किनारे दिखने के बाद ग्रामीणों ने अपने बच्चों व परिचितों को नदी किनारे जाने से मना कर दिया है। अपने पालतु जानवरों को भी नदी में ले जाने से मना कर दिया है।

# सीएमओं पद पर पदोन्नति देने पर करो विचार, हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने सीधी नगर परिषद के कर्मचारी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के पद पर आवेदक को पदोन्नति देने पर विचार करने के निर्देश शहरी विकास एवं आवास आयुक्त को दिये है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने इसके लिये 90 दिन की समय सीमा निर्धारित की है।

सीधी निवासी राघव भान सिंह की ओर से यह मामला दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि वे एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। नियमानुसार उसे पदोन्नति न देकर उससे कनिष्ठ कर्मी को पदोन्नति दे दी गई। न्यायालय के निर्देश पर विभाग के डिविजनल ज्वाइंट डायरेक्टर रीवा संभाग ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि 2006-07 से 2011-12 की कान्फिडेंशियल रिपोर्ट के अनुसार याचिकाकर्ता सीएमओं के पद पर प्रमोशन पाने का हकदार था। रिपोर्ट में यह बात भी सामने आई कि याचिकाकर्ता से जूनियर रिषभ कुमार जैन को पदोन्नति दे दी गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विकास मिश्रा ने तर्क दिया कि 2011 की ग्रेडेशन लिस्ट में याचिकाकर्ता का नाम नहीं था। न्यायालय को बताया गया कि उक्त रिपोर्ट विभाग के आयुक्त को अग्रेषित कर दी गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने आयुक्त को उक्त रिपोर्ट के आधार पर याचिकाकर्ता के पदोन्नति पर विचार कर निर्णय लेने के निर्देश दिये।




## त्याग विलेख पत्र रजिस्टर्ड नहीं, तो सभी है हकदार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा है कि यदि त्याग विलेख पत्र रिजस्टर्ड नहीं है तो सभी कानूनी हिस्सेदार जमीन के हकदार है। जस्टिस जीएस आहलूवालिया की एकलपीठ ने उक्त मत के साथ दायर याचिका अस्वीकार कर दी।

याचिकाकर्ता रामकुमार राजपूत की ओर से यह याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि हरदा जिले में उनके पिता गजराज सिंह के नाम पर जमीन थी। उनकी मृत्यू के बाद उक्त जमीन माँ निर्मिला के नाम पर दर्ज हुई। मां की मृत्यु के बाद अनावेदक तीनों बहनों ने जमीन पर अपना हक त्याग दिया था। तहसीलदार ने उनके त्याग विलेख के आधार पर जमीन का नामांतरण उसके नाम पर कर दिया था। अनावेदक बहनों ने तहसीलदार के आदेश को चुनौती देते हुए एसडीएम के समक्ष अपील की थी। एसडीएम ने अपील की सुनवाई करते हुए तहसीलदार के आदेश को निरस्त कर दिया। एसडीएम के आदेश को चुनौती देते हुए संभागायुक्त नर्मदापुरम के समक्ष अपील दायर की गई। संभागायुक्त ने अपील को खारिज कर दिया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। मामले में आवेदक की ओर से तर्क दिया गया कि उसकी अनावेदक बहनों ने जमीन पर अपना हक स्वेच्छा से छोड़ा था। उनके त्याग विलेख के आधार पर ही तहसीलदार ने उसके नाम पर जमीन दर्ज करने के आदेश जारी किये थे। आवश्यकता नहीं होने के कारण त्याग विलेख पत्र को रजिस्टर्ड नही कराया था। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि त्याग विलेख पत्र रजिस्टर्ड नही होने के कारण एसडीएम व आयुक्त द्वारा पारित आदेश उचित है। एकलपीठ ने प्रस्तुत त्याग विलेख पत्र को अस्वीकार करते हुए कहा है कि सभी कानूनी हिस्सेदार जमीन के हकदार है।

## 25 प्रकरणों की अनिवार्यता संबंधी मामले की सुनवाई पूरी

### हाईकोर्ट ने सुरक्षित किया अपना फैसला

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश की समस्त अधीनस्थ अदालतों में तीन माह में 25 प्रकरणों के अनिवार्य निराकरण के हाईकोर्ट प्रशासन के आदेश को चुनौती देने के मामले में शनिवार को सुनवाई पूरी हो गई। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनींद्र सिंह की युगलपीठ ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

उल्लेखनीय है कि ओबीसी एडवोकेट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधि व सेवानिवृत एडीजे राजेंद्र कुमार श्रीवास एवं एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एण्ड शोसल जस्टिस के प्रतिनिधि अधिवक्ता राम गिरीश वर्मा ने याचिकाएं दायर की थीं। जिसमें कहा गया था कि सुप्रीम कोर्ट के सात सदस्यों की बैंच ने स्पष्ट किया है कि देश की विधायिका (संसद) के अलावा आपराधिक तथा दीवानी प्रकरणों की सुनवाई की समय सीमा का निर्धारण सुप्रीम कोर्ट तथा कोई भी हाईकोर्ट तय नहीं कर सकता। इस संबंध में उन्होंने हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायदृष्टांत भी प्रस्तुत किए। आवेदकों की ओर से कहा गया कि रजिस्ट्रार जनरल संविधान के किस प्रावधान के तहत जिला न्यायलयों को विवादित निर्देश जारी करने के लिए सशक्त हैं, उसका उल्लेख उक्त परिपत्रों में नहीं किया गया है। मामले में कहा गया कि उक्त परिपत्रों के कारण प्रदेश के अधिवक्ताओं द्वारा एक सप्ताह से अधिक समय तक विरोध स्वरूप हड़ताल भी की गई। जिस पर हाईकोर्ट ने कहा कि उक्त परिपत्रों के कारण पक्षकारों व अधिवक्ताओं को किस प्रकार की असुविधा हो रही है, उसका डाटा प्रस्तुत करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि याचिकाकर्ता याचिका को वापस लेकर डाटा के साथ याचिका पेश करे। जिस पर याचिककर्ताओं की ओर से कहा गया कि याचिका में रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी निर्देशों की संवैधानिकता को चुनौती दी गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने पक्ष रखा।

## जिला बदर का आदेश निरस्त, 25 हजार का जुर्माना

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने कलेक्टर सिवनी और संभागायुक्त जबलपुर के जिला बदर के आदेश को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सरकार पर 25 हजार रुपए की लिटिगेशन जुर्माना (कॉस्ट) भी अधिरोपित करते हुए उक्त राशि 15 दिनों में जमा करने के निर्देश दिये है। हाईकोर्ट में यह मामला सिवनी निवासी लक्ष्मण सनोडिया की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि जिला दंडाधिकारी सिवनी ने उनके खिलाफ जिला बदर का आदेश जारी कर उसे सिवनी की सीमा से बढ़ाकर छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, जबलपुर और नरसिंहपुर भी शामिल कर दिया। जिसकी अपील पर कमिश्नर जबलपुर ने कलेक्टर के आदेश को यथावत रखा। आवेदक की ओर से कहा गया कि उसके खिलाफ सात प्रकरण दर्ज थे, जिनमें से छह में वह दोषमुक्त हो गया है। केवल एक मामले में उसे सजा हुई थी, जिसकी अपील भी हाईकोर्ट में लंबित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि जिला दंडाधिकारी ने जिला बदर की कार्रवाई के पहले इस बात का परीक्षण नहीं कराया कि याचिकाकर्ता किस तरह से जनहित या कानून व्यवस्था के लिए खतरा है। केवल पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट पर जिला दंडाधिकारी ने जिला बदर का आदेश जारी कर दिया, जोकि अवैधानिक है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।




# नशा मुक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान के सौजन्य से सामाजिक सुरक्षा संबंधी विषयों पर महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान अधारताल में संस्थान के उप संचालक शैलेन्द्र कुमार सचान व सुनीता चौबे के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नव ज्योति नशा मुक्ति केन्द्र अवधपुरी से हेमन्त सोलंकी द्वारा उपस्थितजनों को मादक पदार्थ व अन्य व्यसनों के सेवन उपरांत होने वाली शारीरिक, मानसिक दुष्परिणामों पर विस्तार से बताया साथ ही तम्बाखु सिगरेट एवं मादक पदार्थों के आकर्षण से कैसे बचे उसके उपाय बताये अन्य वक्ता अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर इस संबंध में इसके दुष्प्रभावों और बचाव पर (पीपीटी) स्लाइड के माध्यम से बताया। प्रशिक्षण चर्चा मार्गदर्शन उपरांत सत्र समन्वयक डॉ.संजय राजपूत द्वारा सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई व आभार व्यक्त किया।

# कांचघर चल समारोह की बैठक आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** महानगर की पुण्य धरा काँचघर घमापुर में होने वाले माँ भगवती की आराधना का पर्व पर काँचघर चल समारोह समिति-2023 की आवश्यक बैठक आज 24 सितम्बर को प्रेम प्रचारिणी सभा राम मंदिर प्रांगण जीसीएफ इस्टेट में रात्रि 9 बजे रखी गयी। बैठक में नये दशहरा चल समारोह को कैसे भव्यता एवं सफल बनाने में चर्चा तथा पदाधिकारियों की नियुक्ति एवं दशहरा चल समारोह में कला, संस्कृति, धर्म, संस्कार, सामाजिक संस्थायें एवं सभी राजनैतिक दल के सदस्य, दुर्गा/काली समितियों के सदस्यों की उपस्थिति की अपील समिति के आयोजक सरमन रजक, संरक्षक डा.रमाकांत रावत, जी.एस.ठाकुर, एड. सुधीर शर्मा, अरूण श्रीवास्तव, मुरलीधर राव, कल्लन गुप्ता, संजू भोजक, योगेन्द्र सिंह राजपूत, मुन्ना ठाकुर, एड. राजेन्द्र गुप्ता, अतुल गुप्ता, रमन मिश्रा, नारायण रजक, भरत मंगलानी, नरेन्द्र वर्मा, कल्लू बाबा पूर्व पार्षद, प्रेमसुख चक्रवर्ती, राहुल श्रीवास, अर्जुन रजक, रमेश प्रजापति, टिल्लू नेचलानी, मनोहर झामनदास, उमेश लोधी, संजय साहू, एड. अनुराग ठाकुर, राकेश कनौजिया, संदीप शुक्ला, प्रीतम सोनकर, मदन प्रजापति, सोनी मास्टर, बब्लू रैकवार, राजू उपाध्याय, कम्मू रजक, दुलीचंद एवं दशहरा चल समारोह के पूर्व पदाधिकारी, वर्तमान पार्षदों से उपस्थिति की अपील की है।

## दो भालुओं ने किया वृद्ध पर हमला, गंभीर

### सिंग्रामपुर वन परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुंडम बीट की घटना

**जबेरा, देशबन्धु।** सिंग्रामपुर वन परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुडंम बीट में शुक्रवार की शाम मवेशी ढूंढने जा रहे एक वृद्ध पर दो भालुओं ने हमला कर घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सिंग्रामपुर वन परीक्षेत्र अधिकारियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से गंभीर रूप से घायल होने पर जबलपुर रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माला मानगढ़ के ग्राम महुआ खेड़ा निवासी लाखन सिंह पिता प्रेम सिंह उम्र 70 वर्ष शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे अपनी भैंस ढूंढने सिंग्रामपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली कुडंम बीट की तेलन मार्ग घाटी पहुंचा। जहां दो भालुओं के जोड़े ने वृद्ध लाखन सिंह पर अचानक हमला कर दिया। भालूओं के हमले से घबराए वृद्ध ने अपना बचाव करते हुए मदद को चिल्लाना शुरू किया जिस पर घटना के आसपास मौजूद ओंकार सिंह



राजपूत, छोटू सिंह आदिवासी एवं कोदू सिंह आदि ने साहस दिखाते हुए भालू को भगाया। उसी समय जंगल भ्रमण पर निकले बीट गार्ड संदीप राज ने देखा कि भालूओं के हमले से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हुआ है तो तुरंत घटना की सूचना सिंग्रामपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी आश्रय उपाध्याय को दी। जिस पर उन्होंने तुरंत डिप्टी रेंजर कमलेश सोनी के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर वहीं से गुजर रहे समाज सेवी विनोद राय के वाहन से घायल वृद्ध लाखन सिंह को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से गंभीर रूप से घायल होने पर जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं घटना की जानकारी देते हुए सिंग्रामपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी आश्रय उपाध्याय ने बताया कि कुडंम बीट की तेलन मार्ग घाटी पर शुक्रवार की शाम एक वृद्ध लाखन सिंह पर भालुओं ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है जिसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से गंभीर घायल होने पर जबलपुर रेफर किया गया है और घायल को वन विभाग द्वारा तात्कालिक सहायता राशि अस्पताल पहुंचकर दी जाएगी और साथ ही ऐसी स्थिति में घायल को शासन द्वारा अधिकतम दो लाख रुपए तक की सहायता राशि दी जाने का प्रावधान है उसे भी शीघ्र घटना में घायल को दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## स्कूल की छत से गिरा प्लास्टर, छात्र घायल

### जिला अस्पताल में किया भर्ती

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले के अलावा समूचे प्रदेश में राज्य शासन द्वारा शिक्षा का स्तर और सुविधा बढ़ाने के लिए तमाम प्रयास किये जा रहे हैं। वही बावजूद इसके कहीं ना कहीं कोर कसर रह ही जाती है। जिले में आए दिन सरकारी स्कूल भवनों की जर्जर हालत के संबंध में जानकारी प्रकाश में आना क्या अपवाद का विषय मानेंगे नहीं, यह कोई अपवाद का स्वरूप देना अपनी जिम्मेदारी से दूर भागना है।

जब कि शिक्षा के नाम से आदिवासी जिले प्रत्येक वर्ष शाषन द्वारा लाखों के बजट आवंटित आता है जो जिले जिम्मेदार ओ द्वारा उक्त बजट कमीशन खोरी की भेंट चढ़ जाती हैं जो उच्च स्तरीय जांच का विषय है , वही उक्त विषय मे सत्ता धारियों जनप्रतिनिधियों को को भी विचार करना चाहिए। वही प्राप्त जानकारी अनुसार ऐसा ही एक मामला जिला मुख्यालय से लगे ग्राम कनई सांगवा के प्राथमिक शाला का है जहां पर विद्यालय का भवन जर्जर स्थिति में है।आज अचानक विद्यालय की छत का एक टुकड़ा विद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्र के ऊपर गिर गया जिससे छात्रा घायल हो गई और उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कर दिया गया है। मामले को लेकर छात्र और उनके अभिभावक दहशत में है कि यदि भविष्य में दोबारा कोई ऐसी बड़ी घटना हो जाती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा इसका जवाब किसी के पास नहीं है।



### सार-समाचार

## सीएम राइज पं. विष्णु दत्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में गणपति विराजमान



**सिहोरा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सीएम राइज पंडित विष्णु दत्त शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय सिहोरा में भगवान गणपति की मूर्ति विराजमान हुई जिसे विद्यालय के प्राचार्य एवं विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय के सानिध्य में स्थापित किया गया।वहीं विद्यालय में छात्र छात्राओं के द्वारा प्रतिदिन पूजन अर्चन कराया जाता है वहीं मंगलवार को भंडारा कार्यक्रम के पश्चात अंनत चतुर्दशी को गणेश जी की स्थापित मूर्ति का विसर्जन किया जाएगा।कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य शैलेन्द्र मिश्रा,रवि प्रकाश मिश्रा,सविता पटैल, मोहनी उपाध्याय, पियूषा गर्ग,निधि शुक्ला,रजनी कोरी,अमित जैन, अशोक पटैल सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ साथ विद्यार्थियों द्वारा प्रतिदिन भगवान गणेश का पूजन अर्चन कराया जाता है।





## पंचायत भवन में हो रहा सब्सिडी के लिए लाड़ली बहनों का पंजीयन

**बरेला, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर क्पंचायत भवन में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा लाडली बहन एवं उज्ज्वला योजना की महिला हितग्राहियों को 450 रुपए की गैस टंकी के लिए आज ग्राम पंचायत में रजिस्ट्रेशन का कार्य प्रारंभ किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच आशीष शुक्ला, जनपद सदस्य आराधना गोठारिया, सचिव सौरव सुललेरे, सहायक सचिव संतोष यादव, जगन पांच उप सरपंच गणेश नोनीलाल सोहन सिंह गुड्डा जगन जेठू झरिया रिंकू शुक्ला, चेतू रजक, नरेश झरिया आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन आज

### मझौली में दस हजार नव साक्षर व्यक्ति लेंगे हिस्सा

**सिहोरा, देशबन्धु।** भारत सरकार की महत्वपूर्ण नवभारत साक्षरता योजना के अंतर्गत जिले के निरक्षरों को साक्षर बनाने के क्रम में विकास खंड मझोली के 226 सामाजिक चेतना केंद्रों मे प्रत्येक ग्राम बसाहट से रविवार 24 सितंबर को पंजीकृत निरक्षरों की परीक्षा कराई जाएगी। जिसमें ब्लाक के 8 (आठ) जनशिक्षा केंद्रों के 10000निरक्षर व्यक्ति भाग लेंगे।

परीक्षा के बारे मे जानकारी देते हुए विकासखंड सह समन्व्यक साक्षरता दीपक पटेल ने बताया की साक्षरता परीक्षा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने जन प्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद के सदस्यों,आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायकों, शिक्षकों एवं विद्यायलीन बच्चों से उनके घर के आस-पास रहने वाले निरक्षरों को परीक्षा में बैठाने की अपील की गई है।

ग्राम-पंचायतों से भी अनुरोध किया गया है की वे अपने अपने गावों मे परीक्षा का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करवाए ताकि गांव में एक भी निरक्षर महिला पुरुष परीक्षा में बैठने से वंचित ना हो सकें। परीक्षा को सफल बनाने के लिए निर्धारित केन्द्रो के बच्चों द्वारा 18 तारीख को अपने अपने गावों मे 'निरक्षरता भारत छोड़ो' देश को साक्षर कौन करेगा हम करेंगे-हम करेंगे जैसे नारों के साथ प्रभात फेरिया निकाली जाएगी।ताकि गांव के सभी निरक्षर व्यक्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक साक्षरता परीक्षा में भाग ले सके। प्रभारी बी ईओ मोहन लाल मराबी, बीआरसी बृज किशोर गर्ग एवम् सभी संकुल प्राचार्य ,बीएसी अरविंद चौबे भगवंत सिंह , पुष्पराज पटेल, महेंद्र दहियत संकुल सह समन्वयक सूरज ताम्रकार, उदय पटेल, अखिलेश गर्ग, अशोक पटेल, अमित काछी, मनोज कोरी, रामकेश पटेल, अरविंद दाहिया, जनशिक्षक राकेश कनोजिया, जागेश्वर पटेल, सुरेन्द्र झारिया, अनिल लोधी, ब्रजेश यादव, दीप सिंह, तुलसी राम सोनी, प्रदीप परोहा मोहन लाल पटेल आदि* सहित परीक्षा केन्द्रो के जन शिक्षक एवं शिक्षकों ने साक्षरता परीक्षा को सफल बनाने कि अपील कि है।

## ग्राम पंचायत स्तर पर धरना प्रदर्शन 25 को

### सिहोरा जिला के लिए आंदोलित संपूर्ण क्षेत्र

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा जिला के हक के लिए अब सिहोरा विधानसभा की प्रत्येक ग्राम पंचायत में भी सोमवार 25 सितंबर को धरना प्रदर्शन किया जाएगा।लक्ष्य जिला आंदोलन समिति का दावा है कि सिहोरा विधानसभा क्षेत्र की समस्त 60 ग्राम पंचायतों में यह प्रदर्शन होगा।धरना प्रदर्शन के अंत में शाम 5 बजे समिति का प्रतिनिधिमंडल सिहोरा एस डी एम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। ग्राम पंचायत प्रभारी नियुक्त- समिति के सदस्य मानस तिवारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र सिहोरा की प्रत्येक ग्राम पंचायत के धरने प्रदर्शन के लिए समिति के सदस्यों की जिम्मेदारी तय की गई है।सदस्य ग्राम पंचायत स्तरीय धरने में उपस्थित रहेंगे।

**जनमानस की भावना और हक को समझे सरकार** - समिति के कृष्ण कुमार कुररिया ने कहा कि इससे पूर्व समिति ने जनमत संग्रह द्वारा,ग्राम ग्राम सर्वे करके,रैली



और बाजार बंद करके और अनेक लोकतांत्रिक प्रकारों को अपनाकर सरकार को सिहोरावासियों की भावनाओ से अवगत कराने का प्रयास किया गया है। समिति द्वारा सिहोरा जिला संबंधी 2001 से 2003 तक हुई शासकीय कार्यवाही के आधार पर जिला के हक की मांग की गई है।इन सबके बावजूद सरकार के अड़ियल रवैये में कोई परिवर्तन नहीं आया। अब ग्राम पंचायत स्तर पर धरना प्रदर्शन कर सिहोरा जिला की जनभावना और व्यापकता का दावा पेश किया जाएगा। आमरण अनशन और पूर्ण बंद की तैयारी- समिति के सुशील जैन ने कहा कि अब भी यदि मुख्यमंत्री जी ने सिहोरा के प्रति अपना उपेक्षापूर्ण रवैया नही बदला तो आमरण अनशन और सहयोगी संस्थाओं के साथ मिलकर पुन: सिहोरा बंद का आह्वान किया जाएगा। शनिवार को धरने में समिति के विकास दुबे, अनिल जैन, रामजी शुक्ला, प्रदीप दुबे, अमित बक्शी, सुखदेव कौरव, मोहन सोंधिया, संतोष पांडे, नत्थू पटेल, राजभान मिश्रा, कान्हा पांडे, रमाशंकर चौरसिया,आशीष तिवारी, ऋषभ द्विवेदी, अजय विश्वकर्मा सहित अनेक सिहोरावासी मौजूद रहे।



## सिविल कोर्ट चौराहे पर लगे फ्लेक्स का स्ट्रक्चर उठाना भूले समर्थक

**पाटन, देशबन्धु।** नगर में विगत दिनों कांग्रेस पार्टी का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जिसमें राष्टीय नेता एवं प्रदेश के नेताओं के अलावा जिले के विधायकों ने भी कार्यक्रम में शिरकत की थी। उनके स्वागत में पाटन विस टिकिट की चाह रखने वाले नेताओं के समर्थकों के द्वारा कृषि उपज मण्डी प्रांगण और पाटन नगर से लेकर बगदरी हेलीपैड तक फ्लेक्स एवं होडिंग से पूरे नगर को पाट दिया था, लेकिन फ्लेक्स की राजनीति करने वाले शायद सिविल कोर्ट चौराहे पर लगाया चौकोर आकर के स्टक्चर पर फ्लेक्स तो निकलवा दिया, परंतु उसका स्ट्रक्चर चौराहे से उठाना भूल गए, जिसकी वजह से जबलपुर, दमोह, कटंगी, शहपुरा की ओर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। जबकि कार्यक्रम सम्पन्न हुए दो दिन बीत चुके हैं, लेकिन होडिंग एवं फ्लेक्स लगाने वाले जिम्मेदार जनप्रतिनिधि मौन धारण किए हुए है।

## 100 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**सिवनी, देशबन्धु ।** सिवनी जिले में नशीले पदार्थों के परिवहन, बिक्री,और खरीदी पर अंकुश लगाने पुलिस सक्रिय दिखाई दे रही है। वहीं कोतवाली पुलिस ने गांजे के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांजे का अवैध काम कर रहा है।

जिसके बाद थाना प्रभारी कोतवाली की ओर से पुलिस टीम गठित कर मुखबिर सूचना पर रेलवे स्टेशन के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्त में लिया गया। जो एक थैले मे गांजा छिपाकर ले जा रहा था। जहां गांजा जब्त किया गया। थैले में मिले एक किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (गांजा) जिसकी अनुमानित कीमत 10,000 रुपए है। वहीं आरोपी प्रकाश उर्फ वेद प्रकाश झारिया उम्र 46 साल निवासी रेलवे स्टेशन रोड तिलक वार्ड, सिवनी को गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना प्रभारी बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह, अति.पु.अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा तथा एसडीओपी पुरूषोत्तम सिंह मरावी के मार्गदर्शन मे अवैध कार्य करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है।इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी थाना प्रभारी कोतवाली, उनि. अशोक बघेल, उनि. राहुल काकोडिया, प्रआर. रामअवतार डहेरिया, आर. अमित रघुवंशी, आर नितेश राजपूत, आर इरफान खान व मआर. महिमा वैस शामिल रहे।

## श्रीमती दुर्गा तिवारी का निधन



**पनागर, देशबन्धु।** प्रताप वार्ड निवासी श्री बारेलाल तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा तिवारी सेवानिवृत्त शिक्षिका का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे नितिन, सचिन (मानजी) विपिन तिवारी की मां, पेपर वाले राजकुमार तिवारी की भाभी, रिंकू तिवारी, शैलेश तिवारी की बड़ी मां थीं। अंतिम संस्कार दीनदयाल उपाध्याय मंगल भवन के पीछे शमशान घाट पर किया गया।

## फरार इनामी को एसटीएफ ने दबोचा, नकली सोना बेचकर लाखों रुपए की लगाई थी चपत

**शहडोल, देशबन्धु।** स्पेशल टास्क फोर्स जबलपुर (एसटीएफ) की टीम ने जिले के देवलोंद थाना के एक फरारी इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को नकली सोना बेचकर लाखों रुपए की चपत लगाई थी।

एसटीएफ जबलपुर से मिली जानकारी के अनुसार मप्र एसटीएफ प्रमुख विशेष पुलिस महानिदेशक विपिन कुमार माहेश्वरी ने आगामी मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव को शांति पूर्वक ढंग से संपन्न कराये जाने हेतु प्रदेश में लंबे समय से फरार ईनामी/स्थाई वारंटी अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के परिपालन में एसटीएफ जबलपुर को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ जबलपुर राजेश सिंह भदौरिया द्वारा निरीक्षक गनेश सिंह ठाकुर को टीम गठित कर आरोपी की पतारसी हेतु आदेशित किया गया था, जिस पर उप निरीक्षक रघुवीर सिंह सरोते के नेतृत्व में टीम गठित की गई। एसटीएफ जबलपुर ने थाना देवलोंद जिला शहडोल के धारा 420, 34 भादंवि के प्रकरण में फरार आरोपी जसवंत पारदी पिता लिस्टर पारदी निवासी छिदहा टोला खन्ना बंजारी थाना बरही जिला कटनी को मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर थाना देवलोंद के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार फरियादी नन्दलाल सोनी द्वारा थाना देवलोंद में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 जुलाई 2020 को ग्राम शेजहरि थाना देवलोंद के जंगल में लिस्टर पारदी एवं उसके पुत्र जसवंत पारदी द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ नकली सोना बेचकर धोखाधडी पूर्वक 2.10 लाख रुपये ले लिये। रिपोर्ट पर थाना देवलोंद में उक्त अपराध धारा का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## तेन्दूए की खाल के साथ तीन गिरफ्तार





### गाडासरई पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**बजाग, देशबन्धु।** गाडासरई पुलिस ने तीन व्यक्तियों को दो मोटरसाइकिल से जिला अनूपपुर की तरफ से कारनपठार चंदन घाट होते हुए जबलपुर की ओर जाने की सूचना मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए नाकाबंदी कर तीन व्यक्तियों को दो मोटरसाइकिल और वन्य जीव तेंदुआ की खाल सहित गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से जिला अनूपपुर से होते हुए कारनपठार चंदन घाट से जबलपुर की ओर जा रहे थे, उन्होंने वन्य जीव तेंदुआ की खाल बिक्री हेतु लेकर जा रहे थे गड़ासरई पुलिस के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस डिंडोरी केके त्रिपाठी के द्वारा थाना प्रभारी गड़ासरई को नाकाबंदी कर आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी गाड़ासरई द्वारा तत्परता से तत्काल कार्रवाई करते हुए बताए गए मार्ग के ग्राम सुरक्षा टोला यात्री प्रतीक्षालय के सामने में रोड में नाकाबंदी कर दो नग मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्रमांक एमपी 65 एम 3882 व हीरो होंडा स्पलेंडर क्रमांक एमपी 65 एम सी 7528 मैं सवार 1, मनोहर सिंह उर्फ शंकर सिंह तिलगाम पिता रतिराम तिलगाम उम्र 45 वर्ष निवासी कंडीकिपा थाना कारण पठार जिला अनूपपुर, 2, महेंद्र कुशराम पिता मंगल सिंह कुशराम उम्र 52 साल निवासी ग्राम संचरा थाना राजेंद्र ग्राम जिला अनूपपुर, 3, दिनेश सिंह पिता कमल सिंह पतले उम्र 42 वर्ष निवासी बसनीया थाना राजेंद्र ग्राम जिला अनूपपुर के कब्जे से वन्य जीव तेंदुए की दो नग खाल को तस्करी हेतु परिवहन करते पाए जाने पर दो नग खाल दो नाग मोटरसाइकिल तीन नग मोबाइल व नगदी 12,11,390/- रूपयों को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए अपराध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय डिंडोरी पेश किया। कार्यवाही में थाना प्रभारी गड़ासरई दुर्गा प्रसाद नगपुरे, उनि अंगद सिंह बघेल, सउनि बालमुकुंद चौरसिया, सउनि राघवेंद्र ठाकुर प्रआर शंकर लाल बनवासी प्रयाग, प्रआर गोविंद मार्को, आशीष लांजेवर, आर सत्येंद्र उइके आर मुकेश कुमार उइके व साइबर सेल से प्रआर मुकेश प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा अब चुनाव नहीं लड़ेंगे

**वारसॉ, (एजेंसियां)।** पोलैंड के राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा ने शुक्रवार को कहा कि वह 2024 में अपना वर्तमान कार्यकाल समाप्त होने के बाद किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे। श्री डूडा ने पोलिश प्रसारक पसाट के साथ एक साक्षात्कार में कहा, 'मैं चुनाव में हिस्सा नहीं ले रहा हूं। मेरा मानना है कि 2020 में राष्ट्रपति चुनाव आखिरी चुनाव था जिसमें मैंने हिस्सा लिया था।' राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि वह पोलैंड में 15 अक्टूबर को होने वाले संसदीय चुनाव में भी हिस्सा नहीं लेंगे। पोलैंड के संविधान में किसी को भी लगातार दो से अधिक कार्यकाल तक राष्ट्रपति पद पर रहने की अनुमति नहीं है।

# कनाडा ने कुछ सप्ताह पहले भारत को दी थी निज्जर की हत्या की खुफिया जानकारी, ट्रूडो के फिर बदले सुर

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शुक्रवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में कई हफ्ते पहले भारत के साथ सबूत साझा किए थे। ट्रूडो ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए यह बात कही है। ट्रूडो ने कहा, बीते 18 सितंबर को मैंने जो बात कही है, भारत के साथ कई हफ्ते पहले भी कनाडा ने आरोपों के बारे में साझा किया था। उन्होंने कहा, हम भारत के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें उम्मीद है कि वे हमें मदद करेंगे ताकि हम इस बेहद गंभीर मामले की तह तक पहुंच सकें। ट्रूडो का बयान कनाडाई मीडिया के उस दावे के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि वहां की सरकार के पास सिख अलगाववादी नेता की हत्या की जांच के दौरान खुफिया जानकारी हासिल हुई थी।

इस महीने की शुरुआत में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की यात्रा के दौरान भारत सरकार ने इस मुद्दे पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। ट्रूडो कनाडा लौट गए और एक आपातकालीन संसद सत्र को संबोधित किया। इस सत्र के दौरान उन्होंने पहली बार निज्जर की हत्या को लेकर भारत के खिलाफ आरोप लगाए। ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार आरोपों की जांच कर रही है। उन्होंने कहा था कि निज्जर की हत्या में नई दिल्ली की प्रमुख भूमिका हो सकती है।

ट्रूडो ने हाउस ऑफ कॉमन्स को दिए एक बयान में कहा, कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और एक कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बीच संभावित संबंध के विश्वसनीय आरोपों पर सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

गौरतलब है कि निज्जर की 18 जून को कनाडा के सरे में गुरु नानक गुरुद्वारा साहिब की पार्किंग में दो अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, वह खालिस्तान अलगाववादी आंदोलन में शामिल था और अपनी पहचान फर्जी बनाने के बावजूद उसने कनाडा की नागरिकता हासिल कर ली थी। हालांकि, आरोप लगाने के कुछ दिनों बाद ही ट्रूडो ने अब अपना सुर बदल लिया है। सहयोगियों से कोई समर्थन नहीं मिलने के बाद भारत को शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। कनाडाई पीएम ने कहा कि ओटावा चाहता है कि नई दिल्ली इस मुद्दे को ठीक से संबोधित करे। आपको यह भी बता दें कि आरोप लगाने के बावजूद ट्रूडो प्रशासन ने अभी तक कोई विश्वसनीय सबूत पेश नहीं किया है।

## आज का इतिहास

1688 – फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1726 – ईस्ट इंडिया कंपनी को बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में नगर निगम और महापौर अदालतों को बनाने के लिए अधिकृत किया गया।
1789 – अमेरिका में अटॉर्नी जनरल का कार्यालय बनाया गया।
1932 – डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच पुणे की यरवडा सेंट्रल जेल में 'दलितों' के लिए विधानसभाओं में सीटें सुरक्षित करने को लेकर एक विशेष समझौता हुआ।
1932 – बंगाल की क्रांतिकारी राष्ट्रवादी प्रीतिलता वादेदार देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाली पहली महिला बनी।
1948 – होंडा मोटर कंपनी की स्थापना।
1965 – यमन को लेकर सऊदी अरब और मिस्र के बीच समझौता।
1968 – दक्षिण अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1971 – ब्रिटेन ने जासूसी के आरोप में 90 रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया।
1978 – पूर्व सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 – घाना ने संविधान अपनाया।
1990 – पूर्वी जर्मनी ने खुद को वारसा संधि से अलग किया।

## अदालत ने चंद्रबाबू नायडू को दो दिन की सीआईडी हिरासत में भेजा

**विजयवाड़ा।** विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने शुक्रवार को कौशल विकास मामले में पूछताछ के लिए पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू को दो दिनों के लिए सीआईडी को हिरासत में दे दिया। अदालत ने अपराध जांच विभाग (सीआईडी) को नायडू से राजमुंदरी सेंट्रल जेल में पूछताछ करने का निर्देश दिया, जहां वह वर्तमान में बंद हैं। सीआईडी की याचिका पर आदेश सुनाते हुए न्यायाधीश ने उसे नायडू के वकीलों की मौजूदगी में सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक पूछताछ करने का निर्देश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि पूछताछ की तस्वीरें और वीडियो जारी नहीं किए जाने चाहिए। सीआईडी ने तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख की पांच दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने केवल दो दिन की हिरासत की अनुमति दी। अदालत ने सीआईडी से उन अधिकारियों के नाम सौंपने को कहा जो उनसे पूछताछ करेंगे। न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि दो दिन की हिरासत खत्म होने के बाद नायडू को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश किया जाए।

## केरल हाईकोर्ट ने 38 साल से चली आ रही शादी को खत्म करने का सुनाया फैसला

तिरुवनंतपुरम। केरल उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप करते हुए पिछले 38 वर्षों से चली आ रही शादी को खत्म करने का फैसला किया है। अदालत ने कहा कि जो विवाह पूरी तरह से टूट गया है, उसे बनाए रखना दोनों पक्षों के प्रति क्रूरता के समान होगा और इससे कोई सार्थक उद्देश्य पूरा नहीं होगा। शीर्ष अदालत के एक फैसले के अनुसार अपरिवर्तनीय रूप से टूटने के बावजूद पक्षों को एक साथ रखना दोनों पक्षों के प्रति क्रूरता होगी। हाईकोर्ट ने महिला के पति की अपील के बाद यह फैसला लिया। पति ने पारिवारिक अदालत के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पति ने दावा किया कि शादी पूरी तरह से टूट गई है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी पत्नी और दो बच्चों ने उनकी उपेक्षा की है और उन्हें अपने बेटे की शादी में भी आमंत्रित नहीं किया गया है।

## सनातन धर्म मामले में सुप्रीम कोर्ट का तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को नोटिस

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन और 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' के आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने याचिका पर स्टालिन जूनियर, तमिलनाडु पुलिस और अन्य से जवाब मांगा। कोर्ट ने इसे शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित अन्य हेट स्पीच मामलों के साथ टैग करने से इनकार कर दिया। सुनवाई की शुरुआत में, पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त की और पूछा कि याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाना चाहिए।

# जयशंकर ने बताई महिला आरक्षण की कहानी तो अमेरिका में खूब बजी तालियां

खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की मौत को लेकर कनाडा ने भारत पर इल्जाम लगाया है। हालांकि, कनाडा ने अभी भी इस बात का सबूत नहीं दिया कि निज्जर की हत्या में भारत के खुफिया एजेंटों का हाथ था। कनाडाई खुफिया विभाग लगातार इस दावे को आगे बढ़ा रहा है कि निज्जर कनाडा के सरे में गुरु नानक गुरुद्वारे का निर्दोष और धार्मिक प्रमुख था। भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए एक डोजियर में दावा किया गया है कि निज्जर कोई धार्मिक गुरु नहीं बल्कि एक हत्यारा था। निज्जर ने अपने चचेरे भाई और गुरुद्वारे के पूर्व अध्यक्ष रघबीर सिंह निज्जर को धमकी देकर सिख मंदिर का प्रमुख बन गया था।

डोजियर में कहा गया है कि निज्जर खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) के आतंकवादी गुरदीप सिंह उर्फ दीपा हेरनवाला का पुराना सहयोगी था, जो 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में पंजाब में 200 से अधिक हत्याओं में शामिल था। उसे एक अन्य गिरोह के सरगना गुरनेक सिंह उर्फ नेका ने अपराध में शामिल किया था।

डोजियर में कहा गया है कि निज्जर 1996 में रवि शर्मा के नाम पर जाली पासपोर्ट पर कनाडा भाग गया और ट्रक ड्राइवर और प्लंबर के रूप में अपनी पहचान बना ली। इसमें कहा गया है कि वह पाकिस्तान स्थित केटीएफ प्रमुख जगतार सिंह तारा के संपर्क में आया और अप्रैल 2012 में बैसाखी जत्था सदस्य होने की आड़ में पाकिस्तान का दौरा किया। तारा के संपर्क में आते ही वह कट्टरपंथी बन गया था और पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) द्वारा ट्रेन किया गया था। तारा ने उसे 2012 और 2013 में हथियार और विस्फोटक प्रशिक्षण दिया था।

डोजियर में यह भी दावा किया गया है कि 2013 में तारा ने अमेरिका में बैठे हरजोत सिंह बिरिंग के यहां भेजा था। निज्जर हैंडहेल्ड जीपीएस डिवाइस का उपयोग करने का प्रशिक्षण देने के लिए कनाडा गया। 2015 में जब जगतार सिंह तारा को थाईलैंड से भारत निर्वासित किया गया तब निज्जर ने केटीएफ के संचालन प्रमुख की भूमिका निभाई।

डोजियर के मुताबिक, तब तक उसके खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस पहले ही जारी हो चुका था। यह नवंबर 2014 में जारी किया गया था, लेकिन राजनीतिक शरण के उनके अनुरोध को कनाडाई आव्रजन अधिकारियों द्वारा दो बार अस्वीकार किए जाने के बावजूद उसे नागरिकता प्रदान की गई थी। डोजियर के अनुसार, कनाडा में केटीएफ का कार्यभार संभालने के बाद निज्जर केटीएफ मॉड्यूल सदस्यों की पहचान, नेटवर्किंग, प्रशिक्षण, फंडिंग और संचालन में सक्रिय रूप से शामिल था, जिसमें उसकी गतिविधियों की सूची है।

2014 में निज्जर ने कनाडा स्थित एक अन्य सिख कट्टरपंथी सुरजीत सिंह कोहली को धन मुहैया कराया, जिसने बदले में पूर्व बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ काला को बाबा पियारा सिंह भनियारावाला को मारने के लिए हथियार खरीदने के लिए पैसे दिए। रोपड़ में सामाजिक-धार्मिक प्रमुख और शिव सेना नेता संजीव घनौली ने दावा किया कि दोनों पंथ विरोधी हैं।

दिसंबर 2015 में, निज्जर ने मनदीप सिंह धालीवाल को एके-47 असॉल्ट राइफल, स्नाइपर राइफल और पिस्तौल के इस्तेमाल का प्रशिक्षण देने के लिए मिशन हिल्स, ब्रिटिश कोलंबिया, कनाडा में एक हथियार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। जनवरी 2016 में, उसने धालीवाल को शिवसेना नेताओं को मारने और राज्य में सांप्रदायिक स्थिति पैदा करने के लिए पंजाब भेजा, लेकिन उसी साल जून में पंजाब पुलिस ने आतंकवादी को पकड़ लिया।

डोजियर में कहा गया है कि गैंगस्टर से आतंकवादी बने अर्शदीप सिंह डाला के साथ निज्जर ने चार केटीएफ सदस्यों के एक मॉड्यूल को प्रशिक्षित किया, और इसने 2020 और 2021 में लक्षित हत्याओं और अपहरणों को अंजाम दिया। मॉड्यूल के तीन

## सुडोकू 6326


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 7 | | | |
| | | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | | |
| | 3 | | | | 8 | 7 | | |
| | | 5 | | | | 1 | 7 | 4 |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| 9 | 8 | 7 | | | | 2 | | |
| | | 4 | 9 | | | | 2 | |
| | | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | | |
| | | | 7 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6326



**बायें से दायें:-**

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए निःशुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

### वर्ग पहेली-6325

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ले | दे | क | र | ■ | ■ | वि | धि | व | त |
| श | ■ | ल | ■ | ग | र्ज | ना | ■ | ह | ■ |
| मा | न | म | लि | न | ■ | य | त्न | शी | ल |
| त्र | ■ | बं | ■ | का | लि | क | ■ | ■ | ची |
| ■ | बे | द | ख | ल | ■ | ■ | वि | षै | ला |
| ■ | का | ■ | प | ■ | मं | जू | षा | ■ | प |
| ब | र | सा | ना | ■ | ग | ■ | द | फ | न |
| रा | ■ | व | ■ | ग | ल | त | ■ | रे | ■ |
| ब | हु | धा | ■ | ण | ■ | र | ह | ब | र |
| र | ■ | न | र | क | पा | ल | ■ | ■ | ण |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

# कनाडा एनएसए ने महीने भर में 2 बार किया भारत का दौरा, निज्जर केस में किस ओर है अमेरिका

कनाडा और भारत के बीच खुफिया स्तर पर महीने में दो बार बातचीत हो चुकी है। इस सिलसिले में कनाडा की एनएसए जोडी थॉमस ने दो बार भारत का दौरा किया। उन्होंने भारतीय एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की। जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान जोडी थॉमस कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो के साथ भारत आईं। उधर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की रहस्यमयी मौत के सिलसिले में अमेरिका का भी कहना है कि इस मसले पर वह दोनों देशों के संपर्क में है और उचित कार्रवाई का समर्थन करता है। अमेरिका कानूनी तरीके से इस बात की तह तक पहुंचने का समर्थन करता है ताकि दोषियों को सजा मिल सके।



मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जोडी थॉमस और अजीत डोभाल के बीच निज्जर की हत्या के सिलसिले में जांच सक्रिय रूप से आगे बढ़ाने और भारतीय एजेंसियों से जरूरी सहयोग मांगने के मुद्दे पर चर्चा हुई होगी। बता दें भारत के पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भारतीय खुफिया एजेंटों के इस केस से जुड़े होने का मुद्दा उठाया, जिसे भारत ने सिरे नकार दिया।

कनाडाई संसद को दिए अपने बयान में ट्रूडो ने कहा, पिछले कई हफ्तों से कनाडाई सुरक्षा एजेंसियां भारत सरकार के एजेंटों और कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के संबंध में आरोपों को सक्रिय रूप से आगे बढ़ा रही हैं। वहीं भारत ने इन आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया है। भारत ने कनाडा पर खालिस्तान अलगाववादियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने और निज्जर की हत्या पर कोई विशेष जानकारी साझा नहीं करने का आरोप लगाया है। अब इस केस के सिलसिले में अमेरिका का भी पक्ष सामने आया है। अमेरिका ने कहा है कि वह निज्जर की हत्या में भारत से जुड़े आरोपों की जांच करने के कनाडा के प्रयासों का समर्थन करता है। अमेरिका ने कहा कि किसी भी देश को ऐसी गतिविधियों के लिए कोई विशेष छूट नहीं है।

**समस्या** *अब एलओसी से सटे इलाकों में रहने वालों की चिंता बढ़ी*

# एलओसी पर शादियों की धूम पर सीजफायर के टूटने की चिंता

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। हालांकि पिछले सप्ताह एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की मात्र एक ही घटना हुई है लेकिन उसने अब एलओसी से सटे इलाकों में रहने वालों की चिंता बढ़ा दी है। इतना जरूर था कि इस चिंता के बावजूद एलओसी से सटे इलाकों में शादियों की धूम मची हुई है।**

फरवरी 2021 में स्थापित भारत-पाकिस्तान युद्धविराम के मद्देनजर, इस साल कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में शादियों का दिल छू लेने वाला मेला देखा गया है, जो पुरानी यादों और पारिवारिक संबंधों को फिर से जीवंत कर रहा है।

पिछले तीन हफ्तों में, उत्तरी कश्मीर में एलओसी के साथ स्थित गुरेज और उड़ी जैसे क्षेत्रों में कम से कम 25 विवाह समारोह हुए हैं। ये क्षेत्र लंबे समय से एलओसी पार से गोलाबारी और गोलीबारी के कारण होने वाली तबाही से त्रस्त थे, जिससे शादियां एक दुर्लभ और



डरावना अवसर बन गई थीं। इन क्षेत्रों के निवासी, नई मिली शांति का जश्न मनाते हुए, उन प्रियजनों को भी याद करते हैं जिन्हें उन्होंने सीमा पार से गोलाबारी में खो दिया था, यह स्वीकार करते हुए कि उनका दु:ख हमेशा बना रहेगा। उन अंधेरे समय की यादें उन्हें सताती रहती हैं, और वे इतने रक्तपात को देखकर चिंता प्रकट करते थे। सीमा पार से गोलाबारी के बीच शादियों के दौरान डर के माहौल को याद करते हुए उड़ी के रहने वाले जमीर अहमद बताते थे कि कैसे हर जश्न पर हिंसा का खतरा मंडराता रहता था। हालांकि, हाल के सप्ताहों में, खुशहाल शादी समारोह वापस आ गए हैं, मेहमान जोर-शोर से जश्न मना रहे हैं और सपने जैसी खुशी का एहसास कर रहे हैं। उड़ी के एक अन्य निवासी सज्जाद हुसैन के बकौल, अतीत में, हमारे जश्न गोलियों की आवाज से खराब हो गए थे। अब, हम गा सकते हैं, नृत्य कर सकते हैं और अपनी शादियों का पूरा आनंद ले सकते हैं। जबकि गुरेज निवासी इशफाक लोन कहते थे कि युद्धविराम ने हमें एक उज्जवल भविष्य की आशा दी है।

केरन निवासी मुस्कान जान, जिसकी बहन की हाल ही में शादी हुई है, कहती थी कि हम शादियों के दौरान लगातार खतरे के साये में रहते थे। मुस्कान कहती थी कि जो एक खुशी की भावना जिसके बारे में हमने सोचा था कि वह हमेशा के लिए खो गई है, वापस लौट आई है।

याद रहे फरवरी 2021 से लागू किए गए युद्धविराम समझौतों ने इन सीमावर्ती क्षेत्रों में माहौल को बदल दिया है, जिससे परिवारों को शादियों के दौरान अपने प्रियजनों को भय और हिंसा की छाया के बिना विदाई देने की अनुमति मिल गई है।

# खेल जगत

## शमी हमेशा हाफ-वॉली लेंथ से घातक होते है : मार्क वॉ



**नई दिल्ली**। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने मोहाली में पहले वनडे में मोहम्मद शमी के प्रदर्शन (5/51) की तारीफ़ करते हुए कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज हाफ-वॉली लेंथ से हमेशा खतरनाक है। उन्होंने कहा, उन्होंने बिल्कुल सही लेंथ पर गेंद फेंकी और उन्होंने बल्लेबाजों को क्रीज पर रोका -- न शार्ट और न फुल लेंथ, बिल्कुल सही लंबाई जहां आपको थोड़ा सा मूवमेंट मिलता है। इस लेंथ पर बल्लेबाजों को चौका नहीं मिल सकता। शमी उस हाफ-वॉली लेंथ से बैट्समेन को परेशान कर रहे थे। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर ने उस निर्णय के बारे में बात की जो भारतीय थिंक-टैंक को प्लेइंग इलेवन के संबंध में करना है कि क्या शमी और मोहम्मद सिराज दोनों को एक साथ रखना संभव होगा। इन दोनों के बीच एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है।

# आईसीसी टूर्नामेंट से पहले रोटेशन से मदद मिलती है: शमी

**मोहाली**। पहले वनडे में अपने दूसरे पांच विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पांच विकेट की जीत में जोरदार भूमिका निभाने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पुरुष वनडे से पहले टीम प्रबंधन द्वारा अपनाई गई रोटेशन नीति के पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने कहा की कि इससे उन खिलाड़ियों को कुछ समय खेलने में मदद मिलती है जो अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं।



पीसीए स्टेडियम की दो गति वाली पिच पर, शमी ने मिशेल मार्श को जल्दी आउट करके माहौल तैयार किया, इसके बाद स्टीव स्मिथ को आउट करने के लिए लौटे और मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू शॉर्ट और सीन एबॉट को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को देर से पतन की ओर ले गए और 5-51 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया को 276 पर निपटा दिया।

शमी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप एक टीम बनाते हैं, तो खिलाड़ियों को घुमाने में कोच की भूमिका होती है और स्थिति के आधार पर यह तय किया जाता है। आपने देखा होगा कि हमें रोटेशन के कारण नतीजे मिले हैं और मेरा मानना है कि विश्व कप से पहले आपको लगातार दो मैच खेलकर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहिए। फिलहाल, यह अच्छा चल रहा है और हमें अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

यह हमारे लिए अच्छा है क्योंकि ऐसी परिस्थितियों (विश्व कप से पहले) में तेज गेंदबाजों को घुमाना महत्वपूर्ण है। यह गेंदबाजों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, ऐसा नहीं है कि यह बल्लेबाजों के लिए आसान है लेकिन फिर भी। रोटेशन विशेष रूप से आईसीसी टूर्नामेंट से पहले महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से उन लोगों की मदद करता है जिनके पास %मैं कुछ जरूरी गेमटाइम हासिल करने के लिए लय में नहीं हूं।

यह लगातार दूसरा मौका था, जब कोलंबो में एशिया कप फाइनल में मोहम्मद सिराज के घातक स्पैल में छह विकेट लेने के बाद किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने पांच विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। आराम कर रहे सिराज की जगह खेलने वाले शमी को लगा कि अत्यधिक गर्मी में गेंदबाजी करना उनके लिए कोई समस्या नहीं है, हालांकि वह चार ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

हम रणनीति के संबंध में इस (अत्यधिक गर्मी में गेंदबाजी) के बारे में कभी भी ज्यादा बात नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से खेल की स्थिति पर निर्भर करता है कि हमें लंबे या छोटे स्पैल में गेंदबाजी करनी है, जैसे कि विपक्षी बल्लेबाज कैसे हैं। गर्मी निश्चित रूप से एक कारक है लेकिन जब आप इतने लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं तो यह कोई बहाना नहीं हो सकता।

इसका मतलब यह नहीं है कि किसी खिलाड़ी की फिटनेस या स्टेमिना गिर गई है या वह संघर्ष कर रहा है। खिलाड़ी भी इंसान हैं. यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितना प्रयास कर रहे हैं। कभी-कभी, यदि सतह पर्याप्त प्रतिक्रियाशील नहीं है, तो आपको एक तेज गेंदबाज के रूप में इतना अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है और इससे एक या दो ओवर का अंतर हो जाता है। हालांकि यह सब मैदान की स्थिति पर निर्भर करता है।

शमी ने तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह से मिले सहयोग को भी श्रेय दिया, जिन्होंने अपने दस ओवरों में 43 रन देकर एक विकेट लिया। एक गेंदबाज के रूप में यह संतोषजनक है जब आप ऐसी सतह पर लय पाते हैं जो स्वाभाविक रूप से आपके प्रति प्रतिक्रियाशील नहीं है। ये चीजें आपकी गति को बदल देती हैं और यदि आपने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण पर ध्यान दिया है, तो आप देखेंगे कि हम हमेशा एक दूसरे को मदद करते हैं।

अगर मैं विकेट लेता हूं, तो दूसरे छोर पर बुमराह रन रोक रहे होंगे। इस तरह की साझेदारी वाली गेंदबाजी बहुत महत्वपूर्ण है। कोई किसी विशेष दिन पर दूसरे की तुलना में अधिक विकेट लेगा, लेकिन सहायक भूमिकाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण रहेंगी।

शमी ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे को छोड़ने के फैसले से उन्हें सभी प्रारूपों में खेलने की बहुत व्यस्त अवधि के बाद खुद को तरोताजा करने में मदद मिली।

जब भी मैं वापस आया हूं, मेरी गेंदबाजी में वही लय रही है। मुझे ब्रेक की जरूरत थी क्योंकि मैंने सात-आठ महीने तक लगातार क्रिकेट खेला। मेरे मन में, मुझे लग रहा था कि मुझे सीरीज (वेस्टइंडीज के खिलाफ) से ब्रेक लेने की जरूरत है, जो कप्तान और कोच के साथ बातचीत के बाद तय हुआ।%

लेकिन मेरा आराम कभी भी ब्रेक अवधि जैसा नहीं लगा क्योंकि मेरे पास अभ्यास और कंडीशनिंग के लिए घर पर एक विस्तृत प्रशिक्षण सेट-अप है। आमतौर पर, जब मैं भारतीय टीम के साथ नहीं होता हूं तो उससे ज्यादा घर पर ट्रेनिंग करता हूं।

# हम अपने देश के लोगों के लिए विश्व कप जीतने का क्षण फिर से बना सकते हैं : केएल राहुल

**नई दिल्ली**। भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने उस पल को याद किया जब 2011 विश्व कप फाइनल में एमएस धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ विजयी छक्का लगाकर मेजबान टीम को दूसरा वनडे विश्व कप खिताब दिलाया था और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी 2023 संस्करण में वह इस क्षण को फिर दोहरा सकेंगे। राहुल ने जियोसिनेमा से कहा, मैं बेंगलुरु में था और कुछ दोस्तों के साथ मैच देख रहा था। मुझे याद है जब हमने दो विकेट जल्दी खो दिए थे तो हम सभी ने सोचा था कि मैच खत्म हो गया है। बाद में, जब हम जीत गए, तो हम बेंगलुरु के सबसे व्यस्त इलाके में गाड़ी चलाकर पहुंचे और वहां ऐसा दृश्य था, हर कोई उछल रहा था और जश्न मना रहा था। यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था और उम्मीद है कि हम इसे अपने देश के लोगों के लिए फिर से बना सकते हैं।



राहुल विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। नेतृत्व की भूमिका निभाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, टीम प्रबंधन ने पिछले दो वर्षों में मुझ पर बहुत भरोसा दिखाया है। वे मुझे और जिम्मेदारियाँ देते रहते हैं जिससे पता चलता है कि उन्हें मेरी क्षमताओं पर विश्वास है। इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है और मुझे जिम्मेदारी लेने में मजा भी आता है। यह जीवन और क्रिकेट खेलने को और अधिक मजेदार बनाता है।

राहुल ने एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मैच में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाकर दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा, जिसे भारत ने मोहाली में पांच विकेट से जीता था।

हर किसी ने मुझे एशिया कप में खेलते हुए देखा है, मैंने सुपर फ़ोर में सभी मैच खेले हैं। मैंने विकेट के पीछे कीपिंग की, बल्लेबाजी की और रन भी बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उस सवाल का जवाब उन सभी के लिए है जो मेरी फिटनेस को लेकर चिंतित थे। उम्मीद है, मैं विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के साथ आने वाले दो बड़े महीनों को इसी तरह फॉर्म को जारी रखूंगा।

मैच के लिए अपनी शारीरिक तैयारी के बारे में पूछे जाने पर, राहुल ने कहा, मुझे पता था कि जब मैं टीम में लौटूंगा, तो मुझे विकेट बचाकर रखना होगा और बल्लेबाजी करनी होगीज् जब मैं केवल बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो उसकी तुलना में शारीरिक चुनौतियां बहुत अधिक होती हैं। मैं यह जानता था, इसलिए मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत मेहनत की। क्रिकेटरों के रूप में, हम उन चुनौतियों को जानते हैं जिनका हमें मैदान पर सामना करना पड़ेगा और हम प्रशिक्षण और अभ्यास सत्र में इसे दोहराने की कोशिश करते हैं। राहुल ने अपने वनडे करियर की शुरुआत सलामी बल्लेबाज के रूप में की थी, लेकिन 2019 में पिछले विश्व कप के बाद से उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में सफलता मिली है।

## वॉलीबॉल ओलंपिक क्वालीफायर में अमेरिका ने इटली को हराया

**वारसॉ**। अमेरिकी महिला वॉलीबॉल टीम ने लॉड्ज़, पोलैंड में वॉलीबॉल ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में इटली को 3-1 (25-19, 23-25, 25-21, 25-18) से हराकर अपनी जीत का सिलसिला पांच मैचों तक बढ़ा दिया है। जॉर्डन थॉम्पसन ने अपनी टीम को 24 अंकों के साथ भारी जीत दिलाई, जबकि हिटर केल्सी रॉबिन्सन ने 16 अंक दिए। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली के लिए एकातेरिना एंट्रोपोवा ने 20 अंक अर्जित किए। डेविड माज़ांती के खिलाड़ियों ने अधिक गलतियाँ कीं और अमेरिका को 24 अंक दिए, जिसने त्रुटियों पर 14 अंक खो दिए। पहले सेट में 25-19 से हारने के बाद, इटली ने दूसरे सेट को 25-23 से अपने नाम करके बेहतरीन तरीके से वापसी की, क्योंकि एंट्रोपोवा ने सात हमलों, एक ब्लॉक और एक ऐस के साथ नौ अंक जुटाए। ओलंपिक चैंपियन अमेरिका ने अपने पूल सी अभियान में पांचवीं जीत के लिए अगले दो सेट हासिल किए, और एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ शीर्ष स्थान पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। इटली चार जीतों के साथ दूसरे स्थान पर है, और पोलैंड भी 4-1 रिकॉर्ड के साथ उसके बाद है। इससे पहले शुक्रवार को, मेजबान पोलैंड ने मार्टिना कज़र्नियांस्का के स्पाइक और टाई-ब्रेक के अंतिम मिनट में एक प्रभावी डबल ब्लॉक की बदौलत जर्मनी को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (20-25, 27-25, 25-21, 22-25, 15-12) से हराया। शनिवार को पोलैंड संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगा, थाईलैंड का सामना दक्षिण कोरिया से होगा और इटली का जर्मनी के खिलाफ मुकाबला होगा।

# भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज

**मोहाली**। आस्ट्रेलिया को पहले एक दिवसीय मैच में हरा कर भारत ने टी-20 और टेस्ट मैच के बाद वनडे रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

शुक्रवार को खेले गये मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था और इस जीत के साथ ही टीम ने पाकिस्तान को वनडे रैंकिंग के शीर्ष से नीचे ढकेलते हुये खुद को नम्बर एक पर काबिज कर लिया। क्रिकेट के तीनो प्रारूपों में अव्वल रहने का करिश्मा इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम ने वर्ष 2012 में किया था। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की जीत के बाद फ़िलहाल भारत के पास 116 अंक हैं जबकि पाकिस्तान 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है।



सितंबर के महीने में भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लगातार शीर्ष स्थान के लिए लड़ाई चलती रही है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान ने नंबर 1 रैंकिंग अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ़्रीका में लगातार तीन मैच हारते हुए इस रेस में पिछड़ गए थे। भारत ने पहले एशिया कप फ़ाइनल में श्रीलंका को रौंदा और फिर मोहम्मद शमी की गेंदबाज़ी से प्रेरित ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मैच में हराया जहां 1987 के बाद केवल पहली बार उनके लिए शीर्ष छह में चार बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक जड़े।

भारत के पास चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो खिलाड़ियों के रैंकिंग्स में टॉप स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव टी20आई के शीर्ष बल्लेबाज़ हैं, मोहम्मद सिराज वनडे के शीर्ष गेंदबाज़, जबकि आर अश्विन और रवींद्र जाडेजा क्रमश: टेस्ट के शीर्ष गेंदबाज़ और ऑलराउंडर स्थान पर क़ाबिज़ हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ के बचे मैच इंदौर और राजकोट में खेले जाएंगे। इसके बाद उन्हें दो विश्व कप वॉर्म-अप खेलकर अपने अभियान की शुरुआत चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के ही ख़िलाफ़ करनी होगी।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान को भरोसा , वार्म अप मैच से पहले मिल जायेगा वीजा

**लाहौर**। भारत में पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले क्रिकेट विश्व कप के लिये अपने किट बैग तैयार कर रही पाकिस्तानी टीम को भरोसा है कि हैदराबाद में 29 सितंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की टीम को शुक्रवार तक विश्व कप के लिये भारतीय वीज़ा नहीं मिल सका था हालांकि इसके लिये आवेदन पहले ही कर दिया गया था मगर भरोसा है कि वर्ल्ड कप के वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। दरअसल, पाकिस्तान की टीम विश्व कप से पहले दुबई में कुछ दिन रहकर टूर्नामेंट की तैयारी करना चाहती थी मगर वीज़ा मिलने में देरी के चलते उन्होने अपने कार्यक्रम में फेरबदल कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक वीजा में देरी के चलते पाकिस्तान की टीम अपनी सीधी उडान से हैदराबाद आने की सोच रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व कप के लिए यात्रा करने वाली नौ टीमों में पाकिस्तान इकलौती ऐसी टीम है जो अपने वीज़ा का इंतज़ार कर रही है। दोनों देशों के बीच राजनैतिक तनाव के चलते वीज़ा लेने की प्रक्रिया काफ़ी जटिल है। पाकिस्तान की टीम ने 2016 में आखिरी बार टी20 विश्वकप खेलने भारत आयी थी।

### बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट न्यूजीलैंड के दक्षिण अफ्रीका के महिला दौरे से बाहर

**ऑकलैंड**। न्यूजीलैंड की महिला विकेटकीपर बल्लेबाज बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट पोस्ट-वायरल पेरिकार्डिटिस से पीड़ित होने के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर हो गई हैं। इज़ी गेज़, जिन्हें न्यूज़ीलैंड की एकदिवसीय टीम में नामित किया गया था, अब दौरे के टी20 चरण में बर्नाडाइन की जगह लेंगी।

### सुडोकू 6326 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 |

# औरों से जुदा हैं बाबर, विश्व कप में गेंदबाजों के लिए बनेंगे सिरदर्द : गंभीर

**मोहाली**। भारत के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम गेंदबाजों के लिये सरदर्द साबित होंगे।



क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गंभीर ने स्टार स्पोर्टस पर अपनी राय व्यक्त करते हुये कहा कोई शक नहीं कि विराट कोहली,केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ,जो रूट,रोहित शर्मा और डेविड वार्नर दुनिया के धाकड़ बल्लेबाज हैं मगर बाबर आजम के पास वह क्वालिटी है कि वह किसी भी गेंदबाज को छकाने का माद्दा रखते हैं। मैने बहुत कम ऐसे खिलाड़ी देखे है जिनके पास इतना वक्त है बल्लेबाजी करने के लिये। बाबर आजम के पास अलग लेवल की क्वालिटी है जो उन्हे मौजूदा बल्लेबाजों से अलग बनाती है।

गौरतलब है कि विश्वकप का आगाज पांच अक्टूबर को होगा मगर भारत अपना पहला मैच आस्ट्रेलिया के साथ आठ अक्टूबर को चेन्नई में खेलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा। टूर्नामेंट का फाइनल में भी अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिए 108 वनडे मुकाबलों में 58.16 की औसत से 5409 रन बनाए हैं जिसमें उनके 19 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं।

## टीटी में भारत ने दिखाया दम, महिला और पुरूष अगले दौर में

**हांगझोउ**। टेबल टेनिस में महिला और पुरूष टीम ने शुक्रवार को अपने अपने ग्रुप मैच जीतकर 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।



यमन के खिलाफ पहले मुकाबले में शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की जबकि बाद में सिंगापुर के खिलाफ भी पुरूष टीम ने मुकाबला 3-1 से अपने नाम कर लिया। जी साथियान ने यमन के अली उमर अहमद को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया जबकि उम्रदराज शरथ ने इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से शिकस्त दी। देश के शीर्ष वरीय खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-1, 11-1, 11-7 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया।

दिन के दूसरे मैच में साथियान ने सिंगापुर के इजक यंग क्वेक को 5-11 12-10 11-6 11-9 से हराया वहीं हरमीत ने यिउ एन कोएन पांग पर 5-11 12-10 11-6 11-9 से शिकस्त दी। हालांकि शरथ कमल को झे यु क्लारेंस चियू से 11-13 8-11 12-10 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। बाद में साथियान ने पांग को 11-7 10-12 11-9 11-6 से घुटनो पर बैठा दिया। भारतीय महिला टीम ने पूल एफ के शुरुआती मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया। पहले मैच में अयहिका मुखर्जी को जियांग जेंग से 11-7 2-11 7-11 10-12 से हार का सामना करना पड़ा मगर मनिका बत्रा ने जिंग्यी झोउ को 11-9 9-11 11-7 11-3 से हराकर मुकाबला बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। श्रीजा अकुला ने जिन रू वोंग को 12-14 11-9 8-11 11-9 11-7 से पराजित कर भारत को बढ़त दिला दी मगर यह बढ़त लंबे समय तक नहीं चल सकी जब मनिका बत्रा को झेंग से 3-11 11-3 10-12 12-10 10-12 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन मुखर्जी ने झोउ पर 11-7 11-8 9-11 11-5 की जीत से सुनिश्चित किया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लक्ष्य हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना

**हांगझोउ**। दिल में दृढ़ संकल्प और हाथों में हॉकी स्टिक के साथ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी यात्रा शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीतने के बाद, भारतीय टीम इस गति को आगे बढ़ाने और स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय टीम का एशियाई खेलों में एक समृद्ध इतिहास है क्योंकि उन्होंने तीन स्वर्ण पदक (1966, 1998, 2014), नौ रजत पदक ((1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002) और मार्की टूर्नामेंट में अब तक तीन कांस्य पदक (1986, 2010, 2018) जीते हैं।



इसलिए, भारतीय टीम का लक्ष्य अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना और स्वर्ण पदक के लिए हर संभव प्रयास करना होगा क्योंकि इससे उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता हासिल करने में मदद मिलेगी।

विशेष रूप से, भारत को 19वें एशियाई खेल में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है और वे 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

इस बीच, भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जिनकी निरंतरता और नेतृत्व ने भारत की हालिया सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह और प्रेरणा व्यक्त की। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात है, और हम एशियाई खेलों में अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले, हम चुनौतीपूर्ण अभ्यास सत्र से गुजरे हैं, और प्रत्येक सदस्य शिविर पूरी तरह से केंद्रित और समर्पित है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - स्वर्ण पदक जीतना और अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करना।

साथ ही, कोच क्रेग फल्टन, जो अपनी रणनीतियों और कौशल को बेहतर बनाने के लिए टीम के साथ लगातार काम कर रहे हैं, का मानना है कि एकता और अनुशासन हांगझोउ में सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने कहा, हम टीम वर्क और मानसिक ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हुए कड़ी तैयारी कर रहे हैं। हमारी टीम में प्रतिभा है, और अब यह मैदान पर हमारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के बारे में है। हम प्रतिस्पर्धा का सामना करने और भारत को गौरव दिलाने के लिए उत्सुक हैं। 24 सितंबर को अपने शुरुआती मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ने के बाद, भारतीय टीम को क्रमश: 26, 28 और 30 सितंबर को सिंगापुर, जापान और पाकिस्तान से भिड़ना है। उनका अंतिम ग्रुप स्टेज मुकाबला 2 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ होगा।

### भारत के मुकाबले

24 सितंबर को, भारत बनाम उज्बेकिस्तान, भारतीय समयानुसार 08.45 बजे

26 सितंबर को, भारत बनाम सिंगापुर, 06.30 बजे

28 सितंबर को, भारत बनाम जापान, भारतीय समयानुसार 1815 बजे

30 सितंबर को, भारत बनाम पाकिस्तान, 18.15 बजे

2 अक्टूबर को, भारत बनाम बांग्लादेश, 13.15 बजे

| SENSEX | BSE | 66009.15 ▼ 221.09 | NSE | 19674.25 ▼ 68.10 | MCX | Gold 59920 ▲ 98 | silver 73631 ▲ 563 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**अगस्त में हुई निवेश की बरसात, इन कंपनियों पर निवेशक मेहरबान, पहली कतार में अडानी का भी नाम**

नई दिल्ली। भारतीय कंपनियों के लिए निवेश के लिहाज से अगस्त का महीना शानदार साबित हुआ है. महीने के दौरान भारतीय कंपनियों को रिकॉर्ड निवेश मिले. एक ताजी रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अगस्त में भारतीय कंपनियों को 67 सौदों में 5.2 बिलियन डॉलर के निवेश मिले.निवेश जुटाने के मामले में अडानी समूह की कंपनियां भी अगस्त में पहली कतार में शामिल रहीं.आईवीसीए-ईवाय की मंथली पीई/वीसी रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त महीने के दौरान भारतीय कंपनियों में आया निवेश एक महीने पहले यानी जुलाई 2023 की तुलना में 18 फीसदी ज्यादा रहा. साल भर पहले से तुलना करें तो निवेश का आंकड़ा डबल से भी ज्यादा हो गया. निवेश का यह आंकड़ा साल भर पहले की तुलना में 127 फीसदी ज्यादा रहा.





## कसिनो चेन डेल्टा कॉर्प को जीएसटी चोरी के 11,139 करोड़ के भुगतान का आदेश

**नई दिल्ली।** जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय ने देश की सबसे बड़ी कसिनो चेन डेल्टा कॉर्प को 11,139 करोड़ रुपये की कथित देनदारी का भुगतान करने को कहा है। हालांकि कंपनी ने इसे अदालत में चुनौती देने की बात कही है। महानिदेशालय के हैदराबाद स्थित कार्यालय ने डेल्टा कॉर्प को शुक्रवार को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 74(5) और गोवा एसजीएसटी अधिनियम, 2017 के तहत बकाया कर और जुर्माने के भुगतान आदेश दिया है। आरोप है कि कंपनी ने जुलाई 2017 से मार्च 2022 की अवधि के लिए जीएसटी का कम भुगतान किया है। उसे ब्याज और जुर्माने के साथ 11,139 करोड़ रुपये की कथित कर देनदारी का भुगतान करने की सलाह दी गई है, ऐसा न करने पर कंपनी को धारा 74(1) के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। डेल्टा कॉर्प ने कहा, डीजी नोटिस में दावा की गई राशि अन्य बातों के साथ-साथ संबंधित अवधि के दौरान कसिनो में खेले गए सभी खेलों में लगाई गई बाजी के सकल मूल्य पर आधारित है।

# दलहन फसलों की बुवाई सुधरी

## धान का रकबा बढ़कर 411 लाख हेक्टेयर के पार

*नई दिल्ली। चालू खरीफ सीजन में शुरू में पिछड़ने वाली दलहन फसलों की बोआई में अब सुधार देखा गया। हालांकि खरीफ फसलों की बुवाई खत्म हो चुकी है। लेकिन सरकार द्वारा बुवाई के आंकड़े अभी जारी किए जा रहे हैं। एक सितंबर तक जारी बुवाई के आंकड़ों में दलहन फसलों के रकबा में 8.48 फीसदी गिरावट दर्ज की गई थी, जो अब घटकर 5 फीसदी से भी कम रह गई है।*



केंद्र सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार 22 सितंबर तक 122.57 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलें बोई जा चुकी हैं, जो पिछली समान अवधि से 4.61 फीसदी कम हैं। इस सप्ताह तक अरहर की बोआई 5.14 फीसदी घटकर 43.69 लाख हेक्टेयर, उड़द की 1.57 फीसदी घटकर 32.79 लाख हेक्टेयर और मूंग की 6.95 फीसदी घटकर 31.56 लाख हेक्टेयर रही।

**धान का रकबा बढ़कर 411 लाख हेक्टेयर के पार** - मॉनसून में देरी के बावजूद धान के रकबा में बढ़ोतरी देखी गई है। इस साल 22 सितंबर तक 411.52 लाख हेक्टेयर में धान की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 400.72 लाख हेक्टेयर में बोई गई धान से 2.70 फीसदी अधिक है। इस खरीफ सीजन में कपास का रकबा 3.25 फीसदी घटकर 123.42 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि गन्ना के रकबा में 7.64 फीसदी इजाफा हुआ है।

**तिलहन फसलों का रकबा घटा, मोटे अनाजों का बढ़ा** - इस खरीफ सीजन में तिलहन फसलों के रकबा में 1.62 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। अब तक 192.91 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलें बोई जा चुकी हैं। पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 196.08 लाख हेक्टेयर था।

खरीफ सीजन की सबसे बड़ी तिलहन फसल सोयाबीन की बुवाई 0.65 फीसदी बढ़कर 125.59 लाख हेक्टेयर और अरंडी का रकबा 2.52 फीसदी बढ़कर 9.47 लाख हेक्टेयर हो गया। हालांकि मूंगफली, सूरजमुखी, तिल जैसी अन्य तिलहन फसलों के रकबा में गिरावट आई है। इस बीच, मोटे अनाजों के कुल रकबा में इजाफा हुआ है। इस खरीफ सीजन में अब तक 186.07 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाजों की बुवाई हो चुकी है। जो पिछली समान अवधि से 1.27 फीसदी ज्यादा है। मक्का की बुवाई में 3.22 फीसदी, रागी की बुवाई में एक फीसदी और बाजरा की बुवाई में आधा फीसदी इजाफा हुआ है। हालांकि ज्वार के रकबा में 9 फीसदी कमी आई है।

## म्यूचुअल फंड्स की होगी फॉरेंसिक जांच, 34 संस्थाओं की हुई लिस्टिंग




*नई दिल्ली। बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल फंड, उनकी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों और न्यासियों की फॉरेंसिक जांच के लिए ई एंड वाई, डेलॉयट टॉशे तोहमात्सु इंडिया और ग्रांट थॉर्नटन भारत सहित 34 संस्थाओं को सूचीबद्ध किया है।*

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने कहा कि केपीएमजी एश्योरेंस एंड कंसल्टिंग सर्विसेज, चोकशी एंड चोकशी, नांगिया एंड कंपनी और पिपारा एंड कंपनी अन्य सूचीबद्ध संस्थाओं में से हैं। पैनल में शामिल होने की अवधि 20 सितंबर 2023 से 19 सितंबर 2026 तक है।

**सेबी ने किया मूल्यांकन** - फरवरी में पूंजी बाजार नियामक द्वारा आमंत्रित रूचि पत्र (ईओआई) के जवाब में सभी आवेदनों के मूल्यांकन के बाद इन 34 संस्थाओं को सूचीबद्ध किया गया है। इन संस्थाओं को मोबाइल, कंप्यूटर, टैबलेट, हार्ड ड्राइव और यूएसबी ड्राइव से डिजिटल साक्ष्य का अधिग्रहण, निष्कर्षण और विश्लेषण करना जरूरी है। जुलाई महीने में सेबी ने म्यूचुअल फंड उद्योग के बढ़ते पैमाने के बीच यूनिटधारकों के हितों की रक्षा के लिए म्यूचुअल फंड ट्रस्टियों की भूमिका और जवाबदेही बढ़ा दी। **बॉन्ड म्यूचुअल फंड से 25,872 करोड़ रुपये की निकासी**- एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुताबिक अगस्त महीने के दौरान 16 बॉन्ड कैटेगरी में से 9 में निकासी हुई।

## दो बड़े सेमीकंडक्टर प्रस्तावों पर बात चल रही : वैष्णव

*साणंद । केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि दो बड़े सेमीकंडक्टर प्रस्तावों पर बात चल रही है और आने वाले कुछ महीनों में इनके आकार लेने की उम्मीद है।*

केंद्रीय मंत्री ने प्रस्तावों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं देते हुए कहा कि परियोजनाएं विशिष्ट क्षेत्र की हैं, जिनमें भारत वैश्विक स्तर पर अगुआ के तौर पर उभर सकता है।

माइक्रोन सेमीकंडक्टर संयंत्र के आधारशिला कार्यक्रम के दौरान मीडिया से वैष्णव ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनी इस क्षेत्र में भारत द्वारा की गई प्रगति और प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़े और जटिल नीतिगत निर्णयों को क्रियान्वित करने की क्षमता पर ध्यान दे रही है। वैष्णव ने कहा, इसने भारत को एक प्रमुख विश्वसनीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया है, जिसमें वैश्विक कंपनियां आना चाहती हैं। हम आने वाले कुछ महीनों में कम से कम दो और बड़े सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को आकार लेते देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विशिष्ट क्षेत्र हैं जहां भारत नेतृत्व कर सकता है और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का ध्यान उन क्षेत्रों पर होगा जो देश को दुनिया के अन्य हिस्सों में प्रौद्योगिकी निर्यात करने में मदद कर सकते हैं। मंत्री ने कहा कि माइक्रोन संयंत्र दिसंबर 2024 से पहली चिप का उत्पादन शुरू कर देगा।

इस संयंत्र का निर्माण शुरू हो गया है। मेमोरी चिप निर्माता माइक्रोन ने जून में गुजरात में सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की, जिसमें कुल 2.75 अरब डॉलर (लगभग 22,540 करोड़ रुपये) का निवेश होगा। माइक्रोन दो चरणों में संयंत्र स्थापित करने में 82.5 करोड़ डॉलर तक का निवेश करेगी और बाकी निवेश केंद्र और राज्य सरकार से आएगा।

## व्यापारिक संगठनों, उद्योग निकायों और सरकार को उम्मीद

### भारत में खपत से ज्यादा होगा चीनी का उत्पादन



*नई दिल्ली। अक्टूबर से शुरू होने वाले 2023-24 चीनी सत्र में चीनी की वैश्विक मांग की तुलना में आपूर्ति कम रहने की संभावना है। वहीं भारत के ज्यादातर व्यापारिक संगठनों, उद्योग निकायों और यहां तक कि सरकार का भी मानना है कि मांग की तुलना में भारत में चीनी की आपूर्ति अधिक बनी रहेगी। अगले साल एथनॉल बनाने में चीनी के इस्तेमाल के बावजूद चीनी की कमी होने की संभावना नहीं है।*

इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (इस्मा) के अध्यक्ष आदित्य झुनझुनवाला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'हमारा मानना है कि 2023-24 सीजन में चीनी का उत्पादन 317 लाख टन बना रहेगा, जैसा कि हमने जून में अनुमान लगाया था। ओपनिंग स्टॉक करीब 55 लाख टन है। ऐसे में चीनी की आपूर्ति करीब 372 लाख टन होगी, जबकि खपत करीब 280 लाख टन होती है। ऐसे में अफरा-तफरी की कोई वजह नहीं बनती है।'एथनॉल बनाने के लिए 45 लाख टन चीनी के इस्तेमाल के बाद इतने उत्पादन का अनुमान लगाया गया है।

झुनझुनवाला ने कहा कि एसोसिएशन अक्टूबर में उत्पादन के अनुमान की एक बार फिर समीक्षा करेगा, तब महाराष्ट्र व कर्नाटक में मॉनसून की बारिश में देरी की फसलों पर पड़ने वाले असर का भी आकलन होगा। सूत्रों ने कहा कि केंद्र सरकार भी मान रही है कि एथनॉल के लिए चीनी के डायवर्जन के बाद 2023-24 सत्र में चीनी का शुद्ध उत्पादन करीब 300 लाख टन रह सकता है, जबकि खपत करीब 280 लाख टन रहेगी। वरिष्ठ अधिकारियों ने कुछ सप्ताह पहले कहा था कि आगामी सीजन में मांग आपूर्ति की स्थिति को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। अगर वैश्विक स्थिति देखें तो इंटरनैशनल शुगर ऑर्गेनाइजेशन (आईएसओ) ने अपने ताजा अनुमान में चीनी का वैश्विक उत्पादन 2023-24 के लिए बढ़ाकर 1,748.3 लाख टन कर दिया है, जो 2022-23 चीनी सत्र में हुए उत्पादन की तुलना में 1.2 प्रतिशत कम है।

**चीनी की वैश्विक खपत 1,769.5 लाख टन रहने की संभावना**-चीनी की वैश्विक खपत 1,769.5 लाख टन रहने की संभावना है। ऐसे में वैश्विक स्तर पर चीनी की मांग आपूर्ति की तुलना में 21.2 लाख टन कम रह सकती है। चीनी की कमी के अनुमान के कारण इसके वैश्विक दाम में पिछले कुछ सप्ताह में तेजी आई है। एग्रीमंडी के सह संस्थापक और सीईओ उप्पल शाह ने कहा, 'आईएसओ ने 2023-24 के लिए चीनी की बैलेंस शीट जारी की है। आंकड़ों से पता चलता है कि चीनी के वैश्विक उत्पादन में 1.23 प्रतिशत की गिरावट आएगी। ऐसे में चीनी की कमी 21 लाख टन रह सकती है। कई चीजों पर ध्यान रखने की जरूरत है। भारत में सितंबर और अक्टूबर के दौरान कैसी बारिश हुई और इसका नए सत्र में चीनी उत्पादन पर कितना असर पड़ सकता है। ब्राजील रिकॉर्ड फसल की बात कर रहा है। लेकिन कच्चे तेल की कीमत ज्यादा होने के कारण एथनॉल में ज्यादा चीनी का इस्तेमाल हो सकता है। खासकर भारत के लिए अगले 2 महीने अहम हैं। चीनी के निर्यात में कटौती की खबरें हैं, लेकिन अभी शुरुआती समय है। शेष सीजन के लिए अनुमान लगाने से लिए जनवरी 2024 बेहतर वक्त होगा।'

## संसद की समिति ने की सिफारिश, हर साल हो निवेश नीति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** श्रम पर बनी संसद की स्थायी समिति ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम को हर साल अपनी निवेश नीति की समीक्षा करने का सुझाव दिया है क्योंकि सामाजिक सुरक्षा निकाय के सरकरी बॉन्डों में निवेश से मिलने वाले ब्याज में कुछ वर्षों से गिरावट देखी जा रही है।

समिति ने पाया कि सरकार की प्रतिभूतियों (इसमें सरकारी बॉन्ड व राज्य विकास ऋण शामिल होता है) से मिलने वाला ब्याज 2021-22 में घटकर 4,711 करोड़ रुपये रह गया, जो 2020-21 में 5,115 करोड़ रुपये था। इसी तरह से बैंकों में सावधि जमा और विशेष जमा खातों (एसडीए) से मिलने वाला ब्याज (इसमें अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और एएए रेटिंग वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के बॉन्डों में निवेश शामिल है) 2021-22 में घटकर 1,290 करोड़ रुपये रह गया है, जो 2019-20 में 4,075.48 करोड़ रुपये था।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, 'समिति ने पाया कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के बॉन्डों में ऋण का जोखिम हो सकता है और पिछले कुछ साल से इनसे मिलने वाले ब्याज में कमी आ रही है। बहरहाल मंत्रालय ने कहा है कि ईएसआईसी पोर्टफोलियो के किसी निवेश में अब तक कोई चूक या कमी नहीं हुई है। समिति का सुझाव है कि बगैर नागा किए



हुए हर साल निवेश नीति की समीक्षा की जानी चाहिए।'फरवरी 2023 तक ईएसआईसी की कुल निवेश राशि पिछले 6 साल में दोगुने से ज्यादा होकर 1.33 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो मार्च 2017 में 60,000 करोड़ रुपये थी। इस कुल निवेश राशि में से ईएसआईसी ने 84,118 करोड़ रुपये (74 प्रतिशत) सरकारी प्रतिभूति (जी सेक, राज्य विकास ऋ्रण, सरकार की गारंटी वाले और सरकार के बॉन्ड) में निवेश किया है। वहीं एएए रेटिंग वाले पीएसयू के बॉन्डों में 32,401 करोड़ रुपये (21 प्रतिशत) और करीब 6,330 करोड़ रुपये कम अवधि के डेट इंस्ट्रूमेंट में निवेश किया है ।इसके पहले ईएसआईसी ने अपने अतिरिक्त कोष का निवेश एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से इक्विटी में करने का फैसला किया था। समिति ने चिंता जताई कि सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के तहत बढ़े कवरेज में न तो श्रम मंत्रालय ने गंभीरता दिखाई है, न कर्मचारी राज्य जीवन बीमा निगम ने दिलचस्पी ली है। पिछले सप्ताह लोकसभा के अध्यक्ष को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है, 'समिति इस बात से चिंतित है कि इस समय मंत्रालय / ईएसआईसी सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के तहत उपलब्ध कराए गए विस्तारित कवरेज देने के लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। समिति का विचार है कि योजना को लागू करने के लिए शुरुआती काम, सरकारी विभागों से आंकड़ों का संग्रह, सदस्यों/बीमित व्यक्तियों की पहचान के लिए आधार का इस्तेमाल गंभीरता से करने की जरूरत है।' ईएसआई कोष में 21,000 रुपये महीने कमाने वाले श्रमिकों के वेतन का 4 प्रतिशत आता है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच-74150 चांदी रिफाइन -75200

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60600 चांदी टंच-74150 चांदी रिफाइन -75200


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82. 93 |
| एक यूरो | 88. 32 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101. 69 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 55 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## दमदार उत्पादन सरसो की बीज से मिला प्रति बीघा 4 क्विंटल

*नई दिल्ली। भारत में खाद्यतेल की खपत का लगभग 44प्रतिशत उत्पादन करता है, जिसमें सरसों का अधिकतम योगदान है, जो 39प्रतिशत है, उसके पश्चात सोयाबीन (24प्रतिशत), मूंगफली (7प्रतिशत) इत्यादि का नंबर लगता है। सरसों की खेती राजस्थान में लोकप्रियता में बढ़त देख रही है और पिछले साल राजस्थान भारत में सरसों का प्रमुख उत्पादक बन गया है।*

सरसों की खेती भारत की खाद्य तेल आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने वाली महत्वपूर्ण फसल है और इन वजहों से कई किसानों को अपने खेतों में सरसों उगाने के लिए आकर्षित किया है।

एक सरसों उत्पादक किसान रामा किशन जी ने अपनी सरसों उत्पादन को बहुत बढ़ा दिया। अपने अनुभव को साझा करते हुए, रामा किशन जी ने कहा, पिछले साल की तुलना में, एग्रोस्टार से समय पर सलाह और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट की मदद से प्रति भीगा 400 किलोग्राम का भरपूर उत्पादन मिला। मैंने अपने खेत में एग्रोस्टार नियॉन सरसो के बीज का उपयोग किया जिससे मुझे अन्य वैरायटी की तुलना में 18-20 सरसो के अधिक गुच्छे मिले, जिसके 1 फ़ली में 18-20 सरसों के बीज थे और उसकी शाखाएं अन्य वैरायटी की तुलना में बड़ी थी।

इसके साथ ही मैंने भूमिका और सल्फर 90जी जैसे उत्पादों का उपयोग किया, जिससे मेरी सरसों की फसल स्वस्थ बनी रही। एग्रोस्टार भारत का एक प्रमुख एग्री-टेक स्टार्टअप है पिछले एक दशक में, भारत भर में 12 लाख से अधिक सरसों किसानों ने एग्रोस्टार की सलाह सेवाओं और उच्च गुणवत्ता वाले कृषि प्रोडक्ट्स पर भरोसा जताया है।

## विदेशों में खर्चों पर लग सकता है 20 प्रतिशत तक टीसीएस, 1 अक्टूबर से कैसे होगा टीसीएस का कैलकुलेशन

*नई दिल्ली। 1 अक्टूबर से अगर आप एलआरएस (लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम) के तहत विदेश में 7 लाख रुपये से ज्यादा खर्च करते हैं तो ज्यादा टीसीएस लगाया जा सकता है। यह टीसीएस दर 5 प्रतिशत से लेकर 20प्रतिशत तक हो सकती है।*

केवल चिकित्सा एवं शैक्षणिक प्रयोजनों पर किये गये व्यय के कारण यह कम रह सकता है। एलआरएस के तहत भारतीय रिजर्व बैंक एक वित्तीय वर्ष में 2,50,000 डॉलर तक खर्च करने की अनुमति देता है। एलआरएस के तहत नई टीसीएस दर का उल्लेख पहली बार 2023 के बजट में किया गया था।




नई दरों से मेडिकल और शिक्षा खर्च में कोई बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जो भारत के बाहर रियल एस्टेट, बॉन्ड और स्टॉक में निवेश करते हैं। इस दर का असर अनिवासी भारतीयों को भेजे जाने वाले टूर पैकेज और उपहारों पर भी पड़ेगा। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 206सी की उपधारा 1जी एलआरएस लेनदेन और विदेशी टूर पैकेज पर टीसीएस संग्रह का अधिकार देती है।

**विदेश यात्रा पैकेज में क्या शामिल होगा?** - इस सवाल के जवाब में वित्त मंत्रालय ने कहा कि ओवरसीज टूर प्रोग्राम पैकेज में कोई भी टूर पैकेज शामिल होगा जिसमें कोई व्यक्ति भारत के बाहर एक या अधिक देशों में जाता है। इसमें यात्रा, होटल, बोर्डिंग, सामान ले जाना या इसी तरह का कोई अन्य खर्च शामिल होगा। लेकिन अगर कोई व्यक्ति अपने लिए टिकट खरीदता है या केवल होटल बुकिंग करता है, तो इसे ओवरसीज टूर पैकेज में शामिल नहीं किया जाएगा।

**टीसीएस फाइनल नहीं है- वित्त मंत्रालय** - वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि टीसीएस अंतिम नहीं है, जिसका अर्थ है कि करदाता टीसीएस भुगतान के लिए क्रेडिट का दावा भी कर सकते हैं और इसे अपनी आय पर कर भुगतान के रूप में दिखा सकते हैं। इसे संबंधित व्यक्ति के अग्रिम कर भुगतान के रूप में भी समायोजित किया जा सकता है।

**चिकित्सा/शैक्षिक उद्देश्य में क्या शामिल है?** - मामले से जुड़े आरबीआई के सर्कुलर के मुताबिक, चिकित्सा प्रयोजन में चिकित्सा उपचार, दवा और अन्य दैनिक खर्चों की लागत शामिल है।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

# जीवन को मिला है नया हौसला नयी उमंग



# 1.31 करोड़

## लाड़ली बहनों को

## अब हर महीने


# ₹ 1250

## बढ़कर मिलेंगे

# ₹ 3000



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-16309/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023